संसेक्स 72,996.31 ▲ +526.02
डॉलर 83.341 ▼ -0.000

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 35.0 | 21.0 | 29.0 |
| धनबाद | 35.0 | 22.0 | 29.0 |
| जमशेदपुर | 40.0 | 22.0 | 32.0 |
| पलामू | 37.0 | 21.0 | 30.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, चैत्र कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 28 मार्च 2024, वर्ष-25, अंक-56, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय — गाजा पट्टी में युद्ध विराम की ... 08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
महाविकास आघाड़ी में सीटों के बंटवारे का ...12 — देश-विदेश

# गत चार दिनों में हुई दो डबल मर्डर सहित 5 हत्या से पलामू में दहशत

## रोज हो रही घटना

**रविवार :** शाहपुर सेमरटांड कोयल नदी में दो युवकों राजेश कुमार एवं सुजीत भुइयां उर्फ बौधा की हत्या

**सोमवार :** होली मिलन समारोह में जमकर चाकूबाजी हुई, दो सगे गंभीर रूप से जख्मी

**मंगलवार :** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या

**बुधवार :** घर में घुसकर राजमोहन पोलू और एक अन्य की गोली मारकर हत्या कर दी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। लगातार हत्या और छूरेबाजी से लोग दहशत में है पुलिस के इकबाल को अपराधी खुले आम चुनौती दे रहे हैं। जिला मुख्यालय में महज चार दिन के अंदर दो डबल, एक सिंगल मर्डर और छूरेबाजी में दो सगे भाइयों के गंभीर रूप से घायल होने से सनसनी फैल गई है। हत्या का यह सिलसिला रविवार सुबह डबल मर्डर से शुरू हुई। सोमवार को चाकूबाजी, मंगलवार रात एक और हत्या बुधवार दोपहर फिर डबल मर्डर से लोग ही नहीं अधिकारी भी सकते में हैं।

मंगलवार की रात साढ़े दस बजे चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर और फिर गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम मनोज चौधरी है। बताया गया है कि दो दिन पहले उसका अपने चचेरे भाई से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मंगलवार की रात मनोज कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी रहा था, तभी उसके चचेरे भाई ने कुछ अन्य लोगों के लोग मिलकर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे पलामू स्थित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक मनोज चौधरी का आपराधिक बैकग्राउंड रहा है। अभी इस घटने की तपीश कम भी नहीं हुई थी कि महज 15 घंटे के बाद चैनपुर थाना क्षेत्र के कोयल तट पर स्थित शाहपुर में बुधवार की दोपहर अपराधियों ने पूर्व पेट्रोल पम्प मालिक राजमोहन पोलू व एक अन्य की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों शव राजमोहन के आवास से बरामद हुआ है। एक शव की शिनाख्त मजदूर राकेश दास के रूप में हुई है। समझा जा रहा है कि बीच बचाव के कारण अपराधियों ने पोलू के साथ उसकी (मजदूर ) भी गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार राजमोहन पोलू हत्या के एक मामले में सजायफ्ता था और हाल के महीनो में ही वह जेल से बाहर निकला था।

घटना की सूचना के बाद एसपी रिष्मा रमेशन घटना स्थल पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस खोजी कुत्ते के सहारे हत्यारों तक ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर





पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों के सुराग मिले हैं। पुलिस को इस मामले के उद्भेदन में सफलता मिलेगी।
**रिश्मा रमेशन–पलामू, एसपी**

### होली मिलन में चाकूबाजी, दो सगे भाई जख्मी, रिम्स रेफर

**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द में देवी मंडप के पास सोमवार की रात होली मिलन कार्यक्रम के दौरान जमकर चाकूबाजी हुई, जिससे दो सगे भाई जख्मी हो गए। इनमें से एक को बेहतर इलाज के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। हालांकि उसका इलाज मेडिका में चल रहा है। उसके सीने की नश कट गयी है। युवक की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। जख्मी युवकों में सिंगरा खुर्द के गुंजन शुक्ला और धीरज शुक्ला पिता विजय शुक्ला हैं। गुंजन शुक्ला को रेफर किया गया है।

### पूर्व में पारा शिक्षक था मनोज

मृतक मनोज पूर्व में पारा शिक्षक की नौकरी कर चुका था। उसकी अपराधिक गतिविधियों के कारण उसे नौकरी से हटा दिया गया था। हालांकि अलग अलग घटनाओं में गत तीन दिनों में मारे गए पांच लोगों में चार लोग अपराधी प्रवृति के थे। जिनके खिलाफ थानो में अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने हत्या के दो मामलों के मुख्य आरोपियों को गिफ्तार कर लिया है। बहरहाल एक के बाद एक लगातार हो रही हत्या की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है।

### होली के जश्न पड़ा फीका, सूबे में 16 की मौत

होली इस बार प्रदेश में दो दिन 25 और 26 मार्च को मनाया गया। आम तौर पर पूरे प्रदेश में जश्न का माहौल देखा गया। वहीं कुछ लोगों ने जश्न के इस माहौल को बिगाड़ने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी। दरअसल झारखंड के अलग अलग जिलों में घटना-दुर्घटना में 16 लोगों की मौत हो गयी। जिनमें तीन लोगों की हत्या कर दी गयी और 13 लोगों की दुर्घटना में मौत हो गयी। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## जरा हट के

# गुजरात में है देश का इकलौता एक मतदाता वाला मतदान केंद्र



### एक वोट के लिए 15 लोगों का स्टाफ करता है पोलिंग की व्यवस्था

### गिर सोमनाथ जिले के गिर गढ्डा का वाणेज गांव

**एजेंसी। गिर सोमनाथ**

गिर के घनघोर जंगल के बीच स्थित बाणेज आश्रम लोकसभा चुनाव से पूर्व एक बार फिर चर्चा में है। जिले के कलक्टर दिग्विजय सिंह जाडेजा ने बाणेज आश्रम क्षेत्र के इकलौते वोटर गंगेश्वर महादेव मंदिर के महंत हरिदासजी के लिए बने मतदान केन्द्र के आसपास क्षेत्र की खुद साफ-सफाई की। गिर सोमनाथ के जंगलों के बीच बाणेज आश्रम स्थित है, जहां बाण गंगेश्वर महादेव का मंदिर स्थित है। कलक्टर दिग्विजय सिंह ने मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर और आसपास क्षेत्र की स्वयं सफाई की। इस आश्रम में एकलौते वोटर आश्रम के पुजारी महंत हरिदासजी हैं। इनके लिए चुनाव आयोग ने यहां एक मतदान केंद्र बनाया है। इस मतदान केन्द्र के लिए 15 लोगों का स्टाफ ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा मणिपुर की एक सीट शामिल है।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,750
चांदी (1 किलो) 80,500

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## आज के मैच




**समय : 28 मार्च, 7:30 बजे से**
**स्थान : जयपुर**




## एक नजर

### एनआईए के नए प्रमुख होंगे सदानंद वसंत दाते



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी सदानंद वसंत दाते एनआईए के नए प्रमुख होंगे। पीयूष आनंद को एनडीआरएफ महानिदेशक और राजीव कुमार शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। सदानंद वसंत दाते और राजीव कुमार शर्मा भारतीय पुलिस सेवा के 1990 बैच से हैं जबकि आनंद 1991 बैच के हैं। तीनों अधिकारी 31 मार्च को तीन मौजूदा प्रमुखों की सेवानिवृत्ति पर कार्यभार संभालेंगे। सूचना मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार को एनआईए, एनडीआरएफ और पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो के लिए नए प्रमुखों की नियुक्ति को मंजूरी दी।

## आजकल




**रवींद्र पांडेय हो सकते हैं कांग्रेस में शामिल, धनबाद से मिल सकता है टिकट**

# खूंटी से कालीचरण, हजारीबाग से जेपी पटेल और लोहरदगा से सुखदेव कांग्रेस प्रत्याशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कांग्रेस के दिल्ली मुख्यालय में कांग्रेस चुनाव कमेटी की बैठक में कुल 14 सीटों सहित झारखंड के तीन सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी गई है। इसमें खूंटी से कालीचरण सिंह मुंडा, हजारीबाग से जयप्रकाश पटेल व लोहरदगा से सुखदेव भगत का नाम शामिल है। रांची सीट पर फिलहाल निर्णय नहीं लिया गया है। यहां से सुबोधकांत सहाय प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड विधायक दल के नेता आलमगीर आलम मौजूद थे। इसके अतिरिक्त कांग्रेस उत्तर प्रदेश के चार, तेलंगाना के चार व मध्य प्रदेश के तीन प्रत्याशियों के नाम की सूची भी जारी की है।

इसबीच गिरिडीह के पूर्व भाजपा सांसद रवींद्र पांडेय दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे हुए हैं, उनके कांग्रेस में शामिल होने की सूचना आ रही है। बताया जा रहा है कि पार्टी उन्हें धनबाद से प्रत्याशी बना सकती है।

### सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा के दिलीप घोष को ईसीआई का नोटिस

**नई दिल्ली।** ईसीआई ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के दौरान महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियों के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और भाजपा के दिलीप घोष को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया। कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रभारी सुप्रिया श्रीनेत ने शोसल मीडिया पर एक पोस्ट में मंडी से भाजपा की उम्मीदवार अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। हालांकि बाद में उन्होंने पोस्ट हटा लिया। उधर, भाजपा सांसद दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। आयोग ने दोनों नेताओं की टिप्पणियों को अशोभनीय और खराब पाया। भाजपा के दिलीप घोष ने सीएम ममता बनर्जी पर उनके पिता को लेकर तंज कसा था, जिस पर विवाद पैदा हो गया। भाजपा सांसद ने प्रेस से बात करते हुए कहा था, "ममता जहां भी जाती हैं, खुद को उस राज्य की बेटी होने का दावा करती हैं। उन्हें पहले अपने पिता की पहचान करनी चाहिए कि वह किसकी बेटी हैं।"

### झारखंड के बासुकी नाथ मंदिर के गर्भगृह में महिला श्रद्धालु की मौत

**दुमका।** दुमका जिले के प्रसिद्ध बासुकीनाथ धाम मंदिर के गर्भगृह में बुधवार को पूजा के दौरान एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। महिला का नाम पिंकी देवी बताया गया है, जो देवघर जिले के पालोजोरी से अपने परिजनों के साथ पूजा करने पहुंची थीं। बताया जा रहा है कि मंदिर के गर्भगृह में अत्यधिक भीड़ के बीच महिला ने बेचैनी महसूस की और मुर्च्छित होकर गिर पड़ी। महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राज्य में मॉर्निंग कोर्ट एक अप्रैल से शुरू

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में एक अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई शुरू हो जाएगी। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई शुरू करने की सूचना जारी कर दी है। मॉर्निंग कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था 29 जून तक चलेगी।

# हजारीबाग में जेजेएमपी के कमांडर सहित 5 हार्डकोर नक्सली हथियारों के साथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग में प्रतिबंधित संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के पांच नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि उनके पास से कई हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में राजेश गंझू का ओहदा नक्सली संगठन में सब जोनल कमांडर का है। उसके खिलाफ चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में अपहरण, हत्या, फिरौती, लेवी, रंगदारी, आगजनी, लूट और हथियार कानून के तहत 13 से अधिक मामले दर्ज हैं। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गत 14 मार्च को बड़कागांव के बलोदर गांव में एक पुल और सड़क निर्माण कंपनी की साइट पर हमला बोलकर कई गाड़ियों में आग लगा दी थी। वह ठेकेदारों, दुकानदारों, होटल संचालकों, बस मालिकों से लगातार रंगदारी की मांग कर रहा था। राजेश गंझू के अलावा नक्सली संगठन के जिन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें सुलेंद्र गंझू, एरियल सिंह, सुनील कुमार यादव और प्रिंस कुमार सिंह शामिल हैं।



### चिपुरभट्टी मुठभेड़ में डिप्टी कमांडर के साथ 6 नक्सली ढेर, 4 की हुई पहचान

**एजेंसी। बीजापुर**

जिले के नक्सल प्रभावित बासागुड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिपुरभट्टी में पुलिस और नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के बीच आज बुधवार सुबह 08 बजे के बीच हुई मुठभेड़ में छह नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ के बाद दो महिला नक्सली व चार पुरुष नक्सली के शव बरामद किया गया है। जिसमें से चार नक्सलियों की शिनाख्त डिप्टी कमांडर प्लाटून नम्बर 10- नागेश, नागेश की पत्नी सोनी और प्लाटून नम्बर 10 के सदस्य गंगी एवं आयतु के रूप में की गई है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद एवं दैनिक उपयोग की सामग्री जब्त की है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना व्यक्त की गई है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि होली के दिन बासागुड़ा में नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की हत्या के बाद मुखबिरों से जानकारी मिली कि बासागुडा ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया — बैनर पोस्टर विक्रेता निराश और शर्मनाक होता सोशल मीडिया का दुष्प्रचार


सुनील बादल

***जीते*** हुए नेताओं से अधिक हारे हुए नेताओं को और प्रचार सामग्री बनाने वालों को चुनाव का इंतजार रहता है कि कब लॉटरी लग जाए पर अब जबकि लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका तो उन्हें आस लगी थी कि पार्टियों को अपने प्रचार अभियान की दस्तक घर घर पहुंचाने के लिए पोस्टर बैनर की अवश्यकता पड़ेगी पर 1985 से चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के लिए बैनर-पोस्टर तैयार करने वाले बड़े सप्लायर अनुपम आर्ट्स को अब तक कोई बड़ा ऑर्डर नहीं मिला है। चुनाव में बढ़ते आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस और डिजिटल टेक्नोलॉजी ने प्रिंटिंग कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी है। अनेक प्रिंटिंग प्रेस को अब तक कोई बड़ा ऑर्डर नहीं मिला है। 2019 में 25 लाख पोस्टर और पैम्फलेट छापने वाले गुवाहाटी के अनिर्बाण प्रिंटर्स के प्रसन्नजीत दास को 35 हजार पोस्टर प्रिंट करने के लिए मिले हैं। बॉम्बे मास्टर प्रिंटर्स एसोसिएशन ने बताया कि पिछले तीन से चार वर्षों में सोशल मीडिया और एआई एल्गोरिदम के साथ दलों का प्रिंटिंग से फोकस हटा है। एमपी के इंदौर में चुनाव प्रचार सामग्रियों के प्रमुख विक्रेता संतोष जैन का कहना है कि पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार प्रचार सामग्रियों की खरीद-बिक्री काफी कम है। आयोग की सख्ती के कारण प्रत्याशी बड़े पैमाने पर प्रचार सामग्री नहीं खरीद रहे हैं। सूचना क्रांति योजना, सस्ते मोबाइल फोन और सस्ता डाटा होने के कारण अधिकांश हाथों में मोबाइल फोन हैं। यह ऐसा माध्यम है, जिससे सीधे सूचनाओं को पहुंचाया जा सकता है। किस वर्ग को, किस समय और कौन सा संदेश भेजना है, यह भी आसान है। इसलिए परंपरागत माध्यमों की बजाय डिजिटल कैंपेनिंग की मांग बढ़ रही है। झंडे, बैनर-पोस्टर व अन्य पारंपरिक प्रचार सामग्रियों के विक्रेताओं का कहना है कि चुनाव आयोग की सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। पूरे दस्तावेज बिल-रसीद पास हों, तब भी जांच की सख्ती कम नहीं होती। इस वजह से प्रत्याशी बड़े पैमाने पर प्रचार सामग्री नहीं खरीद रहे। निर्वाचन खर्च बचाने के लिए अपने नाम के बजाय पार्टी के रंग से द्वार तोरण आदि बनवा रहे हैं, जिससे प्रचार भी हो जाए और प्रत्याशी के खाते में प्रचार का व्यय न जुड़ सके।



चुनाव से पहले से ही यूट्यूब, रील्स, इंस्टाग्राम और एक्स पर नेताओं के बारे में दुष्प्रचार और मजाक उड़ाने वाली सामग्री की भरमार थी जिससे पब्लिक को भ्रमित किया जा सके पर अब इसकी बाढ़ सी आ गई है। इसके केंद्र में फेसबुक रहता है और अब यह चुनावी लड़ाई शर्मनाक मोड़ ले चुकी है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और बीजेपी के दिलीप घोष को महिलाओं के सम्मान और गरिमा के खिलाफ अपमानजनक, आक्रामक और अपमानजनक टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीजेपी ने कंगना राणावत के खिलाफ सोशल मीडया पोस्ट तो वहीं टीएमसी ने दिलीप घोष के ममता बनर्जी को लेकर दिए बयान पर चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी। भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई ने मंडी लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी और अभिनेत्री कंगना राणावत के विरुद्ध सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया हैंडल से कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर की शिकायत राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) से की और दोनों नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा की शिकायत में कहा गया है कि कांग्रेस नेताओं ने उसके लोकसभा उम्मीदवार राणावत को नीचा दिखाने के लिए सोशल मीडिया का दुरुपयोग किया है। भाजपा नेता दिलीप घोष के खिलाफ टीएमसी ने शिकायत दर्ज कराई थी। सुप्रिया श्रीनेत के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर दिए गए अपने विवादास्पद बयान पर खेद जताया।

# दिल्ली हाईकोर्ट से केजरीवाल को राहत नहीं, अगली सुनवाई 3 को

### मुख्यमंत्री पद से हटाने की याचिका पर सुनवाई आज

### एलजी ने कहा-'मैं लोगों को भरोसा देता हूं कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी'



**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोवर कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली तो दिल्ली हाई कोर्ट गये। हाईकोर्ट ने भी गिरफ्तारी और रिमांड से उन्हें कोई राहत नहीं दी। अगली सुनवाई के लिए तारीख 3 अप्रैल को दिया गया। उधर ईडी को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दे दिया गया। इससे पहले हाईकोर्ट ने इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग को खारिज कर दिया था। अब जब सुनवाई हुई तो मुख्यमंत्री केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी द्वारा दलील दी गई कि गिरफ्तारी अवैध हो तो एक दिन भी बहुत ज्यादा होता है। ईडी की तरफ से सरकारी वकील एएसजी एसवी राजू ने अदालत में दलीलें दीं। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील में कहा था कि आचार संहिता के दौरान एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। यदि आप समान खेल के मैदान को ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### नन्हे रोजेदार



नाम : मिरकत नेजामी
उम्र : छह वर्ष
पिता : सैयद आफताब चिश्ती
माता : मिशकत नेजामी

### छुरेबाजी में एक की मौत

**रामगढ़।** गोला प्रखंड अंतर्गत हेमतपुर स्थित वनांचल कांकास्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सोमवार शाम मजदूरों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसमें धारदार हथियार का उपयोग किया गया। झगड़े में एक मजदूर की मौत हो गई। बताया गया कि हमला करने वाले मजदूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार बिहार के छपरा के रहने वाले एक मजदूर ने चतरा जिला के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के एक मजदूर बिपत भारती को चाकू से घायल कर दिया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायल मजदूर की इलाज के क्रम में मौत हो गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत

**मांडर।** मंगलवार की शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रेफरल अस्पताल मांडर के निकट हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मांडर बाजार टांड़ निवासी 21 वर्षीय मनोज उरांव और टांगर निवासी राजूराम व अनुज उरांव बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनके बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में मनोज और अनुज को प्राथमिक उपचार के लिए रेफरल अस्पताल मंडल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मनोज की मौत हो गई। मनोज झारखंड से बाहर रहकर कहीं काम किया करता था। होली के दौरान वह छुट्टी मनाने घर आया था।

### कुएं से शव बरामद

**मांडर।** थाना क्षेत्र के पुंगी मोड़ के निकट लछू उरांव के कुएं से बुधवार की शाम लगभग 4 बजे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव की पहचान पुंगी के ही 30 वर्षीय वासुदेव उर्फ बुदू महतो के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार गांव का एक व्यक्ति कुंए के बगल से गुजर रहा था। तभी उसकी निगाह कुएं के अंदर तैर रही है शव पर पड़ी। सूचना पाते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को रस्सी लगाकर बाहर निकाला गया।

### फरार सजायाफ्ता गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही ।** विगत दिनों से फरार चल रहे हैं एक सजाता मुजरिम को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने दी। उन्होंने बताया की संतोष कुमार नामक सजायफ्ता के खिलाफ होली के पूर्व कोर्ट ने वारंट जारी किया था।

---

#### जंगली सुअर के आतंक की सूचना पर गांव पहुंचे विधायक

# विधायक ने वन विभाग को दिया सुअर पकड़ने और पहरा देने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जंगली सुअर द्वारा ग्रामीणों में हमला किये जाने की सूचना पर विधायक भूषण बाड़ा तत्काल पिथरा गांव पहुँचे। साथ दहशत के साये में जी रहे ग्रामीणों से मुलाकात की। विधायक ने ग्रामीणों से पूरे घटना की जानकारी ली। विधायक ने ग्रामीणों के साथ हर पल खड़ा रहने का भरोसा जताया। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों से दूरभाष में बात कर जंगली सुअर को जल्द से जल्द पकड़ने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने वन विभाग के कर्मियों को जंगली सुअर को पकड़ने तक 24 घंटे गांव में ही पहरा देने का भी सख्त निर्देश दिया। ताकि जंगली सुअर के हमले से अन्य किसी भी ग्रामीणों को नुकसान न उठाना पड़े। विधायक ने कहा कि जंगली सुअर दिखाई दे तो ग्रामीण उसे न छेड़ें। किसी भी ग्रामीणों के घर मे शरण लें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सचेत रहें। जंगली सुअर दिखाई देते ही तत्काल वन विभाग को एवं उन्हें सूचना देने की अपील की। ताकि जल्द से जल्द जंगली सुअर को पकड़ा जा सके। साथ ही ग्रामीणों को जान माल की क्षति होने से बचाया जा सके। विधायक के साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, लीला नाग, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन आदि उपस्थित थे।

#### घायल चार ग्रामीणों को भेजवाया अस्पताल

विधायक के गांव पहुंचने पर बताया गया कि जंगली सुअर के हमले से चार ग्रामीण घायल हुए हैं। इसके बाद विधायक ने ग्रामीणों को स्वयं कुर्सी में लादकर घायलों को अस्पताल भेजवाने में सहयोग किया। इसके बाद वे गांव में ही ग्रामीणों की पहरेदारी में अपने कार्यकताओं के साथ डटे रहे। उन्होंने ग्रामीणों को नहीं घबराने का सांत्वना दी।

# रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
रांची जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस कमिटी का विस्तार बुधवार को रांची विकास में किया गया । अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर को कमिटि के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर द्वारा पार्टी के चयनित पदाधिकारीयो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें सर्टिफिकेट भी दिया गया। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले लोक सभा चुनाव को देखते हुए सारे कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैदी से लग जाए। चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को चुनाव जीताने का काम करे।

### लापुंग में करंट लगने से किसान की मौत

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के देवगांव पंचायत अंतर्गत सरसा निवासी किसान 36 वर्षीय प्रेम कुमार भगत का करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई । उसकी मौत की खबर से अफरातफरी मच गई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे घघारी सड़क किनारे झरिया तालाब के पास गरमा धान की रोपनी करने गए प्रेम कुमार भगत अचानक करंट की चपेट में आने से खेत में ही छटपटाने लगे तभी घघारी जा रहे श्रद्धालुओं की नजर प्रेम कुमार भगत पर पड़ी। उन्होंने दौड़कर तार में प्रवाहित करंट की चपेट से प्रेम को अलग करने का प्रयास किया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। खबर मिलने पर प्रेम कुमार भगत के दोस्त दशरथ तिर्की भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने लापुंग पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा किया। फिर शव को अपने कब्जे में लेकर रिम्स पोस्टमार्टम करने के लिए रिम्स भेज दिया।

#### लापुंग प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार होली

# निकली हुड़दंगियों की टोली लोगों को किया रंगों से सराबोर



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के दर्जनों गांवों में धूमधाम से मनाई गई रंगों का त्योहार होली। कहीं सोमवार तो कहीं मंगलवार को खेली गई होली। ककरिया में निकली हुड़दंग होली की टोली और घर घर जाकर लोगों को रंगों से किया सराबोर। लापुंग प्रखंड के कोंयसारा , पोकटा, सेमला, फतेहपुर, ककरिया, दोलैचा, लालगंज, सुकुरहुटू, दानेकेरा, सरसा, नावाटोली, लतरातु, देवगांव, महुगांव, गुदगुद बोकरन्दा, बड़काकुरा सहित दर्जनों गांवों में रंगों का महापर्व होली के दौरान लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों की टोलियों ने अलग-अलग गांवों में राहगीरों को रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। लापुंग के बिरसा चौक के निकट बेड़ो पुरनापानी सड़क किनारे अंडा फोडो.प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। ककरिया में होली के दौरान होली हुड़दंग पार्टी ने गाजा बाजा के साथ शोभायात्रा निकाली। घर घर जाकर लोगों को रंग और गुलाल लगाया। इस दौरान कपड़ा फाड़ होली भी मनायी गई। हिंदू जागरण मंच, विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। होली के मौके पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए। इस मौके पर पारंपरिक रूप से लोगों के घरों में जाकर बड़े बुजुर्गों का पैर छूकर गोड़लगी कर आशीर्वाद लिया। वहीं होली की सुबह पारंपरिक हथियारों के साथ शिकार का आयोजन किया गया।

### भोलुवा टुंगरी पहाड़ पर शिव मंदिर में पहली बार शादी संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन खेदाडीह निवासी भूदेव महतो उम्र 52 वर्ष एवं जतरा निवासी रमणी कुमारी उम्र 45 वर्ष दोनों ने भोलुआ टुंगरी पहाड़ पर शिव मंदिर में गांव वालों के समक्ष शादी रचाई। दोनों के परिवार वालों ने उनको आशीर्वाद देकर जीवन खुशहाली पूर्वक बिताने का कामना किया। बताते चले की भोलुवा टुंगरी पहाड़ पर देव महादेव की मंदिर स्थापित किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गांव के शिव मंदिर में पहली बार शादी विवाह संपन्न कराया गया एवं वैवाहिक बंधन के लिए लड़का एवं लड़की शिव भगवान की आशीर्वाद लेकर अपना जीवन सुखमय पूर्वक बिताते रहे यही हम लोगों की इच्छा है। पहली बार मंदिर में शादी पंडित ने पूरे विधि विधान और मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया। मौके पर दोनों गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# शहाबुद्दीन बने अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मंजूर जिला अल्पसंख्यक सचिव मनोनीत



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी के निर्देश पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष शमीम अख्तर अंसारी द्वारा सिल्ली प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहाबुद्दीन अंसारी को बनाया गया है। मंजूर मोमिन को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया है। इनके मनोयन पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, सिल्ली पश्चमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो, पूर्वी मंडल अध्यक्ष भूतनाथ मंडल,सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष मनीराम दास, सचिव बलराम महतो, योगेंद्र कोईरी, भागीरथ महतो, सिल्ली प्रखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनिता कुमारी,सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक, सदानंद सोनार, रबिन प्रमाणिक इत्यादि कांग्रेस जनों ने हर्ष जताया।

# मारवाड़ी महिला सम्मेलन का राष्ट्रीय अधिवेशन पारसनाथ में कल से





**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के सत्र 2022-24 का समापन श्री सम्मेद शिखर जी, पारसनाथ में 29 एवं 30 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के रूप में होगा। इस अधिवेशन की मुख्य अतिथि प्रभा जी भैया होंगी। उन्होंने चित्रकला, मूर्ति कला, साहित्य एवं सेल्फ डिफेंस की तकनीकों के प्रशिक्षण में परचम फहराने के साथ तैराकी में दुबई की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में गत वर्ष 76 वर्ष की आयु में चार गोल्ड मेडल जीते। अधिवेशन की विशिष्ट अतिथि साहित्यकार व्यंजना आनंद 'मिथ्या' होंगी, जिनकी लेखनी से अनवरत रचनाएं एवं पुस्तकें सृजित हो रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने बताया कि इस अधिवेशन में विगत 2 वर्षों में किए गए कामों की समीक्षा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, आगामी सत्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष ओडिशा की अंजू सरावगी को पदस्थापित किया जाएगा। यह सारा कार्यक्रम पारसनाथ के विशाल 'गुणायतन सभागार' में होगा, जिसमें पूरे भारतवर्ष से लगभग 800 महिलाएं शामिल होंगी। सभी का स्वागत हल्दीघाटी की मिट्टी का तिलक लगाकर किया जाएगा। किन्नरों द्वारा प्रसाद व आशीर्वाद भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रदेशों की रैली निकलेगी, जिसमें स्लोगन के साथ उस प्रदेश की संस्कृति (गोपी नृत्य रूप में) की भी झलक होगी ।शाम को विभिन्न प्रदेशों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 'वीरांगना थीम' पर प्रस्तुत किया जाएगा। सभी बहनों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था 'सिद्धायतन भवन' में की जा रही है।

#### चुनाव — उपायुक्त ने की वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित बैठक

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जागरूकता अभियान चलाने के लिए दिए दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया. उपायुक्त ने इस दौरान लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की. उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी विभागों के कार्यालय प्रधान को निर्देशित करते हुए कहा कि वोटर अवेयरनेस फोरम का मुख्य कार्य लोकसभा चुनाव के बारे में अपने सभी कर्मचारीयों और उनके परिवारों को एपिक नंबर के मतदाता सत्यापन करने की जानकारी उपलब्ध कराना तथा नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है.। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कमीर्यों के परिवार के सदस्यों का ए.पि.क. कार्ड होना अनिवार्य है। आपके परिवार में अगर कोई बच्चा जो 1अप्रैल 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण होने का अहर्ता रखता है तो उसका फॉर्म -6 भरने तथा एनरोलमेंट कराने की बात कहीं। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि अपने कमीर्यों को नैतिक मतदान करने की जानकारी दें।सभी कर्मी अपने परिवार के सदस्यों को वोट करने के लिए प्रेरित करें । उन्होंने ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए बूथ स्तर तक चुनाव पाठशाला आयोजित कर प्रेरित करें। पारिवारिक मतदान को सफल बनाने के लिए दिन प्रतिदिन जागरूक करने की गतिविधि अपनाएं जिससे निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित 80 प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकें। इसके लिए स्वीप कोषांग द्वारा व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया।नए मतदाताओ को अधिक से अधिक जोड़ने का निर्देश दिया।मौके पर आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एलआरडीसी श्रीमती अरुणा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी गण, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

#### पुलिस उप महानिरीक्षक ने अंतरराज्यीय सीमा का किया निरीक्षण

# बाहर से आने-जाने वाले वाहनों को जांच करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक द. छो. अनूप बिरथरे एवं सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने अंतर राज्य सीमा पश्चिम बंगाल से सटे मुरी, दुलमी, श्यामनगर, सोनाहातू इत्यादि सीमा का निरीक्षण किया ताकि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराया जा सके। सीमा पर तैनात पदाधिकारी एवं बल को मौके पर चुनाव संबंधी और सुरक्षा दृष्टिकोण को देखते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सीमा पर तैनात पदाधिकारी एवं बल को 24 घंटे सीमा से हर आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन को जांच करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जांच में मादक पदार्थ, अवैध शराब, अवैध नगद, संदिग्ध अन्य नशीले पदार्थ, अवैध हथियार एवं अन्य चुनाव को प्रभावित करने वाले वस्तुओं के विरुद्ध सघन चेकिंग करने और चुनाव से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार, मुरी ओपी के थाना प्रभारी कुंदन सिंह एवं सोनहातू के थाना प्रभारी चंदन कुमार समेत सशस्त्र बल मौजूद रहे।

---

## न्यूज बॉक्स

### श्री महावीर मंडल ने प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन कर लगाई हनुमान ध्वजा



**रांची।** महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में पुजारी शारदा मिश्रा ने मंगलवार को श्री महावीर मंडल, रांची के पदाधिकारियों एवं श्री राम भक्तों के सानिध्य में श्री हनुमान ध्वजा का विधिवत पूजन कराया। इस अवसर पर झंडा पूजन सभी श्री राम भक्तों ने किया। इसी के साथ मंदिर परिसर में विशेष आरती श्रद्धालु भक्तों ने हनुमान जी की भी की। पूजन के बाद मंदिर परिसर में श्री हनुमान ध्वजा को सभी भक्तों ने मिलकर लगाया। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजा सेनगुप्ता, मंत्री दीपक ओझा, किशोर साहू, राजीव रंजन मिश्रा, सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत, प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, रोशन अग्रवाल, गोपाल पारीक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस अवसर पर श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक झंडाधारियों, अखाड़ाधारियों को माला पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर भगवान को बुंदिया का भोग लगाकर लोगों के बीच उस प्रसाद का वितरण किया गया।

### खलारी में धूमधाम से मना होली का पर्व



**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। रविवार रात सवा ग्यारह बजे होलिका दहन किया गया। मंगलवार को होली मनाई गई। सोमवार से ही होली का उमंग दिखने लगा था। कुछ लोग सोमवार को भी होली के रंग में दिखे। मंगलवार सुबह से ही बच्चे अपने पिचकारियों में रंग भरने लगे। जब तक रंग नहीं मिला पानी से ही सड़क पर आने जाने वालों को भिगोते रहे। छोटे बच्चे, किशोर, युवा सभी अपनी अपनी टोली में होली खेलते दिखे। महिलाएं, युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रही। महिलाओं की टोली सुबह का घरेलु कामकाज निपटाकर होली खेलने निकली। इधर खलारी के श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी से लंबे समय बाद लोग टोली बनाकर एसीसी कालोनी, केडी हिन्दूगढ़ी चौक आदि जगहों में घूमे। ढोलक, झाल के साथ युवा, बुजुर्ग होली के गीत गाते वापस जानकी रमन मंदिर लौट आए। कई जगहों पर युवा डीजे बजाकर होली के गीतों पर झूमते रहे। सीसीएल परियोजनाओं में जिनकी डिउटी थी वे कार्यस्थल पर ही एक दूसरे को गुलाल लगाए। कोई भांग, शराब के साथ होली मना रहा था तो कोई अबीर गुलाल से ही मदमस्त दिखा। हर कोई होली के रंग में डूबा रहा। अनेक लोग अपने घरों में ही पकवान का आनंद लेते रहे। सोशल मीडिया पर भी होली की बधाई का आदान प्रदान होता रहा। शाम को लोग अबीर गुलाल लेकर आस पड़ोस व रिश्तेदारों के घर गए, पैर छूकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और पकवान का आनंद उठाया। खलारी के पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी के निर्देशन में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह व मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविन्द कुमार द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### डकरा में दो गुटों में झड़प, एक युवक जेल भेजा गया

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा में युवकों के दो गुटों में आपसी झड़प में आकाश सिंह नामक युवक को बुधवार को जेल भेज दिया गया। घटना होली के दिन की है। डकरा में युवकों के दो गुटों में आपसी झड़प हो गया। कारण सीसीएल में होने वाला टेंडर बताया जा रहा है। झड़प के बाद दोनो पक्ष खलारी थाना पहुंच गए। पुलिस कई युवकों को पूछताछ के लिए थाना ले आई। इसी क्रम में जांच के दौरान आकाश सिंह के वाहन से एक गोली के साथ एक मैगजीन बरामद हुआ। अन्य युवकों को पूछताछ के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इधर थानाक्षेत्र के ही जेहलीटांड़ तथा डकरा खटाल में भी होली के दिन आपसी झड़प की सूचना मिली है। थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं है। कानून हाथ में लेने वाले किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा।

### पीएलएफआई उग्रवादियों की तलाश में हुई छापेमारी



**खलारी।** पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में पीएलएफआई उग्रवादियों के विरूद्ध छापेमारी की गई। खलारी से सटे चान्हो थाना क्षेत्र के नकटा पहाड़ एवं आसपास के जंगली, पहाड़ी क्षेत्रों में छापेमारी का अभियान चलाया गया। इस दौरान संदेह होने पर कई ग्रामीणों से पूछताछ भी की गई। डीएसपी खलारी ने बताया कि पुलिस को पीएलएफआई उग्रवादियों के छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। इसी के मद्देनजर छापेमारी अभियान चलाया गया। बताया कि रांची जिला से सटे चंदवा (लातेहार) की सीमा तक छापेमारी अभियान चलाया गया। कहा कि खलारी पुलिस अनुमंडल के थाना क्षेत्रों में उग्रवादियों अपराधियों के विरूद्ध पुलिस का अभियान जारी रहेगा। छापेमारी में डीएसपी खलारी के अलावा थाना प्रभारी चान्हो व एसएसबी जवान शामिल थे।

### मुरी, सिल्ली एवं आसपास के क्षेत्र में होली धूमधाम से संपन्न



**सिल्ली।** मुरी सिल्ली एवं आसपास के क्षेत्र में रंगों के त्यौहार होली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। लोग होली के पर्व दो दिन होने के कारण क्षेत्र में दो दिनों तक होली मनाई गई।वही लोगों ने आपस में रंग, अबीर,और गुलाल लगाकर एक दूसरे के घर जाकर गले मिलकर एक दूसरे को बधाईयाँ दिया। यह त्यौहार भाईचारे का संदेश के प्रतीक है। इस त्यौहार में दुश्मन को भी दोस्त बना लिया जाता है। इस दिन दुश्मन से भी गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया जाता है। दूसरी और छोटे-छोटे बच्चे ने भी अपने आस-पास में रंगों का त्यौहार होली खेलते हुए देखे गये। बड़ों से ज्यादा बच्चों में उमंग एवं खुशियाली देखी गई दूसरी ओर पर्व में महिलाओं के द्वारा एक से बढ़कर एक पकवान बनाया गया।

# संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर पर बीएयू को मिला ट्रेडमार्क

## उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने दी स्वीकृति

- यह पॉलीहाउस को सालों भर खेती के लिए उपयुक्त बनाता है
- गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर हो सकता है लाभप्रद उत्पादन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर लाभकारी और टिकाऊ उत्पादन किया जा सकता है। भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक के कार्यालय ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थायी शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क स्वीकृत कर दिया है।

छत विस्थापित पॉलीहाउस को ट्रेडमार्क प्रदान किए जाने से संबंधित आवेदन को महानियंत्रक द्वारा प्रॉसेसिंग के लिए स्वीकार कर लिया गया है। बीएयू में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के सहयोग से चल रही कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक अभियांत्रिकी संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद दोनों प्रौद्योगिकी विकसित की है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने झारखंड के छोटे किसानों के हित में हुए इस तकनीकी आविष्कार पर प्रधान अन्वेषक डॉ प्रमोद राय तथा एसोसिएट डीन डीके रूसिया को बधाई दी है।

डॉ प्रमोद राय ने बताया कि खेती वाली सब्जियों की उत्पादकता और गुणवत्ता आनुवंशिक सामग्री, फसल प्रबंधन और सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन द्वारा प्रभावित होती है। मृदा एवं वायु तापक्रम, प्रकाश गहनता एवं गुणवत्ता, सापेक्षिक आद्रता, कार्बन डाइऑक्साइड आदि सूक्ष्म जलवायु पैरामीटर का प्रबंध संरक्षित कृषि तकनीक से होता है। संरक्षित कृषि स्ट्रक्चर का चयन खेती की जाने वाली सब्जी की लाभप्रदता, टिकाऊपन, स्थिर लागत, संचालन लागत और कार्बन फुटप्रिंट को प्रभावित करता है।

मिट्टी और हवा के उच्च तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता के कारण गर्मी के महीने मार्च से मई के दौरान टमाटर और शिमला मिर्च की खेती में बहुत समस्याएं आती हैं। सनबर्न के कारण उत्पादित फल का 50 प्रतिशत से अधिक प्रभावित हो जाते हैं। गर्मी के महीनों में स्थायी ढांचे वाले शेड नेट में टमाटर और शिमला मिर्च की खेती करके समस्या को कम किया जा सकता है। किंतु, इस स्ट्रक्चर में जून से फरवरी के दौरान प्रकाश गहनता वंछित स्तर से कम रहती है, इसलिए अस्थायी शेड नेट स्ट्रक्चर मार्च से मई के दौरान इसकी उपयोगिता बढ़ा देता है। इसके प्रयोग से खुले खेत में खेती की तुलना में सब्जियों की विपणन योग्य गुणवत्ता कम से कम 50 प्रतिशत और उत्पादकता 30 से 40 प्रतिशत बढ़ जाती है।

ग्रीन हाउस प्रभाव के कारण गर्मी के मौसम में प्राकृतिक रूप से वेंटीलेटेड पॉलीहाउस में मिट्टी और हवा का तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता काफी उच्च होती है। प्राकृतिक वेंटिलेशन को सालों भर खेती के अनुकूल बनाने के लिए इसे कम करना आवश्यक है। प्राकृतिक वेंटीलेटेड पॉलीहाउस का प्रयोग साल में सामान्यत 8 से 9 महीना ही हो पाता है। बीएयू द्वारा विकसित छत विस्थापित पॉलीहाउस का निर्माण बांस और आवरण सामग्री से किया जा सकता है। छत छोड़कर पूरा स्ट्रक्चर यूवी स्टेबलाइज कीड़ारोधी सामग्री से आच्छादित रहता है, जबकि छत बारिश और गर्मी के मौसम में यूवी स्टेबेलाइज्ड फिल्म (200 माइक्रोन) से तथा जाड़े के मौसम में शेड नेट सामग्री (हरी, 35-50%) से अच्छादित रहता है। यह विकसित स्ट्रक्चर नवंबर से फरवरी तक पॉलीहाउस, जून से अक्टूबर तक रेन शेल्टर तथा मार्च से मई तक शेड नेट के रूप में कार्य करता है। यह मृदा एवं वायु तापक्रम तथा प्रकाश की तीव्रता घटाकर पॉलीहाउस को सालों भर खेती के लिए उपयुक्त बनाता है, जिससे सब्जी उत्पादों की लाभप्रदता बढ़ती है तथा कार्बन फुटप्रिंट घटता है।

# आकलन शीट भरने में लापरवाह शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का रुकेगा वेतन

## राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में हुई 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' की समीक्षा बैठक

- आकलन शीट भरकर जमा करने की समय सीमा आज शाम पांच बजे तक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए लागू किए गए 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' के आकलन पत्र भरने में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। साथ ही, उन शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों का वेतन भी रोका जाएगा। स्कूल 28 मार्च की शाम पांच बजे तक 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' की आकलन शीट भरकर जमा करें। ये बातें राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' की समीक्षा बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' की असेसमेंट शीट को केवल भरना नहीं है। असेसमेंट शीट में दिए गए मानकों के आधार पर स्कूलों में वातावरण विकसित हो, यह भी सुनिश्चित करना है। स्कूलों में केवल पढ़ाई नहीं, पाठ्येतर



गतिविधियां भी जरूरी हैं। मई महीने से राज्य के सभी स्कूलों का राज्यस्तरीय टीम द्वारा औचक निरिक्षण किया जाएगा। आकलन शीट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टॉप फाइव स्कूलों को राज्यस्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, लास्ट फाइव परफॉर्म करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**▸ शिक्षक और प्रधानाध्यापक आपसी समन्वय से कार्य बांटें :**

आदित्य रंजन ने कहा कि शिक्षक और प्रधानाध्यापक आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिम्मेदारी पूर्वक 'प्रोजेक्ट इंपैक्ट' को लागू करवाएं। जिम्मेदारी रजिस्टर को शुरू करके अपने-अपने कार्यों को बराबर बांटे। प्रतिदिन के हिसाब से जिम्मेदारी तय करें।

**▸ हाउस का नाम भौगोलिक विशेषताओं पर रखें :**

आदित्य रंजन ने कहा कि हाउस का नाम राज्य और जिले की भौगोलिक विशेषताओं (ज्योग्राफिकल फीचर) के आधार पर रखें। हॉउस का नाम निर्धारित करते समय उस जिले के प्रमुख स्थलों, नदियों, पर्यटन केंद्रों का नाम शामिल करें। एक जिम्मेदार शिक्षक को हॉउस प्रमुख बनाया जाए। एक हाउस एक सप्ताह तक पूरे प्रातः कालीन सभाओं की जिम्मेदारी लेगा। हाउस का उद्देश्य बच्चों में जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करना है, ताकि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास हो। शिक्षक टोला टैगिंग लगातार करते रहें।

**▸ प्रतिदिन चेतना सत्र अनिवार्य :**

आदित्य रंजन ने कहा कि कक्षाओं में आउटपास सिस्टम लागू करें। एक छात्र दूसरे छात्र की कक्षा में आने के बाद ही बाहर जा सकेगा। स्कूलों में प्रतिदिन 'चेतना सत्र' अनिवार्य है।

# झारखंड में 30 व 31 को होगी भारी बारिश, यलो अलर्ट जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में फिर बारिश और वज्रपात हो सकता है। मौसम विभाग ने बुधवार को झारखंड में दो दिन आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने 30 और 31 मार्च को झारखंड में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इन दो दिनों में पूरे राज्य में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने वज्रपात की घटनाओं को लेकर लोगों को सचेत रहने को कहा है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में मौसम बदलने वाला है। झारखंड में दो दिन तक मौसम खराब रह सकता है। झारखंड में 30 और 31 मार्च को अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ इलाकों में आंधी भी चल सकती है। मौसम विभाग ने दो दिन पूरे राज्य में वज्रपत और झमाझम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी हो सकती है।

## एक नजर


### अग्रवाल सभा के सदस्य बनने की अंतिम तिथि 31 मार्च

**रांची।** अग्रवाल सभा के सत्र 2022-24 के लिए आजीवन सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी, सदस्यता अभियान के संयोजक अजय खेतान एवं जितेश अग्रवाल ने कहा है कि रांची जिला के समस्त अग्रवाल समाज के सभी लोग, जो अग्रवाल सभा के सदस्य नहीं बने हैं, वे 31 मार्च तक आजीवन सदस्यता शुल्क पच्चीस सौ रुपये जमा कराकर रांची अग्रवाल सभा का आजीवन सदस्यता ग्रहण कर समाज को मजबूती प्रदान करें। सदस्यता फॉर्म महाराजा अग्रसेन भवन में भी उपलब्ध है। ये जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा है कि अग्रवाल सभा के सदस्य बनने को मात्र चार दिन बचे हैं।

### बीआईटी मेसरा में विज्ञान में नवप्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कल

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा, रांची का राजभाषा प्रकोष्ठ आगामी 29 मार्च को अभियांत्रिकी और विज्ञान में नवप्रवृत्तियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा। इसका आयोजन दिन में 9.30 बजे से होगा। आरटीईएस - 2024 के तहत यह बीआईटी मेसरा का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होगा। कार्यक्रम में बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना, मुख्य अतिथि डॉ दिव्या सिंह, प्रोफेसर और वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, सीडीआरआई लखनऊ, डॉ ऋचा पांडे, संयोजक, डॉ दिलीप कुमार सिंह, उपसंयोजक डॉ अमित तिवारी और राजभाषा प्रकोष्ठ अधिकारी की उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के लिए सिविल, पर्यावरण और वास्तुकला, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मेसी, जैव प्रौद्योगिकी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, रसायन, यांत्रिक, उत्पादन और रॉकेटरी कंप्यूटर विज्ञान पर आधारित सात समसामयिक विषय भारतभर से 125 से अधिक रिसर्च पत्र प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि यह सम्मेलन बहुभाषी शोध को भी विशेष प्रोत्साहन देगा।

# खनिज निगम के बड़ा बाबू ने की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड के आरजे अपार्टमेंट में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने ही घर में बुधवार को खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान ज्योति प्रकाश के रूप में हुई है। ज्योति प्रकाश (46) नेपाल हाउस स्थित झारखंड खनिज निगम में बड़ा बाबू के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, ज्योति प्रकाश बरियातू थाना क्षेत्र के टैगोर हिल रोड स्थित आरजे अपार्टमेंट में सपरिवार रहते थे। मंगलवार की रात ज्योति प्रकाश खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। बुधवार को लेट तक नहीं उठने पर मृतक की पत्नी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पत्नी ने आसपास के लोगों को बुलाया। फिर लोगों के सहयोग से कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि उनका शव फंदे से लटक रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी सुरेश मंडल ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पत्नी के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### महिला ने की खुदकुशी

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णापुरी स्थित घर में एक महिला ने फंदे से लटक कर बुधवार को खुदकुशी कर ली। महिला की शिनाख्त संध्या देवी (24) के रूप में हुई है। वह टिंकू यादव की पत्नी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृत महिला के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। परिजनों के बयान पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिम्स से पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार, कुख्यात कैदी राजा सिंह गिरफ्तार

- रिम्स से भागने के बाद आरोपी आरआईटी पहुंचा था
- आरआईटी ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के रहने वाले मुरारी सिंह की हत्या करने की योजना बना रहा था



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के कैदी वार्ड से फरार राजा सिंह उर्फ राजू उर्फ पगला को सरायकेला-खरसावां की आरआईटी पुलिस ने कुलुपटांगा से गिरफ्तार किया है। उसे मुन्ना शर्मा के ईंट भट्ठे के पास से पकड़ा गया है। यह जानकारी सरायकेला-खरसावां के एसपी मनीष टोप्पो ने दी। उन्होंने कहा कि राजा सिंह के साथ कुलुपटांगा के रहने वाले प्रकाश गोप उर्फ छोटू गोप को भी पकड़ा गया है।

बताया गया कि राजा सिंह 24 मार्च को कस्टडी में पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इसके बाद रांची से आदित्यपुर आरआईटी थाना क्षेत्र के कुलुपटांगा स्थित मुन्ना शर्मा के ईंट भट्ठे पर पहुंचा। वह रवि शर्मा हत्याकांड के आरोपी मुरारी सिंह की हत्या की योजना बना रहा था। पुलिस ने दोनों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए हैं। एसपी ने बताया की रिम्स से भागने के बाद आरोपी आरआईटी पहुंचा था, जिसके बाद एडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। पुलिस के अनुसार, राजा ने पूछताछ में बताया कि वह आरआईटी ट्रांसपोर्ट कॉलोनी के रहने वाले मुरारी सिंह की हत्या करने की योजना बना रहा था। बता दें कि रवि शर्मा हत्याकांड में मुरारी सिंह भी अभियुक्त रहा है। राजा सिंह के खिलाफ जमशेदपुर, सरायकेला और रांची के बरियातू सहित अन्य स्थानों में कई मामले दर्ज हैं। प्रकाश गोप के खिलाफ आरआईटी थाने में एक आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है। छापेमारी अभियान में आदित्यपुर थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, आरआईटी थाना प्रभारी विनय कुमार, एसआई राजकुमार शाह, आरक्षी उधम सिंह, उमाशंकर सिंह, धीरू रजक और होमगार्ड जवान मनीष प्रसाद सिंह शामिल थे।

# दादी जानकी सक्रिय महिला आध्यात्मिक नेत्री थीं : ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन

- ब्रह्माकुमारी दादी जानकी की पुण्यतिथि वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादी जी को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था
- दादी जानकी जी ने दादी प्रकाशमणि जी के बाद संस्था की प्रमुख प्रशासिका के रूप में विश्व परिवर्तन एवं आध्यात्मिक पुनरूत्थान का कार्य किया है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में हरमू रोड के चौधरी बगान स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में संस्थान के पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रमुख प्रशासिका दादी जानकी जी की पुण्यतिथि को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, 104 वर्ष की उम्र में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दादी जानकी जी का देहावसान हुआ। दादी जानकी का पूरा जीवन समाज सेवा समर्पित रहा है। बचपन से ही दादी जी को इस बात की चिंता बनी रहती थी कि वे किस प्रकार दूसरों के जीवन को सुखी बना सकें। उनकी प्रारंभिक शिक्षा अनेक भारतीय शास्त्रों के अध्ययन से ओत-प्रोत थी। आजादी के तुरंत बाद जाति प्रथा सहित अनेक सामाजिक परंपराओं के बंधनों को तोड़ते हुए दादी जानकी भी एक सक्रिय महिला आध्यात्मिक नेत्री के रूप में उभरीं।



उन्होंने कहा, ब्रह्माकुमारी के साकार संस्थापक ब्रह्म बाबा के सानिध्य में 14 वर्ष तक दादी जी ने गहन योग तपस्या की। वर्ष 1950 में संस्था कराची से माउंट आबू स्थांतरित हो गया, जहां से विश्व सेवाओं का शंखनाद हुआ। वर्ष 1970 में दादी जानकी पहली बार विदेशी जमीन पर मानवीय मूल्यों का बीज रोपने के लिए निकलीं। दादी ने भले की चौथी तक पढ़ाई की थी, परंतु अपने प्यार, स्नेह, अपनापन और मूल्यों की भाषा द्वारा विदेशी जमीन पर भारतीय संस्कृति को स्थापित कर दिया। धीरे-धीरे यह कारवां बढ़ता रहा। आज विश्वभर में लोग भारतीय अध्यात्म और राजयोग मेडिटेशन को दिनचर्या में शामिल कर जीवन को नई दिशा दे रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा, दादी जानकी जी ने दादी प्रकाशमणि जी के बाद संस्था की प्रमुख प्रशासिका के रूप में विश्व परिवर्तन एवं आध्यात्मिक पुनरूत्थान का कार्य किया है। दादी जानकी जी को वैज्ञानिकों द्वारा विश्व भर में 'स्वोंच्च स्थिर मन महिला' की उपाधि दी गई है। दादी जानकी 103 वर्ष की आयु में इतनी ऊजार्वान थीं कि एक वर्ष में भारत सहित दुनिया के कई देशों की यात्रा करते हुए 50 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की, जो अपने आप में एक विश्व रिकार्ड है। उनमें अंतिम समय तक युवाओं जैसा उत्साह देखा गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादी जी को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया था।

उन्होंने कहा, ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित 46 हजार से भी अधिक बहनों की अभिभावक के साथ मां भी रहीं। दादी जी ने अकेले ही सौ देशों में ईश्वरीय पैगाम दिया। ये सब दादी जी के कर्मठ सेवा के प्रति लगन और अथक परिश्रम का की कमाल है। दादी जी ब्रह्माकुमारी संस्था का कुशलता पूर्वक नेतृत्व करते हुए लाखों लोगों की प्रेरणापुंज बनी। दादी जी को देश तथा विदेशों द्वारा कई राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय अवार्डों से नवाजा जा चुका है।

इस अवसर पर दादी जी की स्मृति में सभी को भोग दिया गया तथा सदा मधुरता, सरलता, परोपकारिता, सहानुभूति, विश्व कल्याणी, वरदानी, महादानी दादी जी के कदमों में बापदादा के श्रीमत अनुसार कदम पर चलकर स्वपरिवर्तन से विश्व परिवर्तन की सेवा का दृढ़ता से व्रत लिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### माहेश्वरी समाज ने मनाया होली मिलन सह फाल्गुनोत्सव



**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा, महिला संगठन एवं युवा संगठन रांची ने संयुक्त रूप से माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज का होली मिलन सह फाल्गुनोत्सव मनाया। फाल्गुनोत्सव में कार्यक्रम की संयोजिका रीतिका लाखोटिया ने युवा संगठन के सचिव हेमंत माहेश्वरी और अध्यक्ष विनय मंत्री, महिला संगठन की अध्यक्षा भारती चितलांगिया और सचिव बिमला फलोड़, सभा अध्यक्ष किसन साबू और सचिव नरेंद्र लाखोटिया और झारखंड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राजकुमार मारु, उपाध्यक्ष अनिल साबू और कोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू को मंच पर आमंत्रित किया। सभा अध्यक्ष द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का होलियाना स्वागत हुआ। सचिव द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष और कोषाध्यक्ष का होलियाना स्वागत किया गया। संयोजक अनुनय मंत्री द्वारा सभा अध्यक्ष का और राजेंद्र बिड़ला द्वारा सभा सचिव का, कुमुद लाखोटिया ने महिला समिति अध्यक्षा और सचिव का, गौरव काबरा ने युवा संगठन अध्यक्ष और सचिव का स्वागत होलियाना अंदाज में किया। राखी और स्वेता चांडक ने हास्य नाटिका का मंचन किया। होली के गीतों पर भी सुंदर प्रस्तुति दी। छोटे बच्चे वान्या लाखोटिया, धानिशा लखोटिया काव्य सारडा, प्रिंस माहेश्वरी, दिशा माहेश्वरी, और गौतम माहेश्वरी ने भी होली के गीतों पर नृत्य कर उपस्थित समाज जनों का मन मोह लिया। सभी बच्चों को सभा सचिव और सह सचिव बंसत लाखोटिया ने पुरस्कार और सर्टिफिकेट दिया। रीतिका लाखोटिया ने उपस्थित जनों से होलियाना प्रश्नोत्तरी किया और सही जबाब देने वालों को गिफ्ट दिया। आनंद मालपानी एवं संजय मालपानी नेवड़ी विकास द्वारा चंग ढप की वेहतरीन प्रस्तुति (राजस्थानी लोक गीतों) पर उपस्थित लोग अपने को थिरकने से रोक नहीं सके। महिला, पुरुष और बच्चे सभी ने घंटों नृत्य किया। समाज के गण्यमान्य का स्वागत सभा अध्यक्ष ने किया। अन्य समाजिक संगठनों से आए गण्यमान्यों का स्वागत सचिव ने किया। केसरिया ठंढाई के साथ लजीज व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमप्रकाश बोड़ा, श्यामसुंदर बिहानी, अरविंद सोमानी, मनमोहन मोहता, अंकुर डागा, विभोर डागा, मनोज काबरा, सोविक बोड़ा महिला समिति एवं युवा संगठन के सदस्यों का योगदान रहा। पूर्व राज्य सभा सांसद अजय मारु, जुगल किशोर मारु, विजय मारु, पवन मंत्री, किशोर मंत्री, परेश गट्टानी, अशोक साबू, विश्वनाथ नारसरिया, प्रदीप राजगढिया, ललित पोद्दार, मनोज चौधरी, रमन बोड़ा, नंदकिशोर पटोदिया, मुकेश काबरा, राम बांगड़, दीपक मारु, अमित चौधरी, सौरभ बजाज, कृष्ण शर्मा, चैंबर के पदाधिकारी आदि होली मिलन में उपस्थित हुए।

### समाचार पत्र वितरक बंधुओं ने किया होली मिलन का आयोजन



**रांची।** होली के अवसर पर पिस्कामोड़ सेंटर के समाचार पत्र वितरक बंधुओं ने होली मिलन का आयोजन किया। इसमें सभी प्रेस प्रतिनिधि एवं सभी समाचार पत्र वितरक बंधुओं ने धूमधाम से होली मनाई। मौके पर वीरेंद्र प्रसाद, लालजी मुरारी, पवन दुबे, दिनेश, गोपाल, सूरज, दिलीप, गणेश, रमाकांत, निरंजन मंडल, रंजय मिश्रा, संजय मिश्रा एवं एजेंट सपन मंडल उपस्थित थे। रातू रोड में भी समाचार पत्र वितरक बंधुओं ने धूमधाम से होली मिलन का आयोजन किया। इसमें रिंकू वर्मा, रघुनाथ, संतोष, बिट्टू, विनोद वर्मा, रमेश, बंटी, अनिल, सुनील, रामलाल, अरुण, राहुल, मनोज, महेंद्र, जयराम, एजेंट चंद्रभान सिंह आदि उपस्थित थे।

### होली के दौरान रिम्स में 533 लोगों ने कराया इलाज



**रांची।** राजधानी रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में होली के दौरान 25 और 26 मार्च को 533 मरीज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे थे। रिम्स से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार 25 मार्च को सेंट्रल इमरजेंसी में 203, न्यूरो में 24, ऑर्थो में 10, सर्जरी में 23 और 26 मार्च को सेंट्रल इमरजेंसी में 205, न्यूरो में 23, ऑर्थो में 13 एवं सर्जरी में 32 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने बताया कि होली के दौरान दो दिनों में रिम्स में 533 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे थे। इसमें कुछ मरीज दुर्घटना में घायल हुए थे, जबकि दूसरों को अन्य समस्याएं भी थीं।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का हुआ वितरण

**रांची।** होली एव गुरु महाराज की जनसेवा के 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 141वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण बुधवार को भगवानश्री राज श्यामा जी एवं गुरु महाराज को अर्पित कर किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस डॉ भागवत भास्कर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 140 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफल संचालन किया जा चुका है। 141वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने बच्चों एवं बड़ों के जन्मदिवस और शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख में संस्था के सेवा भावी सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में संस्था के बच्चों एव बड़ों की शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य होली के सुअवसर पर रांची के पुंदाग स्थित संस्था के मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, शिवभगवान अग्रवाल, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी के द्वारा वहां के लगभग 1300 जरूरतमंद ग्रामीणों, मंदिर के आसपास के रहने वाले श्रद्धालुओ, जरूरतमंद परिवार के सदस्यों एवं मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 141वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर अन्नापूर्णा भंडारे मे पूड़ी ,आलू काबुली चना, टमाटर, मिश्रित सब्जी, वेजिटेबल पुलाव एवं केसरिया खीर का वितरण किया गया। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# भाजपा ने पिछड़ी जातियों पर जताया पूरा भरोसा अगड़ों के प्रतिनिधित्व में 50 फीसदी की कमी

**उपेंद्र गुप्ता**

**रांची ।** झारखंड में लोकसभा के सभी 14 सीटों पर जीत के लिए भाजपा ने इस बार सोशल इंजीनियरिंग का सहारा लिया है। हर सीट पर जातीय समीकरण साधने की पूरी कोशिश की है। जातीय समीकरण साधने के लिए पिछड़ी जातियों में कुड़मी, यादव और वैश्य जाति पर खास फोकस किया वहीं दो अगड़ी जातियों राजपूत और कायस्थ को किनारा कर दिया है। कुल मिलाकर गत चुनाव के मुकाबले अगड़ों के प्रतिनिधित्व में 50 फीसदी की कमी कर दी गई है। इससे कई तबकों में नाराजगी है।


**सात सीट के लिए जातीय समीकरण के कारण उलट-फेर**

झारखंड में 14 सीटों में 5 अनसूचित जनजाति और 1 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है, शेष 8 सामान्य सीट में भाजपा ने सहयोगी दल आजसू को गिरिडीह सीट दिया है, जिस पर कुड़मी जाति के ही चंद्रप्रकाश चौधरी प्रत्याशी हैं। यानि 7 सामान्य सीट के लिए भाजपा को पिछली बार की तुलना में इस बार अधिक उलट-फेर करना पड़ा है। इस उलट-फेर में भाजपा ने पिछली बार के तीन सांसद का टिकट काट दिया है।

जिसमें दो राजपूत जाति के हैं और एक कायस्थ जाति के हैं। हजारीबाग के सांसद जयंत सिंहा, धनबाद से पीएन सिंह और चतरा के सांसद सुनील सिंह का टिकट काटा गया है। जबकि तीनों सांसद का पिछले दस साल से परफॉर्मेंस और लोकप्रियता में कोई कमी नहीं थी। लेकिन सोशल इंजीनिरिंग के कारण टिकट से वंचित कर दिए गए हैं, जिससे अगड़ी जातियों में खासकर राजपूत और कायस्थ जाति में आक्रोश अंदर ही अंदर ही पनप रहा है।

**पांच सीटिंग सांसदों का काटा टिकट**

भाजपा ने सात सीटों के लिए जातीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में आठ अनारक्षित सीटों में से सात सीट पर लड़ने वाली भाजपा ने हजारीबाग में कायस्थ समाज के जयंत सिन्हा, धनबाद में राजपूत समाज के पीएन सिंह. चतरा में राजपूत समाज के सुनील कुमार सिंह, कोडरमा में यादव समाज की अन्नापूर्णा देवी, जमशदेपुर में कुड़मी समाज के विद्युत वरण महतो, गोड्डा में ब्राह्मण समाज के निशिकांत दूबे और रांची में बनिया समाज के संजय सेठ को टिकट दिया था और सभी ने जीत भी दर्ज की थी। लेकिन इस बार पार्टी ने हजारीबाग, धनबाद, चतरा, दुमका और लोहरदगा सांसदों का टिकट काट दिया है। जिसमें दो सीट गिरिडीह और जमशेदपुर पर कुड़मी जाति के प्रत्याशी हैं। दो सीट रांची और हजारीबाग में बनिया, कोडरमा में यादव, चतरा में भूमिहार और गोड्डा सीट ब्राह्मण को दी है। हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग, बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को धनबाद, जामा से झामुमो विधायक रहीं शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को दुमका और पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव को लोहरदगा का प्रत्याशी बनाया है।







## कालीचरण सिंह को टिकट देकर स्थानीय कार्यकर्ताओं को दी तरजीह



**चतरा।** भाजपा ने इस बार चतरा के सीटिंग सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है, हालांकि आमलोगों के लिए यह चौंकाने वाला नाम हो सकता है, लेकिन चतरा के लिए जिस तरह पिछले की महीनों से स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग जनआंदोलन का रीप ले चुका था, उसको ध्यान में रख कर भाजपा ने स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को टिकट दिया है। चतरा जिला मुख्यालय में उनका वास है, साथ ही वे सदर प्रखंड के सोनबिगहा गांव के रहने वाले हैं, पेशे से वे शिक्षक है और भूमिहार जाति से आते हैं। कालीचरम सिंह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के काफी करीबी माने जाते हैं, उनके साथ वे झारखंड विकास मोर्चा में थे, बाद मरांडी के साथ भाजपा में शामिल हो गए और प्रदेश उपाध्यक्ष भी बने।

## पीएन सिंह की जगह ढुल्लू महतो को मिला टिकट



**धनबाद।** धनबाद भाजपा का गढ़ रहा है, यहां से पीएन सिंह लगातार तीन बार से सांसद रहे, इसके बावजूद उम्र का हवाला देकर उनका टिकट काट दिया गया और उनकी जगह जिले के बाघमारा विधानसभा से भाजपा विधायक ढुल्लू महतो को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। ढुल्लू महतो काफी विवादित नेता माने जाते हैं, उनपर कई अपराधिक मामले दर्ज हुए हैं, कई मामलों में वे बरी भी हो चुके हैं। पहले वे एक मजदूर के रूप में कार्यकरते थे, लेकिन मजदूरों की राजनीति से करते हुए 2009 में झारखंड विकास मोर्चा की टिकट पर पहली बार विधायक बनें, लेकिन 2014 में वे भाजपा में शामिल हो गए, और 2014 और 2019 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे। अब उन्हें पार्टी ने उन्हें सांसद का टिकट दिया है।

**अब तक 50 फीसदी हिस्सेदारी थी कि अगड़ी जातियों का**

2019 में हजारीबाग, धनबाद, चतरा और गोड्डा में अगड़ी जाति के प्रत्याशियों की जीत हुई थी, इस लिहाज से अगड़ी जाति को आधी से अधिक सीटों पर भागीदारी थी। लेकिन इस बार सात में सिर्फ दो सीट गोड्डा और चतरा सीट ही अगड़ी जाति को दी गई है, इस समीकरण में राजपूतों की भागीदारी वाली दोनों सीट धनबाद और चतरा से किसी भी राजपूत को प्रत्याशी नहीं बनाया गया है। धनबाद से पीएन सिंह की जगह ढुलू महतो को प्रत्याशी बनाया गया है, जो पिछड़ी जाति से आते हैं। जबकि चतरा से सुनील सिंह की जगह से कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो भूमिहार जाति के हैं। प्रतिशत के हिसाब से अब अगड़ी जातियों को पचास फीसदी से घट कर 25 फीसदी रह गया है और पिछड़ों को 75 फीसदी भागीदारी मिली है।

**52 फीसदी से अधिक है पिछड़ी जातियों की आबादी**

झारखंड में आदिवासियों की आबादी करीब 26 प्रतिशत है, जबकि अनुसूचित जाति की आबादी करीब 12 प्रतिशत है। पिछड़ी जातियों में कुड़मी समाज की आबादी 16 प्रतिशत, यादव की 14 प्रतिशत, वैश्य जाति समूहों की 22 प्रतिशत है। जबकि सामान्य वर्ग की अनुमानित आबादी 16 प्रतिशत है।

जिसमें ब्राह्मणों की आबादी 5 फीसदी और राजपूत, भूमिहार और कायस्थ जाति 11 फीसदी है। राजनीति के जानकारों का कहना है कि इस बार भाजपा हर समीकरण का ख्याल रखकर आगे बढ़ रही है। अब तक भाजपा पर अगड़ी जातियों के प्रति झुकाव का आरोप लगता रहा है। इस बार पार्टी ने इस मिथक को तोड़ने का दिया।

**राजपूत समाज की बैठक 29 को**

धनबाद और चतरा से दो राजपूत जाति के प्रत्याशियों की टिकट कट जाने से समाज के लोगों में काफी नाराजगी है, जानकारी के मुताबिक 27 मार्च को राजपूत समाज एक बड़ी बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में राजपूत जाति की भूमिका क्या होगी और राजपूत जाति का वोट किधर जायेगा, इस पर फैसला लिया जायेगा। क्षत्रिय समाज का दावा है कि झारखंड में उसकी आबादी करीबन सात फीसदी है और यह समाज भाजपा का कोर वोटर रहा है, इसके बावजूद प्रतिनिधित्व शून्य किया जाना, दुर्भाग्पूर्ण है।

# रांची में सरना धर्मावलंबियों का उपवास 10 को, 11 अप्रैल को सरहुल शोभायात्रा



### आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा और वाद्ययंत्रों के साथ सरहुल शोभायात्रा में होगा शामिल : फूलचंद तिर्की

**रांची।** रांची में सरहुल शोभायात्रा को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी जबकि 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को केंद्रीय सरना समिति का बैठक केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में हुई। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। रांची में पहली बार 1970 में हातमा सरना स्थल से सिरमटोली तक कार्तिक उरांव और डॉ. रामदयाल मुंडा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई थी। जुलूस में शामिल होने वाले के लिए बस, लाइट, शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में सरहुल शोभायात्रा को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारियां शुरू कर दी है। सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी जबकि 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे। शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बुधवार को केंद्रीय सरना समिति का बैठक केंद्रीय धुमकुड़िया भवन करमटोली में हुई। मौके पर फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। रांची में पहली बार 1970 में हातमा सरना स्थल से सिरमटोली तक कार्तिक उरांव और डॉ. रामदयाल मुंडा के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई थी। प्रत्येक टोला से जुलूस में समाज के लोग शामिल होते हैं। सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने वाले आदिवासी अगुवा को प्रोत्साहित भी किया जाएगा। जुलूस में शामिल होने वाले के लिए बस, लाइट, शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा हो इसके लिए सरकार से मांग की जाएगी। रांची के मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने कहा कि तीन दिवसीय प्रकृति पर्व सरहुल मनाया जाना है। उन्होंने कहा कि 10 को सरना धर्मावलंबी उपवास, 11 को सरहुल शोभायात्रा एवं 13 अप्रैल को घरों में फूलखोंसी कार्यक्रम होगा।

## आर्च बिशप विंसेंट ने पूरी कराई क्रिज्मा मिस्सा की पवित्र विधि

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिया महागिरजाघर में नए आर्च बिशप विंसेंट आइंद ने पवित्र समारोह में तेलों की आशीष की और क्रिज्मा मिस्सा धार्मिक अनुष्ठान की विधि पूर्ण कराई। जानकारी दी गई कि कैथोलिक कलीसिया में प्रत्येक वर्ष पास्का पर्व के पूर्व पुण्य सप्ताह में तीन प्रकार की पवित्र तेलों की आशीष की जाती है। इसमें दीक्षार्थियों का तेल, पवित्र विलेपन का तेल और बीमारों का तेल शामिल हैं। पवित्र तेलों को फादर अमित डुंगडुंग, फादर विपिन तोपनो व फादर असीम मिंज ने आर्च बिशप के सामने प्रस्तुत किया।आर्च बिशप ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार पुरोहितों के साथ क्रिज्मा मिस्सा संपन्न कराई। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, फादर मनोज, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर विरेंद्र खलखो, फादर प्रफुल्ल तिग्गा सहित 300 की संख्या में पुरोहित और खीस्तीय विश्वासी मौजूद थे।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के हस्तक्षेप पर एचईसी के मजदूरों को मिला एक माह का वेतन



### मजदूरों के सच्चे हितैषी के रूप में हमेशा खड़े रहते हैं सुबोध कांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के तत्वावधान में विगत 67 दिनों से चल रहे मजदूरों की लड़ाई में बुधवार को रांची के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद सुबोधकांत सहाय ने हस्तक्षेप कर निदेशक वित्त से दूरभाष पर बात की। उन्होंने मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को जल्द समाप्त करने को कहा है। इसके बाद निदेशक वित्त ने एक महीने का वेतन का भुगतान कर दिया और नई निविदा भी बहुत जल्द निकाल कर मजदूरों को काम पर वापस लेने को कहा। साथ ही सभी प्रकार की विसंगतियों को भी दूर करने की बात कही। सहाय ने एचईसी के सभी संघर्षरत मजदूरों को आश्वस्त किया है कि वह कल भी एचईसी के मजदूरों के साथ खड़े थे, खड़े हैं और सदा खड़े रहेंगे। एचईसी के मजदूरों ने इसके लिए पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को धन्यवाद दिया और कहा कि मजदूरों के सच्चे हितैषी के रूप में हमेशा सहाय खड़े रहते हैं। यह जानकारी बुधवार को कमल ठाकुर ने दी।

# प्रत्येक बूथ पर सुलभ मतदान की व्यवस्था बनाएं

### मतदान प्रक्रिया में अपवर्जित समूहों के निर्वाचकों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं : रवि कुमार

### अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के सभी दिव्यांग शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण, पचासी वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के मतदाता, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे शिशुओं की माताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह समान वैधानिक अधिकार प्राप्त है। चुनाव की प्रक्रिया इन्हें लोकतंत्र में समान रूप से अपनी भागीदारी निभाने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए इनके लिए अनिवार्य रूप से प्रतयेक मतदान केन्द्र पर सुलभ मतदान की व्यवस्था रखी जाए।

यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बुधवार को निर्वाचन सदन धुर्वा के सभागार में राज्य के सभी जिलों से आए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा के लिए अपवर्जित समूहों के लिए सुगम मतदान विषयक प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कही।

रवि कुमार ने कहा कि ऐसे नागरिकों को समान भागीदारी के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा मतदान प्रक्रिया में इनकी सुविधा के लिए डिजिटल तकनीकों के प्रयोग पर भी बल दिया गया है। राज्य के सभी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इसके लिए नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं।

उन्हें अपने स्तर से हरेक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सेक्टर ऑफिसर नामित कर गैर-राजनैतिक एवं निरपेक्ष स्वयंसेवी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर संगठनों आदि की मदद से अपवर्जित समूह के योग्य नागरिकों के डोर टू डोर सर्वे, छूटे हुए अर्हता प्राप्त नागरिकों के नाम निर्वाचक सूची में दर्ज कराने तथा मतदान में इनकी सुगमता के लिए समयबद्ध रूप से काम करना है। रवि कुमार ने कहा कि अपवर्जित समूहों के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र तक स्वयं आने-जाने में अक्षम हों उन्हें मतदान केन्द्र पर आने-जाने की स्थानीय व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्र में शेड, कुर्सी-बेंच, व्हील चेयर, स्वयंसेवकों की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाना है। साथ ही यदि अपवर्जित समूह के कोई मतदाता जो चुनाव सिंबल खुद नहीं पहचान पाएं वहां मतदान केन्द्र के पीठासीन पदाधिकारी उन्हें सहायक के रूप में 18 वर्ष से कम आयु के किसी किशोर को वोटिंग के लिए साथ लिए जाने की अनुमति देंगे। प्रशिक्षण सत्र में निःशक्तता आयुक्त अभय नंदन अम्बष्ठ ने निःशक्तता आयोग द्वारा मतदाता के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने मतदाता सूची एवं मतदान के बारे में बताया।

उन्होंने बूथ अवेयरनेस ग्रुप, स्वीप कार्यक्रम, अच्छे कार्यों के लिए बीएलओ को सम्मानित करने आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। निदेशक समाज कल्याण विभाग शशि प्रकाश झा ने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा में पेयजल, बिजली, हेल्पडेस्क, पोस्टर साईनेज, रैंप, दिव्यांगजनों के लिए वॉलेंटियर की उपलब्धता के साथ मतदान केंद्रों पर बीएलओ की सहायता के लिए चयनित स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण की जानकारी साझा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे द्वारा मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं दिव्यांग,वयोवृद्ध मतदाताओं के लिए यातायात की सुविधा, वोलेंटियर्स एवं मेडिकल किट आदि विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार द्वारा सोशल मीडिया, सक्षम ऐप, निःशक्तता के लिए सोशल मीडिया के बारे में बिंदुबार जानकारी साझा की गयी। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा बूथों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित कराये गए राज्य स्तरीय सोशल ऑडिट सर्वे के समन्वयक हलदार महतो ने इस सर्वे में प्राप्त महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा की। साथ ही निशक्तता के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयं सेवी ग्रुप साईट सेवर्स की सपना सुरीन द्वारा मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को आनेवाली संभावित कठिनाइयों एवं स्थानीय तौर पर उनके त्वरित निराकरण के संबंध में चर्चा की।



**रांची में बुधवार को जिलों से आए समाज कल्याण व जिला कल्याण पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार।**



### भगवान वेंकटेश का आशर्वाद लेने तिरुपति पहुंचे बाबूलाल

**रांची ।** लोकसभा चुनाव के ठीक पहले झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश का आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं। वहां से बाबूलाल मरांडी ने एक्स के जरिये इंडिया अलायंस पर निशाना साधते हुए इस गठबंधन को अवसरवादी नेताओं का बेमेल गठबंधन करार दिया है। दरअसल झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इसमें लोगों से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आपको लगता है कि ये अपने बीच दूल्हा चुन पाएंगे?प्रधानमंत्री कैसे चुनेंगे? इसके बाद खानदानी लूटेरों की कोशिश होगी बेकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### होली और बाहा पोरोब पर कल्पना सोरेन की मार्मिक पोस्ट, लोगों को दी बधाई



**रांची :** होली के अवसर पर मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने इंस्टा पर एक मार्मिक पोस्ट डाला है। कल्पना ने गत वर्ष होली पर हेमंत सोरेन द्वारा पिता शिबू सोरेन को अबीर लगा आशीर्वाद लेने की तस्वीर शेयर की गई है। इसमें पीछे कल्पना भी दिख रही हैं। पोस्ट में उन्होंने रंगों के त्योहार होली और बाहा पोरोब पर देशवासियों को बधाई दी है। साथ ही लिखा है कि शादी के बाद पहली बार होली पर मैं हेमंत के बिना अपने ससुराल नेमरा में हूं। तानाशाही शक्तियों ने झूठे मुकदमे में फंसा उन्हें भले ही राज्यवासियों, मुझसे, परिवार और बच्चों से दूर कर रखा है। पर तानाशाही शक्तियों का दमन ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकेगा। भगवान के घर देर है अंधेर नहीं।

### इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के खिलाफ दायर चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ ईडी के चार्जशीट (आरोप पत्र) पर ईडी की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बुधवार को संज्ञान ले लिया है। मामले में कोर्ट ने आरोपितों की उपस्थिति के लिए आठ अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व ईडी ने 15 मार्च को अदालत में इजहार अंसारी और इश्तियाक अंसारी के अलावा इजहार अंसारी की एक कंपनी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। ईडी ने जांच में पाए गए तमाम साक्ष्य के साथ आरोप पत्र दाखिल की थी। ईडी ने कोर्ट को यह जानकारी दी थी कि इजहार कैसे कोयले के कारोबार में संलिप्त था और अवैध कोयले के कारोबार से कैसे अकूत संपत्ति अर्जित की। इजहार अंसारी कई शेल कंपनियों के संचालक हैं। वह शेल कंपनियों के जरिए काले धन का संचालन करता है। 16 जनवरी को ईडी ने इजहार अंसारी के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी में 13 लाख कैश के साथ कई अहम दस्तावेज ईडी ने बरामद किया था।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी पर सीईओ लेंगे फैसला

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी(सीईओ) लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की छुट्टी पर फैसला लेंगे। चुनाव समाप्ति तक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देंगे। डीजीपी अजय कुमार सिंह के आदेश पर आइजी अभियान सह-स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। झारखंड के विभिन्न जिलों के एसएसपी, एसपी, पुलिस के अन्य विंग के एसपी और समादेष्टा को पत्र भेज कर अवगत करा दिया गया है। भेजे गये पत्र के अनुसार 16 मार्च को लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई। चुनाव की घोषणा के साथ पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकसभा आम चुनाव 2024 की समाप्ति तक विधि-व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी उक्त अवधि में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव से आकस्मिक अवकाश, मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति के बाद ही अवकाश में प्रस्थान करेंगे या मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही अपने अधीनस्थ निर्वाचन सम्बद्ध सभी पुलिस पदाधिकारियों के अवकाश की सूचना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे।

### हॉर्स ट्रेडिंग मामले में गृह विभाग के अपर सचिव छह अप्रैल को एसीबी की अदालत में रखेंगे पक्ष

**रांची।** राज्यसभा चुनाव-2016 में हुए हॉर्स ट्रेडिंग मामले में एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने बुधवार को गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को छह अप्रैल को उपस्थित होकर पक्ष रखने को कहा है। मामले के अनुसंधानकर्ता ने जनवरी 2024 में क्लोजर रिपोर्ट तैयार करते हुए इस केस को बंद करने का आग्रह कोर्ट से किया था। इसके बाद अदालत ने शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया था और अपना पक्ष रखने को कहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च, 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में रघुवर दास को भी अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया था। इन पर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगा था। चुनाव आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच कराई थी। आयोग ने प्रथम द्दष्टया आरोप को सही पाते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। तत्कालीन हेमंत सरकार ने 14 फरवरी, 2020 को एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। वे 15 महीने से अधिक समय तक निलंबित रहे। तब वे सीआईडी के एडीजी थे। उनके खिलाफ राज्यसभा चुनाव 2016 में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी को लालच देने और उनके पति पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को धमकाने का आरोप था।

### आजसू संसदीय बोर्ड का गठन

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेर्शानुसार संसदीय बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड में सुदेश कुमार महतो, चन्द्र प्रकाश चौधरी, राम चन्द्र सहिस, डोमन सिंह मुण्डा, संजय बसु मल्लिक, मुकुंद चन्द्र मेहता, लम्बोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, उमाकांत रजक, कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अकिल अख्तर, हसन अंसारी, स्वपन सिंहदेव, राधेश्याम गोश्वामी, राजेंद्र मेहता को शामिल किया गया है। पार्टी के संसदीय बोर्ड का बैठक 29 मार्च को आजसू पार्टी कार्यालय में होगी।

### नौकरी से निकाले गए कर्मचारी को 19 साल का वेतन दें : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को उद्योग विभाग के बर्खास्त किये गये कर्मचारी भावेश कुमार झा को 19 साल का लंबित वेतन देने का निर्देश दिया है। भावेश कुमार झा को उद्योग विभाग के हथकरघा, रेशम और रेशम उत्पादन विभाग में 1984 में पायलट प्रोजेक्ट सेंटर में क्लर्क-कम-कैशियर के पद पर नियुक्त किया गया था। नौकरी पर रहने को कई वर्षों बाद याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गयी। वर्ष 2007 में उसकी सेवा खत्म कर दी गयी। सेवा समाप्त किये जाने के खिलाफ भावेश ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया । उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के आदेश को रद्द करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता को नौकरी से निकाले जाने का फैसला सही नहीं है। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच ने इस मामले में दिये गये अपने आदेश में कहा है कि इसमें कोई संदेह नहीं कि याचिकाकर्ता ने 1998 से 2017 तक काम नहीं किया, लेकिन जिस मामले में यह पाया जाता है कि कर्मचारी की कोई गलती नहीं है, फिर भी उसे नौकरी से निकाल दिया गया तो वह वेतन पाने का हकदार है।

## एक नजर

### भुरकुंडा में प्रेस क्लब ने किया खाद्य सामग्री का वितरण

**भुरकुंडा।** सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने वाली पत्रकारों की संस्था प्रेस क्लब ऑफ कोयलांचल ने भुरकुंडा बाजार में जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामाग्री का वितरण किया। इसका शुभारंभ मेन रोड से हुआ। साप्ताहिक हाट में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से दतुवन-पत्तल बेचने आई महिलाओं को खाद्य सामग्री भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर पत्रकारों ने बताया कि विगत 10 वर्षों से क्लब सामाजिक गतिविधियों में भाग ले रहा है। इसमें जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग उनकी प्राथमिकता है। यही वजह है कि क्लब मकर संक्रांति, होली, दीपावली जैसे पर्व-त्योहारों में खाद्य सामाग्री के साथ चूड़ा, गुड़, तिलकुट, लाई, मिठाई, रंग-अबीर आदि का वितरण करता आ रहा है। पत्रकारों ने कहा कि यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

### पारसोतिया मनसा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** पारसोतिया कोयरी टोला हाई स्कूल के निकट मनसा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि सरस्वती देवी जिला पार्षद गोला एवं रीना साह मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि का बुके देकर उत्साह का साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत सबों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि रंगों का पर्व होली हम सबों को आपस में मिल जुलकर रहने और खुशियां मनाने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में लोग विविधता का सम्मान करते हैं और भाईचारगी के साथ इस पर्व को मनाते हुए एकता का संदेश देते हैं। मौके पर दिनेश कुशवाहा, लेखराज महतो, सिंधी मेहता, मनोज महतो, पंकज महतो, दिनेश स्टील, कालीचरण महतो कमेटी के संस्थापक लेखराज महतो, सदस्य बबलू प्रसाद, टिंकू कुशवाहा, कपिल कुमार, सरवन कुमार, अंकित कुमार, जय प्रकाश, पंकज, आनंद, चंदन, चिंटू, विशाल, अमन, अमित, कृष, रंजीत, संजय, पप्पू, धीरज, सरवन आदि उपस्थित थे।

### शौंडिक संघ ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**गिद्दी।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की हेसालौंग कमेटी ने रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में रांची उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के मुख्य सलाहकार के पद पर नियुक्त हेसालौंग निवासी संगम प्रसाद को सम्मानित किया गया। हेसालौंग ग्राम कमेटी के अध्यक्ष विनोद प्रसाद और सचिव भवेष प्रसाद ने बुके देकर सम्मानित किया। केंद्रीय कमेटी के सचिव महेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय सदस्य दिलीप प्रसाद, कृपाशंकर प्रसाद, हीरालाल साहू ने भी संगम प्रसाद को श्रीमद् भगवत गीता और उपहार देकर सम्मानित किया। संगम प्रसाद हेसालौंग निवासी ब्रजकिशोर प्रसाद और नरेश्वरी देवी के पुत्र हैं।

## विधायक विनोद सिंह पीड़ित परिवारों से मिले, कहा

# सरकार से मिलने वाले मुआवजे का भुगतान कराया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के कोनहराकला निवासी सद्दाम हुसैन, पिता रज्जाक अंसारी 25 वर्ष की मृत्यु मुंबई के कल्याण उल्हाशनगर में विगत दिनो हो गई थी। जहां मृतक पूरे परिवार के साथ रहते थे। वहीं परिजनों से उनके घर मिलकर बगोदर विधायक विनोद सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवासी मजदूर का शव को लाने के लिए सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि 50 हजार रुपए इनके परिवार को जल्द भुगतान कराया जाएगा, उन्होंने ने पीड़िता परिवारों को दिया आश्वासन। साथ ही सरकार की ओर से मुआवजा भी दिया जाएगा। तत्पश्चात विधायक झिंगीबराय निवासी ज्ञानी सिंह पिता मुंशी सिंह जिनका तबियत खराब होने से मृत्यु हो गई थी, इनके परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया।इस क्रम में चुगलामों के ग्राम घसकोडीह निवासी मनोज कुमार उम्र 17 वर्ष पिता मेघी महतो से मिले। विदित हो कि मनोज कुमार जो 22 मार्च से गायब था परिजनों ने काफी छानबीन के बाद बगल खेत में एक डोभा में तैरता हुआ मिला था। परिजनों ने बताया कि मेरे बच्चे की हत्या करने का संदेह है। इसकी जांच होनी चाहिए ।परिजनों को विनोद सिंह ने आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जो भी सहयोग होगा हर संभव मदद किया जायेगा। दोषी की जांच कर उस पर कानूनी कार्रवाई कर सजा दिलाने में पूरी सहयोग करुंगा। मौके पर, भाकपा माले बरकट्ठा प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद, बगोदर प्रखंड सचिव पवन महतो, बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, उपमुखिया रहमत अंसारी, कलाम अंसारी, अंसारी, लालकिसुन पंडित, किशोर पासवान, श्याम पासवान,कैलाश, पासवान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## कोनहराकला में यज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण

# मांस-मदिरा सेवन पर रोक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के ग्राम कोनहारा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यज्ञाधिष बिरेन्द्र शास्त्री के नेतृत्व में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव,प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया,मुखिया अब्बास अंसारी शामिल हुए। ध्वजारोहण को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कोनहारा कला स्थित शिव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकल कर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बरकट्ठाडीह, डाकडीह मोड़ से वापसी कर मंदिर परिसर पहुंचकर जुलूस का समापन किया गया। वहीं जय श्री राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मौके पर प्रतिनिधियों ने कहा कि पूजा अर्चना से मन को शांति मिलती है और इस भागदौड़ भरी जिंदगी में समय निकालकर पूजा पाठ करना चाहिए। वहीं यज्ञ समिति अध्यक्ष ईश्वर यादव ने बताया कि यज्ञाधिश बिरेंद्र शास्त्री के मुताबिक ध्वजारोहण के साथ ही पूरे गांव में मांस मदिरा के सेवन पर रोक लगाई गई है। 9 अप्रैल को कलशयात्रा के साथ साथ महायज्ञ प्रारंभ होगा।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में रंगोत्सव एवं होली मिलन समारोह की धूम

**रामगढ़।** श्री कृष्ण विद्या मंदिर, रामगढ़ में विद्यालय प्रबंध समिति व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) को होली की बधाई देते हुए मूर्खाधिराज की उपाधि से विभूषित करके, फूलों एवं सब्जियों के मुकुट पहनकर किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रहमानंद द्विवेदी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बजरंग लाल अग्रवाल, सचिव विमल किशोर जाजू, संयुक्त सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य महावीर अग्रवाल, अतिथि सुरेश अग्रवाल तथा प्रशासक एस पी सिन्हा को सब्जियों की माला पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रीति मिश्रा व सरोज सिंह ने मंच संचालन किया। सरोज सिंह ने गुस्ताखी माफ कहते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के ऊपर हास्य-व्यंग्य प्रस्तुत किया।

# पुलिस ने घर से की अवैध शराब जब्त, एक को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना पर गठित टास्क फोर्स ने न्यू सरदार कॉलोनी भुरकुंडा के एक घर में छापामारी कर अवैध विदेशी शराब जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर रामगढ़ न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि होली पर्व को लेकर न्यू सरदार कॉलोनी में अवैध विदेशी शराब एक घर से जमा कर बेचने के लिए रखा गया है। पतरातू एसडीपीओ विरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स ने सोमवार को न्यू सरदार कॉलोनी निवासी सत्यनारायण कहार के घर पर छापामारी किया। जहां से पुलिस ने स्टर्लिंग रिजर्व व्हिस्की बी सेवन 180 मिली का 30 पीस, मैकडोवल नंबर वन 180 मिली 37 पीस, रॉयल चैलेंज 180 मिली 14 पीस, ब्लॉक बूस्टर कैन बियर 500 मिली 10 पीस, किंगफिशर कैन बियर 500 मिली 40 पीस, किंग फिशर स्ट्रॉन्ग बीयर 650 मिली का 12 पीस, गॉड फादर बियर 650 मिली 12 पीस जब्त किया है। छापामारी दल में पुअनि निर्भय कुमार गुप्ता, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि कुणाल कुमार आदि शामिल थे।

### झारखंड बंगाली समिति ने उल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**रामगढ़।** झारखण्ड बंगाली समिति रामगढ़ जिला के अंतर्गत रांची रोड शाखा की ओर से सत्या मैरेज हॉल रांची रोड में संध्या 7 बजे होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता रणंजय कुमार उर्फ कुन्टू बाबू एवं बतौर विशिष्ट अतिथि बीआर सरदार प्रोजेक्ट मैनेजर सीसीएल बरका सयाल एरिया उपस्थित थे। अध्यक्ष डीसी पोद्दार, सचिव श्यामल सरदार एवं कोषाध्यक्ष हरि दत्ता ने गुलदस्ता प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि होली हमें प्रेम, भाईचारा व सौहार्द का संदेश देता है। होली हमें मिलजुल कर मनाना चाहिए। समारोह में समिति की सदस्य निवेदिता गुप्ता ने सभी को अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डांस टीचर बनानी मुखर्जी एवं सम्पा गुहा राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर इशिका देवघरिया, कौशल देवघरिया, श्रेयान चक्रवर्ती आदि होली के गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया।

## अपने आवास पर मनीष जायसवाल ने खेली होली, कहा

# जीवन में प्रेम और सद्भाव का घोलें रंग



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
रंग, राग और फाग के त्यौहार होली के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल होलियाना मूड में नजर आए। यूं तो होली से पूर्व ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाके में अलग-अलग संस्था, संगठन, भाजपा और कई प्रमुख व्यक्तियों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। लेकिन होली के मौके पर सोमवार और मंगलवार को अपने आवासीय परिसर में ही होली मनाया। दोनों दिन मनीष जायसवाल से मिलने और होली की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने लोगों से मिलकर अबीर- गुलाल लगाते हुए और ठंडई संग मिठाई खिलाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। मौके पर उन्होंने कहा कि होली के इस पावन त्यौहार पर पारस्परिक ईर्ष्या और द्वेष को भूलकर एक- दूसरे को गले से लगाने और समाज में सहानुभूति और संवेदना का प्रचार करने का सकारात्मक संदेश देता है।

## बरकट्ठा में रंगों का पर्व होली धूमधाम से संपन्न

# लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
रंगों का त्योहार होली क्षेत्र भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं लोगों ने होली पर्व पर अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सोशल मीडिया पर भी शुभकामनाएं और बधाई देने का दौर खुब चलता रहा। इस निमित बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, कुमकुम देवी, प्रमुख रेनू गुप्ता, बरकट्ठा मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र वासियों को होली की बधाई दी तथा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी, उत्तरीपंचायत, बेलकपी, चेचकप्पी, शिलाडीह, गोरहर, बेड़ोंकला, गैड़ा, कपका, गंगपाचो समेत तमाम पंचायत के मुखिया ने पंचायत वासियों संग होली खेली तथा पंचायत वासियों को शुभकामनाएं दी। पर्व को लेकर लोग होली के पारंपरिक गीतों पर ढोल नगाड़ों के साथ झूमते नजर आए। पर्व को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद दिखी। इस क्रम में बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ,गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह व पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था कायम रखने का सफल प्रयास किया गया। वहीं लोगों ने लजीज व्यंजनों का जमकर आनंद उठाया तथा देर रात तक संगीत का आनंद लेते दिखे।

## न्यूज बॉक्स

### रामगढ़ में उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई होली



**रामगढ़।** जिले में उत्साह और उमंग के माहौल में रंगों का पर्व होली मनाया गया। इस वर्ष 25 और 26 मार्च को दो दिनों का लोगों ने होली का लुत्फ उठाया। इस मौके पर युवा और बच्चों की टोली ने घूम घूमकर बड़े बुजुर्गों को रंग और गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं, लोगों ने घरों में लजीज व्यंजन बनाकर सपरिवार उसका लुत्फ उठाया। साथ ही अपने मित्रों और करीबी लोगों को आमंत्रित कर उनका स्वागत भी लजीज व्यंजनों के साथ किया।

### अनुसूचित जाति उत्थान परिषद ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**रामगढ़।** अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के बैनर तले रविवार को थाना चौक स्थित अंबेडकर पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के जिला सचिव उत्तम पासवान ने किया। जिसमें अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। जिला सचिव उत्तम पासवान ने कहा कि होली का त्योहार पूरे देश में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस बार आचार संहिता लागू है। उसको देखते हुए इस बार का होली त्योहार मनाए। आपसी भाईचारा को बरकरार रखते हुए ही त्योहार मनाए। मौके पर मुख्य रूप से लखेन्द्र पासवान, नवनीत राम, अनमोल सिंह, छोटेलाल राम, जुगेश नायक, अजय पासवान, बबलू राम, मनोज प्रसाद, संतोष पासवान, रंजीत राम, धीरज राम, गुलचन्द राम, तुलेश पासवान, नगर अध्यक्ष अविनाश राम, नगर सचिव किशोर रजक, रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष पप्पू राम, भोला राम, बिट्ठू पासवान, मधू राम, दिलीप नायक, सागर नायक, सुनील नायक, जिम्मी राम, प्रदीप नायक, पप्पू पासवान, बलराम यादव, आदि लोग उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**रामगढ़।** कांलिदी क्लब हुप्पू द्वारा 26 मार्च को आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू अनुसूचित जाति महासभा प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार शामिल हुए । मौके पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी ने कहा कि होली आपसी भाईचारा का त्योहार है। इसे हम सभी मिलजुलकर मनाएं यही सभी का दृष्टिकोण होना चाहिए । मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सिकंदर शर्मा,उमेश सोनी,अरुण दांगी,आयोजकी समिति के सदस्य राजेश कालिंदी, सुमित कालिंदी, दिलीप कालिंदी, चंदन, दिनेश, संतोष कालिंदी आदि मौजूद थे।

### कंजगी विद्यालय के प्लस टू उच्च विद्यालय बनने से ग्रामीणों में खुशी

**रामगढ़ / गिद्दी।** कंजगी उच्च विद्यालय को प्लस टू उच्च विद्यालय बनने पर प्रबंधन समिति और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्लस टू उच्च विद्यालय बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। प्लस टू उच्च विद्यालय बनने की खुशी में विद्यालय प्रबंधन समिति ने विद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया, पंसस, ग्रामीण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और विद्यालय के शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अबीर गुलाल लगाकर खुशी को इजहार किया गया। बुमरी पंचायत के मुखिया करण बेदिया ने कहा कि बुमरी पंचायत के कंजगी गांव में प्लस टू विद्यालय बनने से क्षेत्र के बच्चों को इंटरमीडिएट की पढ़ाई के लिए रामगढ़ या अन्य शहर नहीं जाना नहीं पड़ेगा।

### होलीमय हुआ पतरातू क्षेत्र, जगह-जगह होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**पतरातू।** पतरातू और आसपास का क्षेत्र होलीमय हो गया। होली के अवसर पर कहीं पुरुषों ने तो कहीं युवाओं ने तो कहीं कर्मियों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें पीवीयूएनएल गेट के निकट युथ सोसाइटी पतरातू की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जबकि ईसीआरकेयू शाखा दो में रेल कर्मियों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली के गीत प्रस्तुत किए। जिससे पूरा क्षेत्र होलिमय हो गया है। इसमें युथ सोसाइटी पतरातू के सूरज कुमार, मुखिया अजित कुमार, पूर्व मुखिया राहुल रंजन, राजू कुमार, वीरेंद्र झा, सोनी खान, राजीव रंजन, राकेश पांडेय, बड़े सिंह, चिंटू कुमार पांडेय आदि दर्जनों लोग शामिल थे। होली को लेकर पतरातू और आसपास के क्षेत्रों में मांस मछली के दाम आसमान छू रहे हैं। सोमवार को पतरातू क्षेत्र के बाजारों में खस्सी का मांस 700 से 800 रुपए प्रति किलो तक बिका। जबकि देसी मुर्गा 450 रुपए, सलोनी देसी मुर्गा 400 रुपए, फार्म मुर्गा 140 से 160 रुपए तक बिक रहा है।

### गोला में जगह-जगह होली मिलन समारोह आयोजित, खुशी में झूमे लोग

**गोला।** रंगो का त्योहार होली को लेकर गोला में जगह जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गोला मेन रोड स्थित फौजी कंप्लेक्स में न्यू मजदूर यूनियन के अध्यक्ष चतुर्भुज कश्यप के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में यूनियन के सदस्यों व किसानों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली का त्योहार मनाया और आपसी प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती पर दर्शक जमकर झूमे। चतुर्भुज कश्यप ने कहा कि होली सांस्कृतिक त्योहार है। हमारी समृद्ध व गौरवशाली संस्कृति को बचाए रखने के लिए पारंपरिक तरीके से इसे मनाया जाना चाहिए। होली में नशापान एक विकृति है, इससे सबों को बचना चाहिए। इधर एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला, उउवि सोसोकलां, किसान हाई स्कूल डभातु, उउवि बरलंगा, बरियातु सहित लगभग विद्यालयों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने अपने सहपाठियों को अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

### सीढ़ी का रेलिंग गिरा, बाल-बाल बचे लोग

**रामगढ़।** सीसीएल झारखंड उत्खनन परियोजना अंतर्गत गायत्री नगर 96 कॉलोनी में सोमवार के दोपहर अचानक सीढ़ी का रेलिंग भरभरा कर गिर पड़ा। इस संबंध में कॉलोनी के प्रकाश मिस्त्री, फागमुनी देवी, रामप्रवेश नोनिया, बुदूल मंडल, संतोष राम, राजू राम आदि लोगों ने बताया कि यह घटना सोमवार के दोपहर लगभग 3:30 बजे की है। उस वक्त कॉलोनी के क्वार्टर नंबर एमक्यू 81, 82, 88, 87, 89, 90, 91, 92 के छोटे छोटे बच्चे होली खेल रहे थे। इसे संयोग ही कह सकते हैं की इस घटना में होली खेल रहे बच्चे बाल बाल बचे। लोगों ने बताया कि इस बैरक में नीचे और उपर मिलाकर कुल 16 क्वार्टर है। इसके पूर्व पिछले वर्ष भी इस बैरक के उपर में बने क्वार्टर में आने-जाने के लिए बना रास्ते का छत टूट कर गिर गया था।

## विवाद: शराब को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प, दो हुए घायल

# दोनों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप थाने में कराई प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
होली के दिन पदमा थानांगर्त केदारूत गांव में दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट होने से दो व्यक्तियों के घायल होने के मामला प्रकाश में आया है. दुकानदार बैजनाथ साव ऊर्फ बाजो साव ने थाना में आवेदन देकर अपने हो गांव के अनिल यादव पिता रामचंद्र यादव, राजू गोप पिता स्व कारू यादव और मनोज यादव पिता जगदीश यादव पर होली के दिन उधार समान नहीं देने पर मारपीट करने, घर में लूटपाट और महिलाओं पर अभद्रता का आरोप लगाया है. वहीं दूसरे पक्ष के अनुसार वे सभी उक्त व्यक्ति के दुकान में शराब लेने गए थे. जिसे वह अंकित मूल्य से दुगुने तिगुने दर पर बेच रहा था. जिसका विरोध करने पर दुकानदार का पुत्र डबलू व बबलू उनलोगो पर हमला कर दिया. दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन देकर उचित कारवाई की गुहार लगाई है. मामले की जानकारी देते हुए स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने बताया कि मामला अंकित मूल्य से दुगुने तिगूने दर पर शराब बिक्री करने से संबंधित है. दुकानदार नजायज रूप से शराब बिक्री करता है. जिसका विरोध करने पर विक्रेता और क्रेता के बीच विवाद होने लगा. इसी क्रम में बचाव करने पहुंचे प्रकाश यादव की भी दोनो भाईयो ने पिटाई कर दी. जिससे वह घायल हो गया. दोनों की झड़पें में दुकानदार पुत्र जिसमें डबलू यादव भी घायल हो गए. उन्होंने बताया कि दोनों घायलो को प्राथमिक इलाज कराया गया है. वर्तमान में दोनों सुरक्षित और अपने घर पर हैं. दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन दिया है. बहरहाल दोनो के बीच समझौते का प्रयास किया जा रहा है. मामले के संबंध में दोनो पक्षों से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नही होने से दोनो ओर से पुष्टि नहीं हो सकी है।

## सिया निकले अवधवा के ओर होलिया खेले राम लला ...

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो सहित आस-पास के क्षेत्रों में होली को लेकर लोग सराबोर दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन वेस्ट बोकारो ने हाउसिंग कॉम्प्लेक्स स्थित न्यू यूनियन भवन परिसर में भव्य रंगोभरी होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिविजन के महाप्रबंधक अनुराग दीक्षित अपने अन्य वरीय अधिकारियों के साथ शामिल हुए। इस मौके पर अनुराग दीक्षित और सभी अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों का यूनियन के अध्यक्ष महेश प्रसाद, सचिव पीके सिंह, अपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मंडली के व्यास रामचंद्र सिंह, अनिल पांडेय, विनोद सिंह, अवधेश सिंह ने सिया निकले अवधवा के ओर होलिया खेले राम लला संग दर्जनों होली गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत अधिकारियों और यूनियन पदाधिकारियों ने होली गायन मंडली का भी स्वागत अंगवस्त्र देकर किया। इसके उपरांत सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सामुहिक रुप से होली के पकवान पकौड़ी, मालपुआ, ठंडई का आनंद उठाया। इस मौके पर मुख्य रुप से चीफ एसई मृणाल भद्रा, चीफ सीईपी राजेश कुमार, हेड एचआर बीपी शिव शंकर, हेड सिक्योरिटी गिरीश शर्मा, सीनियर मैनेजर एचआर सैवियो हेम्ब्रम, शिवम भाटीया, यूनियन के अध्यक्ष महेश प्रसाद, सचिव पीके सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष राजकिशोर गंझू, मंसूर आलम, मुन्ना विश्वकर्मा सहित पूर्व पदाधिकारी अमरजीत प्रसाद, सुरेश प्रसाद, त्रिलोकी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### आवारा पशुओं से बानो में परेशानी



**बानो।** बानो बस स्टैंड ,स्टेशन रोड जगहों में आवारा पशुओं के जमवाड़ा से वाहन चालक व दुकानदार परेशान है। प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य पथ पर जगह जगह गाय बैलों के जामवड़े से वाहन चालक व दुकानदार परेशान हैं।सड़को पर पशु के रहने से दुर्घटना का डर बना रहता है।इसी तरह स्टेशन रोड में भी जगह जगह पशुओं के रहने से कई बार दुर्घटना हो चुकी हैं। वाहन चालक ट्रेन पकड़ने के लिये जल्दी जल्दी स्टेशन की ओर जाते हैं ,ऐसे में गाय - बकरियों के सड़क पर रहने से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ जाती हैं।ग्रामीणों ने इस सम्बंध में मुखिया व प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं की जाम हटाया जाए।

### आरआईएस की छात्राओं ने की वॉल पेंटिंग

**कोडरमा ।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता के लिए समाहरणालय परिसर में होली का रंग, मतदान संकल्प के संग थीम पर वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा से नयारा वसीम, अंशिका अनुराग, अनुष्का ने हिस्सा लिया। वॉल पेंटिंग की दो थीम दी गई। इसमें पहला सभी करें मतदान, यही तो है सशक्त लोकतंत्र की पहचान और दूसरा लोकतंत्र की मजबूती कल आज और कल।

### घर से नाबालिक बच्ची को उठा ले गए युवक, किया सामूहिक बलात्कार

**रामगढ़ ।** रामगढ़ शहर के अरगड्डा सिरका भूली क्वार्टर में बेहद शर्मनाक घटना घटी। बुधवार को दिनदहाड़े एक नाबालिक बच्ची को उसके घर से हवस में अंधे कुछ युवक जबरन उठा ले गए। उस नाबालिक बच्ची को जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। इस मामले की पुष्टि करते हुए एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली तत्काल कार्रवाई की गई। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम बनाकर पुलिस ने छापेमारी की। सूचना मिलने के 2 घंटे के अंदर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि भुली क्वार्टर निवासी लक्ष्मी देवी ने बुधवार की दोपहर पुलिस को यह सूचना दी कि उसकी नाबालिक पुत्री को उनके क्वार्टर के सामने से ही कुछ युवकों ने जबरदस्ती उठा लिया है। उसका अपहरण कर उसे जंगल की ओर ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को बताया कि डब्लू कुमार पिता कैलाश रविदास, दीपक भुइंया पिता खीरू भुइंया और आकाश कुमार पिता महेंद्र रविदास के द्वारा इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में पोस्को एक्ट दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि डब्लू, दीपक और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मनीष जायसवाल की ऐतिहासिक जीत के लिए गोलबंद हुए कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के झंडा चौक स्थित संसदीय क्षेत्र के चुनाव कार्यालय सभागार में हजारीबाग भाजपा जिला कमिटी की ओर से बूथ सत्यापन समिति सह भाजपा के प्रमुख दायित्ववान कार्यकताओं की एक अहम बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, गणेश यादव, बटेश्वर प्रसाद मेहता, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक टुन्नु गोप, पूर्व जिला अध्यक्ष सह सदर विधानसभा संयोजक शंकरलाल गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और मां भारती भारत माता, भाजपा के आदर्श डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत हुई। जिसके पश्चात सभी अतिथियों को अंग- वस्त्र ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक में प्रत्येक भाजपा मंडलों से 03 पंचायत का एक कलस्टर बनाया गया। जिसमें प्रति कलस्टर स्तर मंडल के पदाधिकारी, पंचायत के प्रभारी, पंचायत के संयोजक एवं जिला से नामित एक वरिष्ठ व्यक्ति का नाम शामिल होगा। ये सभी बूथ का सत्यापन का कार्य करेंगे। यह कार्य आगामी 01 अप्रैल से 05 अप्रैल तक पूरी की जाएगी। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि टिकट घोषित होने के दूसरे दिन से ही तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और करीब हुए लोकसभा क्षेत्र का एक चक्कर प्रमुख स्थलों का सघन दौरा कर लिया। अब लोकसभा क्षेत्र के हरेक मंडलों में एक मंडल प्रत्याशी एक दिन कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। उन्होंने बताया की 01 मई को हम नामांकन करेंगे और 6 मई से 18 मई को चुनाव प्रचार थमने के समय तक सघन जनसंपर्क करेंगे।

### पेड़ काटने के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को किया घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरू पंचायत के जपकाकोना गांव में बुधवार को जंगल में पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई को लाठी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर। घायल की पहचान एंथोनी लकड़ा के रूप में हुई वहीं मारने वाला अनिल लाकड़ा मौके से फरार हो गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एंथोनी लकड़ा अपने घर के पास वाले पेड़ से लकड़ी काट रहा था, इसी दौरान शराब के नशे में धुत होकर आए अनिल लाकड़ा ने पेड़ पर हिस्दारी की मांग की ,जबकि बड़े भाई ने बताया कि वह उसके द्वारा खरीदा गया पेड़ है यह उसके पूर्वजों के द्वारा नहीं दी गई है, लेकिन इसके बावजूद उसने एक न सुनी और कासुनी करते हुए पास में रखे हुए लाठी से उसकी पिटाई कर दी जिससे उसके माथे में गंभीर चोट लगी और घायल हो गया। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद बीरू पंचायत के मुखिया गंगाधर लोहार एवं समाज सेवी मुकेश पांडा घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है।

## धूमधाम से मना होली का त्योहार, दिल में रहा उल्लास



**बरही।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास संपन्न हुआ. रविवार के होलीकादहन के बाद लोगो पर रंगों का खुमार चढ़ने लगा था. पंचांग के अनुसार होली एक दिन बाद मंगलवार को शुभ बताया गया था. बाबजूद सोमवार को भी रसोइयाधमना, मलकोको, बरही आदि विभिन्न इलाकों में होली नवयुवकों व बच्चो की टोलियां होली के रंग में सराबोर दिखे. मंगलवार के अहले सुबह से ही बच्चो की टोलियां रंग व पिचकारी लेकर सड़को पर लोगो को रंग लगाते दिखे. दोपहर होते ही नवयुवकों और महिलाओ की टोलियां भी धूम मचाते डोर टू डोर रंग लगाने निकल पड़ी, जो घंटो चला. देर संध्या होते ही होली का दूसरे स्टेज प्रारंभ हुआ. जिसके तहत गुलाल के साथ बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं और नवयुवकों की टोलियां होली के पारंपरिक गीतों पर थिरकते नजर आए. जो देर तक एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलते रहे. शांति व्यवस्था बनाए रखने के पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद दिखा. पुलिस गश्ती भी चुस्त दुरुस्त रही. कुल मिलाकर बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से होली का त्योहार शांतिपूर्ण मनाए जाने का पता चला है.

### होली में जम कर बरसे गुलाल, रंगों में सराबोर रहा सिमडेगा

# एक-दूसरे को लगाया गुलाल बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

**शहर की गलियों में इनकी टोलियां होली का हुड़दंग मचाती रहीं, शाम को अबीर गुलाल का चला दौर**



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** रंगों का त्योहार होली जिले में उमंग, उत्साह और अमन का पैगाम लेकर आया एवं मंगलवार को लोगों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दी। रंगों की बौछार में लोगों ने आपसी बैर भाव को धो दिया और खुलकर गले मिले। अमीर गरीब सभी लाल, पीले और अन्य चटख रंगों से रंगे रहे। होली का त्योहार अमीरों और गरीबों के बीच भी सौहार्द्र का पुल बना। महिलाएं और बच्चे भी पीछे नहीं रहे। शहर की गालियों में इनकी टोलियां होली का हुड़दंग मचाती रहीं। शाम को अबीर गुलाल का दौर चला। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और बड़े बुजुर्गों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया। इससे पहले फाल्गुन पूर्णिमा की रात शहर के श्रीरामजानकी मंदिर, यूथ कम्बीनेशन, गांधी मैदान, प्रिंस चौक, कुंज नगर, सदर अस्पताल के निकट और अन्य जगहों में होलिका दहन किया गया। लोगो ने चने के पौधों को इस आग में सेंककर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। इधर ठेठईटांगर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचल में रंगों का त्योहार होली सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मौके पर प्रखंड मुख्यालय में शिव मंदिर परिसर और ब्लॉक कलोनी में विधि-विधान पूर्वक पूजन-अनुष्ठान के साथ होलिका दहन किया गया। सोवार की प्रातः से ही बच्चो और युवाओं की टोली का एक दूसरे पर रंग डालते देखा गया। अपराह्न के बाद लोगों को एक दूसरे का अबीर-गुलाल लगा होली का बधाई देते देखा गया। मौके पर दूसरे धर्म के अनुयायी भी आपसी एकता मिसाल दिखाते हुए लोगों को होली की बधाई दी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता पुलिस बल के साथ मुस्तैद देखे गए। बोलबा मुख्यालय में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगा कर होली का बधाई दी। वहीं पर्व को लेकर पुलिस बल लगातार गश्त करते देखे गए। जलडेगा मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## होली के दिन जंगली सूअर के हमले से एक व्यक्ति की मौत, आधा दर्जन घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सदर थाना क्षेत्र के पिथरा पंचायत के अलग-अलग टोलियों में लोग होली की तैयारी में जुटे ही थे कि एक जंगली सूअर ने हमला कर एक व्यक्ति की जान ले ली। वहीं छह लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मृत व्यक्ति का नाम निकोलस टोप्पो है। वह पिथरा माईघाट का रहने वाला है।घायलों में पिथरा ढावठाटोली निवासी अमित किड़ो,पिथरा लेदनटोली के निवासी फुलजेम्स किंडो व मनोज टोप्पो, पिथरा नवाटोली की निवासी माइकल डुंगडुंग, कोंनबेगी मुंडलटोली निवासी संजय कुजूर व बाघचट्टा निवासी ललित कुजूर शामिल है। इधर घटना के बाद स्वजनों ने घायलों को सदर अस्पताल में लाया है, जहां चिकित्सक के द्वारा इलाज किया जा रहा है। इधर सूचना मिलने के बाद वन विभाग के पदाधिकारी-कर्मी भी सदर अस्पताल पहुंच चुके हैं। वन विभाग के द्वारा घायल को सहायता स्वरूप 5 हजार की राशि दी गई।इधर ग्रामीण दीपक ने बताया कि लोग सुबह में पर्व की तैयारी कर ही रहे थे कि इसी दौरान एक बड़े आकार के जंगली सूअर ने हमला कर एक की जान ले ली। भागने के क्रम में वह छह लोगों को घायल कर दिया।इधर जंगली सूअर के आने व हमले से गांव में भगदड़ की स्थिति बन गई। लोग अपनी जान बचाने को लेकर बदहवास रहे।डीएफओ विकास कुमार ने बताया कि घायलों को मदद देने की कोशिश की जा रही है।विदित हो कि पिथरा पंचायत क्षेत्र में पूर्व में जंगली हाथी भी आते रहे हैं। वहीं इन इलाकों में अभी जंगली सूअर यदा-कदा आकर नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन यह पहली घटना है जब जंगली सूअर ने बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचाया है।

### टाटीझरिया में धूमधाम से मना होली का त्योहार, खूब उड़े अबीर-गुलाल

# एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दी होली की बधाई



**होली में एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली और लोगों को शुभकामनाएं दीं**

**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** टाटीझरिया में मंगलवार को रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। युवाओं की टोली जगह-जगह डीजे बजाकर शाम तक नाचते-झूमते देखे गए। टाटीझरिया क्षेत्र के डुमर, धरमपुर, जेरूवाडिह, कोल्हू, बेड़म, होलंग, बेरहो, डहरभंगा, भराजो, खैरा, गोधिया, अमनारी, खंभवा, मंडपा, नारायणपुर सहित अन्य जगहों पर होली की धूम थी झरपो देवी मंडप चौक पास रंगो से भरा मटका फोड़ का आयोजन किया गया बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। पूरे क्षेत्र में होली का पर्व शांति पूर्ण महौल मे मनाई गई। प्रशासन की मुस्तैदी से कही भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने दल बल के साथ क्षेत्र में मुस्तैद दिखे क्षेत्र के गांवों में होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगा था।

## न्यूज बॉक्स

### कोल्ड स्टोरेज के पूर्व मैनेजर के पुत्र की संदेहास्पद स्थिति में मौत



**बरही।** कोल्ड स्टोरेज के पूर्व मैनेजर दयानंद मुखर्जी के बड़े पुत्र नयन मुखर्जी (28वर्ष) की अचानक हुई मौत से आसपास के लोग हतप्रभ हैं। जानकारी देते हुए विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने बताया कि मृतक होली के दिन सुबह करीब 9 बजे ठीक से रंग खेला. चाय पीकर आराम करने चला गया. देर दोपहर जब घर वालो ने उसे उठाने का प्रयास किया गया तो वह मृत पाया गया. इसकी जानकारी मिलते ही सभी आस पास के लोग इकट्ठे हो गए. अचानक हुए मौत से सभी हतप्रभ थे. मृत्यु के कारण स्पष्ट नहीं होने से लोग सशंकित थे. मौत का करना संदेहास्पद व्यक्त किया जा रहा है. इस कारण मृतक के शव का का अंत्यपरीक्षण भी कराया गया. परंतु अब तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका है. उन्होंने बताया कि आशंका जताया जा रही है कि मौत हृदयाघात से हुआ है. मृतक के पिता के अनुसार कुछ वर्ष पहले उसे कभी कभार मृगी जैसे दौरे आते थे. परंतु कई वर्षो से वह बिलकुल ठीक था. ज्ञातव्य हो कि मृतक नेक्सजेन किड्स इंस्टेनेशंल स्कूल में बतौर प्राचार्य कार्यरत थे. वह अपने पीछे पत्नी और और चार वर्षीय पुत्र छोड़ गए है.

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, दिए कई दिशा निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बन रहे पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।इस दौरान उक्त पदाधिकारियों ने कॉलेज के विभिन्न कमरों का निरीक्षण कर पोलिंग पार्टी, सेक्टर मजिस्ट्रेट समेत अन्य के बैठने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। वहीं कॉलेज कैंपस में पोलिंग पार्टी संग ईवीएम वीवीपैट के डिस्पैच, वाहनों की पार्किंग, मतदान के लिये जरूरी आवश्यक सामग्री वितरण करने के क्षेत्र को भी चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। कार्यपालक अभियंता एवं कार्यपालक पदाधिकारी को कॉलेज कैंपस के मैदान में टेंट लगाने समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुये प्राथमिकता के आधार पर तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया. उन्होंने अच्छे से सभी कार्य को सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने को कहा जिससे कि पोलिंग पार्टियों को डिस्पैच के दिन किसी प्रकार का परेशानी ना हो। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशोर राम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, नियोजन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### आलिंगुड़ पहाड़ टोली में मटका फोड़ प्रतियोगिता में समसेरा की टीम लगातार दूसरी बार हुई विजयी



**बोलबा।** प्रखण्ड के आलिंगुड़ पहाड़ टोली में आयोजित मटका फोड़ प्रतियोगिता में समसेरा की टीम अपने पहले प्रयास में ही मटका फोड़कर खिताब अपने नाम कर लिया। समसेरा टीम की यह लगातार दूसरी जीत है। पिछले साल भी यह टीम मटका फोड़ प्रतियोगिता में विजयी हई थी। कार्यक्रम की शुरूआत समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक, मालसाड़ा मुखिया विनोद बड़ाईक, बोलबा थाना एएसआई टोपनो सर के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर की गई। इसके बाद आलिंगुड़ और आलिंगुड़ पहाड़ टोली की टीम को सबसे पहले मटका फोड़ने का मौका मिला, आलिंगुड़ और आलिंगुड़ पहाड़ की टीम मटका फोड़ने में असफल रही। उसके बाद समसेरा की टीम को मौका मिला। समसेरा की टीम अपने पहले प्रयास में ही मटका फोड़कर खिताब अपने कर लिया।कार्यक्रम को सफल आयोजन में उपमुखिया सियाबर सिंह, पारस सिंह,भानू प्रताप सिंह, रामचन्द्र सिंह, सुदन सिंह, राधेश्याम सिंह,बुलेश्वर सिंह, किशोर कुमार सिंह, पंकज सिंह दिगंबर सिंह, सुरजा सिंह सहित आलिंगुड़ पहाड़ टोली के सभी कमिटी के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

### शहीद की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



**जलडेगा।** प्रखण्ड के विलियम लुगुन चौक पर शहीद विलियम लुगुन की स्मृति में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। हर वर्ष 26 और 27 मार्च को विलियम लुगुन चौक पर शहीद की स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परंतु इस वर्ष आदर्श आचार संहिता को देखते हुए कोई भी कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा नही किया गया। वहीं शहीद की स्मृति में उनके परिवार जनों और उनके जीवनकाल के साथियों द्वारा शहीद की कब्र स्थल पर पारंपरिक पूजा अर्चना किया गया उसके बाद विलियम लुगुन चौक पर शहीद विलियम लुगुन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया जयमिला लुगुन , शहीद विलियम लुगुन की धर्मपत्नी सिलबिसी लुगुन, ग्राम प्रधान इरेनियुस लुगुन, रेयाड़न लुगुन, बिरसु लुगुन,एवं शहीद के जीवनकाल के साथी ढ़ोलो सिंह , मसकल्याण समद उपस्थित थे।

### नायक फ्यूल स्टेशन इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम का शुभारंभ

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सोनारटोली में नायक फ्यूल स्टेशन इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम नामक शुभारंभ शोरूम के संचालक की माता सुमित्रा देवी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर मसीही धर्मगुरु अभिषेक तिर्की के द्वारा विशेष प्रार्थना एवं आशीष वचन देकर शोरूम की उन्नति एवं सिमडेगा जिला के बेरोजगारों के आर्थिक उन्नति के लिए प्रभु यीशु से याचना की गई ,शोरूम के उद्घाटन के मौके पर सिमडेगा जिला पेट्रोल पंप डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह शोरूम के संचालक दुर्गा नायक ने बतलाया की मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया द्वारा निर्मित इलेक्ट्रिक स्कूटी और इलेक्ट्रिक रिक्शा उचित मूल्य पर दी जाएगी ।साथ ही बैंक फाइनेंस की सुविधा भी दी जा रही है, ई रिक्शा बेरोजगारी दूर करने का एक सशक्त संसाधन के रूप में वर्तमान में उभरा हुआ है तथा बैटरी स्कूटी पेट्रोल की महंगाई को कम करने का सबसे बेहतरीन विकल्प है ।जो लगभग 10 पैसा प्रति किलोमीटर में आपको कहीं भी ले जाएगा। शोरूम उद्घाटन के अवसर पर 5 अप्रैल तक गाड़ी बुकिंग करने वालों को विशेष छूट एवं उपहार दी जाएगी ,जिसका लाभ जिलेवासी उठा सकते हैं मौके पर उपस्थित अमर कच्छप, विजय बडाईक ,लालधन नायक, अमृत नायक, शिशिर टोप्पो, राकेश नायक, सुनील लकड़ा,भागीरथ ठाकुर और कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### हजारीबाग यूथ विंग ने होली समारोह का किया आयोजन, कहा

# यह संस्था सामाजिक कार्य में सुनिश्चित करती है अपनी सहभागिता : चंद्र प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** होली महापर्व के शुभ अवसर हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में होली समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह बेहद ही सादगी पूर्वक संपन्न किया गया इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी ने होली के गीतों पर सभी को जमकर झुमाया। इसके बाद सभी ने गीत प्रस्तुत कि। सभी ने आनंदित होकर होली महापर्व का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा यह कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही बीते वर्ष की भूल चूक को माफ कर एक नई गाथा लिखने की परंपरा प्रारंभ किया। समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ अध्यक्ष करण जायसवाल भी मौज मस्ती करते नजर आए। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की सदैव सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करती है संस्था आने वाली रामनवमी महापर्व में भी कई कार्यक्रम संस्था के द्वारा आयोजित किए जाएंगे। वही मौके पर करण जायसवाल ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार हम सभी को एक साथ मिलकर मानना चाहिए। आगामी त्योहारों में भी हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। हजारीबाग यूथ विंग पिछले दो वर्षों से लगातार सेवा का कार्य कर रही है। इस मौके पर अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, प्रवेक जैन, वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,सनी देव,शानू सिंह, गुंजन मद्धेशिया, सुनील केशरी,प्रिंस कसेरा सहित कई लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ जिला नाई समिति ने उल्लास के साथ किया होली मिलन आयोजित

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला नाई समिति की ओर से स्टेप बाय स्टेप स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो पूर्ण कांत कुमार ठाकुर जिलाध्यक्ष रामगढ़ ने की। संचालन जिला सचिव लालचंद ठाकुर एवं जिला कोषाध्यक्ष प्रणीत कुमार ठाकुर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नूतन आनंद ठाकुर ने किया। सभी लोगों ने होली के गीत की प्रस्तुति की एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशियां बांटी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष प्रो पूर्ण कांत ने कहा कि आपस में भाईचारे के साथ होली का त्योहार मनाएं। मिकल युक्त रंगों का प्रयोग होली में ना करें। सेवानिवृत शिक्षिका माया ठाकुर ने समाज के लोगों को आपस में मिलजुल कर होली मनाने का संदेश दिया। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से संरक्षक महेंद्र ठाकुर, माया ठाकुर, राजेश ठाकुर, कृष्णा ठाकुर ,प्रदीप ठाकुर ,अशोक शर्मा, मणि शंकर ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर, हीरालाल ठाकुर, संतोष ठाकुर, पीहू कुमारी के अलावे नाई समाज के लोग उपस्थित थे।

## एकतरफा प्यार में अंधे प्रेमी ने युवती के भाई की कर दी हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** एक तरफ जहां पूरा समाज होली के रंग में सराबोर था, वहीं दूसरी तरफ एकतरफा प्यार में अंधे एक 19 वर्षीय प्रेमी ने युवती के 14 वर्षीय भाई की हत्या कर डाली। जिले के गोला प्रखंड में हुई इस जघन्य अपराध का जब खुलासा हुआ तो हर व्यक्ति आवाक रह गया। रामगढ़ एसपी डॉ विमल कुमार ने बताया कि हत्यारे सूरज कुमार महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर 14 वर्षीय बच्चे की लाश भी जंगल से बरामद कर ली गई है। एसपी ने बताया कि 25 मार्च को रवि कुमार (14) का अपहरण उसके गांव कोराम्बे से हुआ था। रवि के पिता पिता शंकर महतो ने पुलिस को बताया था कि उसे मुरपा गांव के सूरज कुमार महतो पर शक है। क्योंकि उसने कुछ दिनों पहले ही जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में शंकर महतो ने कहा था कि सूरज ने उनके बेटे रवि का अपहरण हत्या करने की नीयत से ही किया है। रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में गोला थाना प्रभारी और अन्य पुलिस पदाधिकारी ने छापेमारी शुरू की। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सूरज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सूरज ने पुलिस को बताया कि उसने रवि की हत्या कर दी है और उसकी लाश बंदा गांव के जंगल में छुपा दिया है।

**सूरज पर हत्या करने की चढ़ी थी सनक**

पुलिस ने जब सूरज कुमार महतो को गिरफ्तार किया तो उसने तत्काल ही अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सूरज पर पहले से ही हत्या करने की सनक चढ़ चुकी थी। जानकारी के अनुसार सूरज शंकर महतो की बेटी की तरफ आकर्षित था। इसके लिए वह किसी भी हद को पार करने की बात करता था।

# डॉ सरफराज अहमद की मौजूदगी में दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने की झामुमो में वापसी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के डोकीडीह पंचायत के मोहनपुर गांव में बुधवार को झामुमो कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। इसका संचालन मो आलम ने किया। इस दौरान गांडेय विधान सभा उपचुनाव पर विशेष चर्चा की गई। वहीं, इस दौरान वैसे दर्जनों कार्यकर्ताओं को पार्टी में ज्वाइनिंग कराई गई, जो पिछले दिनों बीजेपी में शामिल हो गए थे। सभी को राज्यसभा सदस्य द्वारा झामुमो पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो पार्टी में शामिल कराया गया। इस दौरान



सरफराज अहमद ने कहा कि पार्टी के कुछ साथी इधर उधर चले गए थे। पुनः उनलोगो से बात करके झामुमो में शामिल किया गया है। कहा कि बड़े बड़े होटल, ट्रेन को केंद्र सरकार द्वारा बेचा जा रहा है। चंदे के पीछे क्या धंधा किया गया है, किसी से छुपा नहीं है। देश के बड़े बड़े व्यापारी से चंदा लेके बड़े बड़े काम दिए हैं। आयोजित बैठक में जिला सचिव महालाल सोरेन, ध्रुवदेव पंडित,बबली मरांडी, गोपीन मुर्मू, मुखिया अकबर अंसारी, सहित कई ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी, उपमुखिया, मो मोकिम, पूर्व मुखिया मसरूदीन अंसारी, मो जाकिर, नसीम अंसारी, प्रेमजीत मुर्मू, मो अख्तर, भीम सिंह कुंवर सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### कमरे का ताला तोड़कर नकद और गहनों की चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना अंतर्गत कीताडीह गाड़ीवान पट्टी निवासी चंदू महाली के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने चंदू महाली के घर के एक कमरे का दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश कर गए। कमरे में रखे अलमीरा को तोड़ उसमें रखे नकद समेत गहनों की चोरी कर फरार हो गए. बुधवार सुबह चंदू को चोरी की जानकारी हुई. उन्होंने इसकी सूचना भाजपा नेता विमल बैठा को दी. विमल बैठा चंदू के आवास पहुंचे और घटना के बारे में जानकारी ली. इस संबंध में चंदू ने परसुडीह थाना में भी लिखित शिकायत की है.चंदू ने बताया कि वह मंगलवार देर रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था. सुबह उठा तो उसे चोरी की जानकारी हुई. चोरों ने घर के दुसरे कमरे में लगे ताले को तोड़ा और चोरी की. चोर अपने साथ 14,800 नकद समेत लगभग 1.50 लाख के गहने अपने साथ ले गए. इधर, विमल बैठा ने प्रशासन से बात कर चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

### बहरागोड़ा में आंधी तूफान से मची तबाही

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में विगत सोमवार को शाम आये आंधी तूफान से कई स्थानों पर बिजली का खम्भा टूटकर गिर गया.वहीं कई क्षेत्र में ओले भी पड़े. तेज आंधी के कारण यहां के अंजली कुंडू का घर के छप्पर उड़ गए. बुधवार को मुखिया राम मुर्मु अंजली कुंडू के घर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारी को अवगत करा कर जल्दी उनको अबुआ आवास देने के लिए मांग किये. खांडामौदा में बिजली के खंभा गिर जाने के कारण 15 घंटे तक बिजली नहीं रहने से लोग बेहाल रहे।

# अबुआ आवास निर्माण में अनियमितता सीमेंट की जगह मिट्टी का हो रहा इस्तेमाल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
**बिरनी।** राज्य सरकार द्वारा गरीबों के लिए अबुआ आवास मुहैया कराने को लेकर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन दूसरे और पंचायत के अधिकारियों ने अपने दम पर अपनी नियम पर अबुआ आवास में अनियमितता बरती जा रही है। भ्रष्टाचार इतनी चरम सीमा पर है कि अबुआ आवास निर्माण में सीमेंट की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला बिरनी प्रखंड के बलिया पंचायत के कुम्हारपिटनी गाँव में सामने आया है। लाभुक कुम्हारपिटनी गाँव की राधिकी देवी है। इनका अबुआ आवास निर्माण किया जा रहा था। सीमेंट की जगह मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। राधिकी देवी अकेली हैं। इनका ना कोई बेटा है या नही बेटी है। इनका पति भी नहीं है। लेकिन भी पंचायत के अधिकारियों इसका ध्यान नहीं रखा और अपनी पैकेट भरने के लिए मिटटी से पाँच फीट दीवाल ऊंचा उठा दिया है। अब सवाल उठता है कि झारखंड सरकार गरीबो के लिए इतना खर्च करती है तो फिर मिट्टी का उपयोग क्यों?



### पंचायत सचिव और रोजेगार सेवक ने गिराई मिट्टी से बनाई जा रही अबुआ आवास की दीवार

मिट्टी से अबुआ आवास निर्माण किया जा रहा था। तब जब इस मामले को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार के संवाददाता इस मामले को जब पड़ताल किया तो पाया गया कि सीमेंट की जगह मिट्टी का प्रयोग किया गया। जब इसकी भनक स्थानीय पंचायत सचिव और रोजेगार सेवक को लगी तो वे तुरंत स्थल पर पहुचकर दीवार को गिरा दिया। रोजगार सेवक मुबारक अन्सारी से पूछे जाने पर कहा कि मिट्टी का निर्माण किया जा रहा था।

### क्या कहते हैं बिरनी बीडीओ सुनील कुमार

प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि इस तरह अबुआ आवास निर्माण कार्य की सूचना आपके द्वारा प्राप्त हुई है। अगर सीमेंट की जगह मिट्टी का उपयोग किया किया होगा तो फिर जांच करके दोषी पाए जाने वाले पर कार्यवाही किया जाएगा।

### बिना जमीन मापी किए बनाए अबुआ आवास

लाभुक राधिकी देवी ने बताया कि जब भी अबुआ आवास निर्माण करने के लिए शुरू किए लेकिन बिना जमीन मापी किए और बिना नक्शा ही बना दिए।

## पुल का रेलिंग तोड़ नदी में गिरा टैक्ट्रर चालक की मौत

**गिरिडीह।** खुखरा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र के राजूडीह पुल का रेलिंग तोड़कर रविवार की शाम एक टैक्ट्रर नदी में गिर गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक ट्रैक्टर चालक बताया जा रहा है। मृतक की पहचान खुखरा थाना क्षेत्र के दोन्दोंसिमर गांव निवासी महेश कोल पिता बलभद्र कोल के रूप में किया गया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद सोमवार की सुबह घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद घटना की जानकारी खुखरा थाना एवं पीरटांड़ थाना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पीरटांड़ थाना एवं खुखरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जब्त कर लिया गया। कागजी प्रक्रिया के बाद शव को गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# रालोजपा एनडीए के साथ थी और आगे भी रहेगी : राजकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दावा किया है कि आज भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और हर कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को विजय दिलाने के लिए पूरी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड इकाई अपने मजबूत संगठन के बदौलत एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगी। तथा नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली सरकार में सहयोगी रहेगी श्री राज ने कहा की अपेक्षा का अनुरूप सीट बंटवारे में स्थान नहीं मिलने से कार्य कताओं में निराशा जरूर है लेकिन गुस्सा में जहर नहीं खाना है और हर कीमत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है श्री राज ने कहा है की राष्ट्रीय लोक



जनशक्ति पार्टी का एक भी अधिकृत बयान एनडीए के खिलाफ अभी तक नहीं आया है इसलिए तमाम पार्टी के कार्यकर्ता अपने आप को एनडीए का हिस्सा मानकर सभी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे श्री राज ने कहा कि उन्होंने सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों की घोषणा पूर्व में ही कर दिया है जो एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे श्री राज ने कहा कि पूरे 5 वर्ष एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करने के बाद कहीं से कोई कार्यकर्ता एनडीए के विरुद्ध जाने वाला नहीं है इसलिए एनडीए घटक दल की प्रमुख साथी भारतीय जनता पार्टी और आलसू के नेताओं से आग्रह है कि जहां कहीं भी राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी हैं उनका चुनाव संचालन समिति में सम्मिलित करने का काम करें ।

# अनेकता में एकता की पहचान कराती है होली

### करुणामय समाज निर्माण के उद्देश्यों के प्रति सजग बनाने के लिए होली मिलन उत्सव आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
प्रखंड में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन द्वारा संचालित बाल मित्र ग्रामों में रंगों के त्योहार से पूर्व ग्रामवासियों के संग करुणामय समाज निर्माण हेतु होली मिलन उत्सव समारोह कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसके तहत प्रखंड अंतर्गत संचालित 20 बाल मित्र ग्रामों में यह कार्यक्रम आयोजित की गई। संगठन के जिला समन्वयक सुरेंद्र पंडित ने बताया कि, होली एक ऐसा त्योहार है जो अनेकता में एकता का बोध कराता है। समाज में इंद्रधनुष के सात अलग अलग रंगों जैसे विभिन्न समुदाय निवास करते हैं अगर ये सभी मिलकर एकता के सूत्र में बंध जाएं तो अनुपम छटा बिखेरेंगे। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन का प्रयास है कि सभी को करुणामय समाज निर्माण के लिए आगे आना चाहिए। करुणामय समाज से तात्पर्य यह है कि ऐसा समाज जहां ऊंच -नीच, अमीरी - गरीबी, बड़ा - छोटा, हिंदू - मुस्लिम, लड़का - लड़की जैसे भेदभाव को समाप्त करते हुए सभी के लिए आपसी सद्भाव,सम्मान, सहयोग और प्रेम को बढ़ावा देना है। वर्तमान समय में करुणामय समाज निर्माण निनांत आवश्यक है।
होली मिलन उत्सव के दौरान से समाज में आपसी प्रेमभाव के साथ शांति पूर्वक होली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें खासकर केमिकल युक्त रंगों का बहिष्कार करते हुए प्राकृतिक रंगों और गुलालों के प्रयोग करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। सभी ने प्रण लिया कि, इस होलिका में हम सभी मिलकर समाज की बुराइयों को जलाएंगे, समाज में बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, अशिक्षा, नशाखोरी, घरेलू हिंसा सहित अन्य कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सभी ने शपथ लिया।




### अबकी होली करुणामय होली, अश्लीलता और फूहड़ता मुक्त होली

होली मिलन उत्सव समारोह को तिलकडीह पंचायत के तिलकडीह, चौकी, जेरोड़ीह, परसाडीह, पंदनाडीह, लाहीबारी, भातूरायडीह, बाघरायडीह, गरहि, फूटका, सालबहियार, कोयरिडीह, कोवाटांड घसकरीडीह पंचायत के जवारी, कुंडीलवा, बिझारा, बड़कीटांड़, कमार्टांड़, महातोधरन तथा हरियाडीह पंचायत के दुलाभीठा में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया और करुणामय समाज निर्माण के लिए अपना योगदान निभाने का वादा किया।

## छह वर्षीया ईवा रख रही है रोजा, पढ़ती है कुरान शरीफ

**बिरनी।** रमजान के पवित्र माह में छोटे-बड़े बुजुर्ग और मुस्लिम महिलाएं रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। घर में धार्मिक माहौल को देख कर प्रखण्ड के भरकट्टा निवासी मोबिन अख्तर की 6 वर्षीय नतनी इवा अल्तमस भी रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रही है । नानी साहिना प्रवीण बताती है कि आज के मॉडर्न समय में बच्चे धर्म से कटते जा रहे हैं परन्तु यदि बच्चे भी धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे तो वह कभी भी गलत रास्ते को नहीं चुनेंगे। वह बताती हैं कि अल्तमस मॉडर्न स्कूल में पढ़ाई करती है फिर भी वह धार्मिक ग्रन्थ कुरान शरीफ को पढ़ती है। वहीं इवा अल्तमस ने बताया कि वह पूरे रमजान माह में रोजा रखेगी। वह पढ़लिख कर आईपीएस अफसर बनना चाहती है। कहा कोरोना ने जिस तरह पुलिस ने लोगों की सेवा की यह देख कर उसने आईपीएस अफसर बनकर देश की सेवा करने की प्रतिज्ञा किया है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह एसपी ने तिसरी के लोकाय थाना इलाके के बूथों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने मंगलवार को तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना इलाके के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थानसिंहडीह स्थित अंतरराज्यीय सीमा चेक पोस्ट का भी औचक निरिक्षण किया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू हो चुका है। विधि - व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस - प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद हो चुकी है। इसी के मद्देनजर गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक अभियान...., अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खोरीमहुआ नीरज कुमार सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रखंड के लोकाय थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य सह उच्च विद्यालय नयनपुर, यूएमएस गंजवापेसरा, यूएमएस मुखबली, यूएमएस नारोटांड, उत्क्रमित उच्च विद्यालय थानसिंहडीह आदि चयनित पोलिंग बूथों का जायजा लिया। साथ ही थानसिंहडीह में बनाए गए अंतरराजयीय सीमा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया।

मौके पर एसपी ने थानसिंहडीह ओपी प्रभारी व चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों से राजकीय सीमा इलाके व चेकिंग संबंधित जानकारी ली साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर एसपी शर्मा ने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि दूसरे राज्यों से आने व जाने वाले एक भी वाहन बगैर चेकिंग के चेक पोस्ट से नहीं गुजरना चाहिए। साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। गांवा इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो, लोकाय थाना प्रभारी नीरज कुमार, तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक, थानसिंहडीह ओपी प्रभारी आनंद सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।





## न्यूज बॉक्स

### सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी ने गरीब कन्याओं के विवाह में किया सहयोग



**गिरीडीह।** गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था के मुख्य उद्देश्य मुख्तार अंसारी महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निर्देशानुसार आज गिरिडीह जिला के तीन गरीब लड़की के शादी में सहयोग किया गया जैसा पेठियाटांड गांव के प्रकाश साहू के पुत्री सुलेखा कुमारी,और कल्याणडीह गांव के मनोज साव के पुत्री जुली कुमारी और महेश साव के पुत्री काजल कुमारी के शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से आर्थिक सहयोग राशि संस्था के गिरिडीह जिला प्रभारी मुख्तार अंसारी जी के द्वारा लड़की के माता पिता के हाथो ग्रामीणों के उपस्थिति में सोपा गया। वहा उपस्थित सभी गाव वालो को बताते हुए मुख्तारजी ने बताया कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से सुरु करते हुए आज झारखण्ड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,बंगाल में भी संस्था जो कार्य कर रही है जो बहुत ही सरणीय बात है। संस्था जो स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निशुल्क दवा वितरण करने के काम करने जा रही , इसे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है,कियुकी आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के इलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था निशुल्क दवा हर घर पहुंचना संस्था के अहम भूमिका निभा रही है । संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था की मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम कर रही है ताकि पठन पाठन सामग्री के कारण कोई भी गरीब बच्चा पढ़ने में असमर्थ ना हो, इसे देखते हुए संस्था हरेक वार्ड स्तर पर एक एक बाल शिक्षा केंद्र खोला जा रहा है ताकि गरिबो को बच्चा सही और अच्छा शिक्षा प्राप्त कर सके । आगे बताया कि संस्था की ओर से महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण दिए जाते हैं जिस महिला अपने आप में आत्मनिर्भर बन सके। संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना, और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी जन कल्याणकारी कार्य कर रही है, संस्था गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग करते आ रही है। मौक पर एसोसिएट प्रेमा देवी के अलावे आस पास के ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन




**गिरिडीह।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से जमुआ प्रखंड में मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज के कलाकारों द्वारा जमुआ प्रखंड के ग्राम नई टांड़ पंचायत बालगो, ग्राम काजिमागा, ग्राम ग्राम बॉबी, ग्राम जमुना में नुक्कड़ नाटक जन जागरण हेतु किया गया। जिसमें कलाकारों ने लोगों को बताया की इस बार होने वाले चुनाव में माताएं बहने भाई साथी चाचा चाचा सभी लोग जिनकी उम्र 18 से ऊपर और वोटर लिस्ट में नामांकन हो चुका है। वह सभी मतदान के दिन मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत दे तथा अपने विवेक द्वारा नेताओं का चयन करें जो उनके भाग्य भविष्य के लिए कारगर सिद्ध हो आग के कलाकारों ने अपने अभिनय द्वारा लोगों में मतदान के प्रति जागरूक होने के लिए बतलाया ।कलाकारों में कलाकारों में मदन मंजरवे, उत्तम चक्रवर्ती, विकास कुमार, संतोष कुमार, कविंद्र भट्टाचार्य, सहदेव, और शंकर शामिल थे।

### खेरवाल दिशोम जाहेरगाड़ चेंगजोड़ा में मनाया गया बाहा बोंगा पर्व

**घाटशिला।** खेरवाल दिशोम जाहेरगाड़ चेंगजोड़ा में दिशोम बाहा बोंगा पर्व पारंपरिक विधि विधान व हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को मनाया गया. नायके गोपीनाथ मुर्मू ने मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत पूजा अर्चना किया. उसके बाद हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया. इससे पहले नायके बाबा को ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक नृत्य करते हुए नायके बाखुल से जाहेरगाड़ तक ले जाया गया.जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू के नेतृत्व में आयोजित इस बाहा बोंगा में दर्जन भर बाहा नृत्य मंडलियों ने भाग लिया. श्रीमती मुर्मू ने संबोधित करते हुए कहा कि बाहा बोंगा आदिवासियों का महान पर्व है. इसके माध्यम से जनजातीय समाज प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को उत्सव के रूप में मनाते है. इस समय नए फूल, फल व नए पत्ते का आगमन होता है. जिसे जनजातीय समाज सहर्ष स्वीकार करता है. उन्होंने कहा कि प्रकृति का सम्मान ही बाहा बोंगा की आराधना है. शाम में आंधी बारिश के बावजूद बाहा बोंगा में हजारों लोग डटे रहे.बंगाल से आए शैलानियों ने भी बाहा बोंगा का लुत्फ उठाया. इस मौके पर जाहेर गाड़ के संस्थापक दिवंगत कुनाराम मुर्मू की धर्मपत्नी फुलमनी मुर्मू, मुखिया तारामणि मुंडा, कमेटी के सदस्य सह मुखिया फागु सोरेन, शांखो मुर्मू, लखन मुर्मू, रामसाय सोरेन, सुदाम मुर्मू, फागु मुर्मू, भादो माण्डी, जुझार सोरेन, सुनाराम हांसदा, बिशु टुडू, राम किशोर मुर्मू समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

### अतिक्रमण हटाने के लिए जिप सदस्य ने सौंपा ज्ञापन



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमूड़िया अवस्थित जिला परिषद के जमीन पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए जिला परिषद सदस्या फुलमनी मुर्मू ने अनुमंडल अधिकारी सह बहरागोड़ा अंचल अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि मानुषमूड़िया मध्य विद्यालय के समझ अवस्थित जिला परिषद के जमीन पर गांव के ही कई लोगों द्वारा सैलून आदि दुकानों का निर्माण रातों-रात कर दिया गया.इसमें जिला परिषद के मौखिक आदेश का अनुपालन नहीं करने से वे मामले की जानकारी लिखित रूप से अनुमंडल पदाधिकारी सह बहरागोड़ा अंचल अधिकारी व बरसोल थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर यथा शीघ्र अतिक्रमण मुक्त करने का आग्रह किया।

## चीन की चाल और राजनीति

चुनाव के पूर्व चीन बार-बार भारत के अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत के नाम से पुकार कर भारत के साथ तनाव की स्थिति पैदा करना चाह रहा है। हालांकि भारत सरकार ने बार-बार इसका खंडन करते हुए दुनिया को बताया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट अंग है। अमेरिका ने भी कड़े शब्दों में चीन को चेताते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन चीन अपने रवैये से बाज नहीं आ रहा है।बीते आठ मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में सड़क संचार को बेहतर बनाने के लिए वहां पर सेला सुरंग मार्ग का उद्घाटन किया था। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीन ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अरुणाचल प्रदेश में इस तरह के कार्य नहीं करने चाहिए, क्योंकि यह दक्षिणी तिब्बत का क्षेत्र है। चीन के इस दावे का भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कड़े शब्दों में खंडन किया है और अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को दोहराया है।कहने को तो चीन में कम्युनिस्ट शासन है, परंतु वास्तव में चीन में शी जिनपिंग की सरकार अब भी सामंतशाही प्रणाली की तरह काम कर रही है, जिसके कारण चीन की जनता त्रस्त है और वहां पर चारों तरफ तनाव देखने को मिलता है। अपनी विस्तारवादी नीति के तहत चीन ने पड़ोसी देशों की भूमि पर कब्जा करना शुरू किया और 1951 में तिब्बत पर कब्जा कर लिया। इसी नीति के तहत चीन ने अपने 16 पड़ोसी देशों की भूमियों पर अवैध कब्जे किए हैं।जब भी हमारी सरकार अरुणाचल प्रदेश में कोई भी विकास कार्य करती है, चीन आपत्ति जताने लगता है। लेकिन इस बार भारत के दावे की पुष्टि अमेरिका जैसी महाशक्ति देश ने भी की है और बहुत से पश्चिमी देश भी भारत के पक्ष में हैं। चीन और भारत के बीच में 3,488 किलोमीटर की सीमा है, जिनमें 1,597 किलोमीटर पूर्वी लद्दाख, 544 किलोमीटर हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड, 220 किलोमीटर सिक्किम तथा 1,126 किलोमीटर अरुणाचल प्रदेश में है! अरुणाचल की सीमा का अधिकांश भाग तिब्बत से सटा हुआ है! चीन के साथ लंबे समय से हमारा सीमा विवाद चल रहा है, जिसे चीन सुलझाना नहीं चाह रहा है। इसी के चलते चीन ने अक्तूबर 1962 में भारत पर हमला कर दिया, जिसके लिए भारतीय सेना तैयार न थी। नतीजतन भारत के अक्साई चिन क्षेत्र में 38,000 वर्ग किलोमीटर पर चीन ने अवैध कब्जा कर लिया, जिस पर वह आज तक कायम है! इसके बाद सिक्किम के नाथुला पर 1967 में चीन ने हमला किया, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। फिर 1986 में अरुणाचल के सोमद्रोंचू नाम के क्षेत्र में चीन ने एक हेलीपैड बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया! इसके बाद भारत सरकार ने इस पूरे क्षेत्र में सड़क और पुलों का निर्माण किया, ताकि सेना के टैंक सीमा तक पहुंच सकें! सोमद्रोंचू की झड़प के बाद भारत और चीन के बीच तनाव कम करने के लिए वार्ताएं शुरू हुईं और 1993 एवं 1996 में चीन के साथ सीमाओं पर शांति बहाली के लिए समझौते किए गए! इन समझौतों में यह तय किया गया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के आसपास दोनों देशों के सैनिक बिना हथियारों के ही निगरानी करेंगे! लेकिन चीन बार-बार इसका उल्लंघन करता रहा है! हालांकि भारत ने चीन से लगती सीमा क्षेत्र में अपनी सैन्य तैयारी मजबूत की है और हवाई पट्टी, सड़क एवं पुलों का निर्माण किया है।दक्षिणी चीन सागर और हिंद महासागर में चीन की नौसैनिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए भारत ने अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड गठबंधन किया है। चीन भली-भांति भारत की तैयारी के बारे में जान चुका है, फिर भी वह समय-समय पर भारत से उलझने से बाज नहीं आ रहा है। चीन की बौखलाहट अगली मजबूत सरकार के बनने से रोकने को लेकर है ।

इन दिनों

# गाजा पट्टी में युद्ध विराम की जरूरत


ललित गर्ग



*संयुक्त* राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को, गाजा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्ध विराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इसराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। गाजा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और जरूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है। छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं। बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इस्राइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए। जब तक युद्धरत देशों के अहंकार का विसर्जन नहीं होता तब तक युद्ध की संभावनाएं मैदानों में, समुद्रों में, आकाश में तैरती रहेगी, इसलिये आवश्यकता इस बात की भी है कि जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे। मंगल कामना है कि अब मनुष्य यंत्र के बल पर नहीं, भावना, विकास और प्रेम के बल पर जीए और जीते।

## आपकी बात

### वीरों की नाम पट्टिका लगे


कृष्णा सिंह

पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं। उसके लिए लड़ाई हो जाती है। जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी



दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है। यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला?

**(अध्यक्ष, मा महिला समिति,पंडरा,रांची)**

राजनीति

# मोदी की रैली में जयंत के साथ रहेंगे 'राम'


**डॉ. प्रभात ओझा**

*प्रधानमंत्री* नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरूआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गये थे। दोनों पिता-पुत्र मजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाये रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है। प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है।

> **पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था।**

बोधि वृक्ष

## कोलकाता कालीघाट का मंदिर



पत्थर को तराश कर बनाई गई इस माँ काली की इस प्रतिमा की तीन बड़ी आँखें हैं, साथ ही चार स्वर्ण भुजाएँ भी हैं। इसके अलावा माँ काली के हमेशा से पूज्य स्वरूप के अनुसार प्रतिमा की जीभ भी बाहर निकली हुई है, जो सोने की है। पश्चिम बंगाल, प्रसिद्ध दुर्गा पूजा उत्सव के लिए जाना जाता है। कालीघाट मंदिर में भी यह उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि में इस मंदिर का महत्व बढ़ जाता है। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालु नवरात्रि के दौरान घंटों लाइनों में व्यतीत करते हैं ताकि माँ काली का दर्शन कर सकें। मंगलवार और शानिवार के साथ अष्टमी को कालीघाट मंदिर में विशेष पूजा की जाती है।

**कैसे पहुँचें?** कोलकाता देश के चार प्रमुख महानगरों में से एक है, ऐसे में यहाँ पहुँचने के लिए परिवहन के साधनों की अनुपलब्धता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। कालीघाट मंदिर से कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी लगभग 25 किलोमीटर (किमी) है। प्रसिद्ध हावड़ा जंक्शन, कालीघाट मंदिर से मात्र 10 किमी दूर है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# लेफ्ट जेएनयू से जेएनयू तक


**आरके सिन्हा**

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में वामपंथी छात्र संगठनों को सफलता मिलने के बाद जिस तरह से कुछ कथित बुद्धिजीवी कहे जाने वाले विद्वानों ने सोशल मीडिया में टिप्पणियां की हैं, उन्हें हास्यास्पद ही माना जाएगा। इन विद्वानों ने लेफ्ट पार्टियों के उम्मीदवारों की कामयाबी को आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजों से भी जोड़ा। यहां तक कह दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे आने वाले हैं। जेएनयू में अध्यक्ष समेत सभी चारों सीटों पर वामपंथी दलों के छात्र संगठनों और उनके समर्थित उम्मीदवारों को जीत मिली है। जिस जेएनयू में करीब 5 हजार विद्यार्थी पढ़ते हों उसके छात्रसंघ के नतीजों को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखना मूर्खता नहीं, तो क्या है। हैरानी तो इस बात की है कि जेएनयू के नतीजों पर अपनी राय रखने वाले कुछ माह पहले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के नतीजों की पूरी तरह अनदेखी कर गये। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर कब्जा जमाया था। एक पद पर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को भी जीत मिल थी। जहां सारे जेएनयू में करीब पांच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के अकेले दयाल सिंह कॉलेज में 8 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि छात्रों की संख्या के स्तर पर जेएनयू कितना छोटा सा शिक्षण संस्थान है, दिल्ली विश्वविद्यालय की तुलना में। दरअसल वामपंथी विचारधारा और लेफ्ट दल पूरी तरह से भारतवर्ष में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सब दल तैयारी कर रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, वहां लेफ्ट दलों की तरफ से कोई हलचल तक नजर नहीं आ रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में उसे मात्र 11 सीटें ही मिलीं। पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनावों में माकपा या भाकपा को एक भी सीट नहीं मिली। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजों ने साफ संदेश दे दिया था कि देश के मतदाताओं ने लेफ्ट दलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन नतीजों के बाद लेफ्ट पार्टियों के सीताराम येचुरी, डी.राजा और वृंदा करात जैसे नेता सिर्फ संवाददाता सम्मेलनों और सेमिनारों में ही नजर आते हैं। अपनी पहचान बचाने के लिये पूरी तरह से संघर्षरत नजर आते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बीते दिनों शराब घोटाले में हिरासत में लिया गया तो डी.राजा और उनकी पार्टी भाकपा के कुछ नेता तुरंत केजरीवाल के सरकारी घर में उनकी पत्नी से मिलने पहुंच गए। वहां उन्होंने खबरिया चैनलों को बाइट दी और बस हो गई उनकी क्रांति। लेफ्ट दलों के मौजूदा नेता कभी किसी जन आंदोलन का हिस्सा तक नहीं होते। हां, वे किसी आंदोलन से अपने को मौके के अनुसार जोड़ लेते हैं। जब कुछ किसान एमएसपी को लेकर आंदोलनरत थे, तब लेफ्ट दलों के नेता उनके पास मंच में जाकर बैठने लगे थे।

## टेक वर्ल्ड

### अब आप भी कर सकते हैं अंतरिक्ष में डिनर



वहीं SpaceVIP अंतरिक्ष पर्यटन कंपनी ने स्पेस में डिनर करवाने की पेशकश की है। इसके लिए 6 लकी लोगों को चुना जायेगा। ट्रिप अगले साल रवाना होगी। 6 घंटे के लिए 6 यात्री स्पेस की सैर करेंगे। Forbes के अनुसार, धरती से 30 किलोमीटर ऊपर हवा में तैरते हुए आप डिनर का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके लिए प्रति व्यक्ति 50 करोड़ डॉलर यानी लगभग 41.5 अरब रुपये की कीमत रखी गई है। यात्रियों के लिए स्पेशल मेन्यु तैयार किया जाएगा जो कि मिशेलिन स्टार्ड शेफ रासमस मंक द्वारा तैयार किया जायेगा। स्पेसशिप नेप्च्यून सभी यात्रियों को लेकर जायेगा। ये दुनिया का पहला कार्बो-न्यूट्रल स्पेसक्राफ्ट है। यात्रा के लिए 2025 के आखिर का समय चुना गया है। शेफ मंक के अनुसार इस स्पेस डिनर के लिए भारी डिमांड देखी जा रही है। हालांकि, Space VIP स्पेस ट्रिप ऑफर करने वाली इकलौती कंपनी नहीं है। बल्कि इससे पहले फ्रेंच कंपनी Zephalto भी पिछले साल इसी तरह की ट्रिप का ऐलान क चुके हैं। वहीं इसकी कीमत भी काफी कम है। Zephalto ने प्रति व्यक्ति 1 लाख 32 हजार डॉलर यानी 1.10 करोड़ रुपये की कीमत रखी है।**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भोपाल में होटल कारोबारी ने गोली मारकर की आत्महत्या

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में होटल कारोबारी नादिर रशीद (70) ने बुधवार की सुबह अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाले होटल जहांनुमा पैलेस के मालिक नादिर रशीद ने अपने घर पर खुद को गोली मार ली, जिससे उनकी मौत हो गई। रशीद का नाता भोपाल के नवाब परिवार से भी है। उनके बीमारी ग्रस्त होने के साथ डिप्रेशन में होने की बात सामने आ रही है। होटल कारोबारी रशीद के आत्महत्या की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही उनके नाते रिश्तेदार भी उनके आवास पर जमा हो गए हैं।

### सद्गुरु जग्गी वासुदेव को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से मिली छुट्टी

**नई दिल्ली।** ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव को आज नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यहां 17 मार्च को उनकी आपातकालीन मस्तिष्क सर्जरी की गई थी। सर्जरी से पहले कुछ हफ्तों तक उन्हें गंभीर सिरदर्द का सामना करना पड़ रहा था। अपोलो अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. संगीता रेड्डी ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के उपचार पर संतोष जताया है। ईशा फाउंडेशन ने डॉ. विनीत सूरी, डॉ प्रणव कुमार, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ एस चटर्जी और अपोलो अस्पताल की पूरी टीम के प्रति आभार जताया है।

### भाजपा से सुनील मेंढे ने भंडारा-गोंदिया लोस क्षेत्र से भरा पर्चा

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को नागपुर संसदीय सीट से भाजपा, शिवसेना, राकांपा, रिपब्लिकन पार्टी के महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसी तरह आज ही भंडारा-गोंदिया निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार और सांसद सुनील मेंढे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नागपुर में नामांकन पत्र दाखिल करने के समय मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता प्रफुल्ल पटेल आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली में चल रहा बैठकों का दौर, बिहार में महागठबंधन में बेचैनी, कांग्रेस में ऊहापोह

**एजेंसी। मुंबई ।**

**पटना।** बिहार में एनडीए जहां लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी समर में अपने 'योद्धाओं' को उतार चुकी है, वहीं महागठबंधन में अब तक सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बन सकी है। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव पिछले दो दिनों से दिल्ली में हैं और बैठकों का दौर भी जारी है, जिसे लेकर बिहार में महागठबंधन के नेताओं में बेचैनी है। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में मतदान होना है। राजद ने इन चारों सीटों पर अपने प्रत्याशियों को सिंबल दे चुकी है,




लेकिन औरंगाबाद सीट को लेकर पेंच फंसा हुआ है।

औरंगाबाद से महागठबंधन में शामिल कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारना चाहती है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को दिल्ली में कहा था कि कांग्रेस, राजद और वामपंथी दलों के बीच सीटों को लेकर सहमति बन गई है। हालांकि, सूत्र अभी भी बताते हैं कि कई सीटों को लेकर अभी भी स्थिति साफ नहीं है। सूत्र तो यहां तक कहते हैं कि अगर सीट बंटवारा दिल्ली में तय कर भी लिया जाएगा, तो क्षेत्र में घटक दलों के कार्यकर्ताओ के दिल मिल पाएंगे उसमे शंका है। पूर्णिया, कटिहार, औरंगाबाद जैसी कई सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारना चाहती है लेकिन राजद इसके लिए तैयार नहीं है।औरंगाबाद में राजद द्वारा अपने प्रत्याशी को सिंबल दिए जाने के बाद कांग्रेस की नाराजगी भी देखने को मिली है। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस पूर्व सांसद पप्पू यादव को उतारना चाहती है जबकि राजद यहां से जदयू से आयी बीमा भारती को लड़ाना चाह रही है। बताया जाता है कि दिल्ली में बुधवार को फिर से कांग्रेस और राजद के नेता सीट बंटवारे को लेकर बैठने वाले हैं।

# बेंगलुरु कैफे विस्फोट : एनआईए ने की कर्नाटक में कई ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। बेंगलुरू।**

बंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में एनआईए ने बुधवार को बेंगलुरु और शिवमोगा जिले में छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने बेंगलुरु के पांच ठिकानों पर छापेमारी की। शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली शहर में भी छापेमारी की गई। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर की गई, जिसका हमलावर से सीधा संपर्क था। आरोप है कि उसी ने ही हमलावर को इस वारदात को अंजाम देने के लिए आर्थिक मदद भी मुहैया कराई थी। हालांकि, एनआईए की कार्रवाई के संदर्भ में और जानकारी का इंतजार है। इससे पहले मंगलवार को एनआईए




ने रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो संदिग्ध लोगों का हमलावर से सीधा संपर्क था। सूत्रों ने बताया कि एनआईए ने इस छापेमारी को एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी के आधार पर अंजाम दिया है। हालांकि, एनआईए की छापेमारी जारी है, लेकिन अभी तक हमलावर के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। इससे पहले गत एक मार्च को अधिकारीयों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावर की तस्वीर चिन्हित की थी।

सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने इस बात की आशंका जताई है कि हमलावर तमिलनाडु से आया था। हमले को अंजाम देने से पहले करीब दो महीने तक वो बंगलुरु में था। हमलावर की टोपी से बाल भी बरामद हुए थे, जिसे उसने एक फेंक दिया। अधिकारियों ने उस बाल के सेंपल को डीएनए जांच के लिए भेज दिया है और उम्मीद जताई कि जल्द ही इस पूरे मामले में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। एक मार्च को ब्रुकफील्ड क्षेत्र में स्थित रामेश्वरम कैफे में ब्लास्ट हुआ था।

# ईडी ने महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को भेजा समन, आज बुलाया मुख्यालय

## विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम का उल्लंघन करने के मामले में दिया गया है समन


**एजेंसी। नई दिल्ली।**

ईडी ने तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) नेत्री महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) नियमों के उल्लंघन मामले में समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने महुआ मोइत्रा को पूछताछ के लिए 28 मार्च को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा नियमों के उल्लंघन मामले में यह समन भेजा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को आरोपित किया है। सीबीआई ने 19 मार्च को लोकपाल के आदेश के बाद पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदनी और अन्य अज्ञात आरोपितों के खिलाफ आईपीसी की धारा-120 बी और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7, 8 और 12 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है।




### ईडी ने 2.54 करोड़ रुपये बरामद किए, वाशिंग मशीन से निकली नकदी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले कुछ समय में अलग-अलग राज्यों में छापे मारकर करोड़ों रुपये जब्त किए हैं। इस क्रम में ईडी ने एक वाशिंग मशीन में छुपा कर रखे गए करीब 2.50 करोड़ रुपये भी जब्त किए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा कानून के तहत की गई है। प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, विदेशी मुद्रा कानून (फेमा) के कथित उल्लंघन के एक मामले के सिलसिले में विभिन्न शहरों में तलाशी के दौरान 2.54 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इसका एक हिस्सा 'वाशिंग मशीन' में छुपा कर रखा गया था। निदेशालय ने बयान में कहा कि कैपरीकोरनियान शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों और इसके निदेशकों विजय कुमार शुक्ला और संजय गोस्वामी तथा संबंधित कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई। केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, इन संबद्ध कंपनियों में लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लिमिटेड, स्टवार्ट अलॉयज इंडिया



### ईडी का पंजाब के आबकारी आयुक्त के चंडीगढ़ आवास पर छापा

**चंडीगढ़।** ईडी की टीमों ने आज (बुधवार) सुबह करीब सात बजे पंजाब और चंडीगढ़ में कई स्थानों पर छापा मारा है। इनमें पंजाब आबकारी विभाग के कमिश्नर वरुण रूजम का चंडीगढ़ का आवास भी शामिल है। यह आवास सेक्टर 20 में है। इसके अतिरिक्त मोहाली के बाकरपुर में हुए अमरूद घोटाले में वरुण रूजम की पत्नी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी की इस कार्रवाई को दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाले से भी जोड़कर देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस कथित घोटाले में ईडी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। इस केस में आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले से ही जेल में हैं।




### ईडी ने शिवसेना यूबीटी के उत्तर-पश्चिम मुंबई क्षेत्र से प्रत्याशी अमोल कीर्तिकर को भेजा समन

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सुबह शिवसेना (यूबीटी) के नेता और उत्तर-पश्चिम मुंबई संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार अमोल गजानन कीर्तिकर को समन जारी कर खिचड़ी घोटाला में पूछताछ के लिए तलब किया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राऊत ने कहा कि ईडी ने यह समन डराने के लिए भेजा है, लेकिन डरेंगे नहीं और अमोल कीर्तिकर चुनाव लड़ेंगे। मुंबई नगर निगम में हुए कथित खिचड़ी घोटाले के सिलसिले में ईडी की ओर से जारी समन में अमोल कीर्तिकर को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर में तलब किया गया है। इस पर अमोल कीर्तिकर ने वकील के माध्यम से ईडी को पत्र भेजकर कहा है कि वे आज पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं रह सकते, इसलिए उन्हें आगे का समय दिया जाए। दरअसल, कोरोना संकट के दौरान लॉकडाउन अवधि में मुंबई में प्रवासी मजदूरों को खिचड़ी के 25 लाख पैकेट उपलब्ध कराये गये थे। इन पैकेटों की आपूर्ति का ठेका ठाकरे गुट के नेताओं ने हासिल किया था। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने इसमें 160 करोड़ का खिचड़ी घोटाला होने का आरोप लगाया था। इसी वजह से ईडी मामले की जांच कर रही है। इसी मामले में ईडी ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता सूरज चव्हाण को पहले ही गिरफ्तार किया है।



### आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर ईडी का छापा

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज (बुधवार) दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाला से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली और एनसीआर में आम आदमी पार्टी नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर छापा मारा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दीपक सिंगला दूसरे पार्टी नेता हैं, जिनके घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है। सिंगला ने विश्वास नगर से आम आदमी पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। सिंगला गोवा के पार्टी प्रभारी के साथ एमसीडी के सह प्रभारी भी हैं।



# आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है स्वामी




**एजेंसी। लखनऊ।**

रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हुए मुख्यमंत्री ने इसे आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने लिखा, "रामकृष्ण मिशन के पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनके अनुयायियों और परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। परमपिता परमेश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और रामकृष्ण परिवार को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।"

बता दें कि श्रीमत स्वामी स्मरणानंद 95 वर्ष के थे। वह 2017 में रामकृष्ण मिशन के 16वें अध्यक्ष बने थे। उन्हें संक्रमण के कारण 29 जनवरी को कोलकाता स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान में भर्ती कराया गया था, बाद में उन्हें सांस लेने में समस्या होने लगी। इसके बाद उन्हें तीन मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया था। उनका मंगलवार रात निधन हो गया। उनके निधन पर देशभर की जानी-मानी हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

# गुजरात के गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गुजरात का गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर गरबा का आनंद ले रहे लोगों की कुछ तस्वीरें और यूनेस्को प्रमाणपत्र की एक प्रति साझा करते हुए लिखा कि गरबा जीवन, संस्कृति और भक्ति का उत्सव है। यह लोगों को एक साथ भी लाता है। यह जानकर खुशी हो रही है कि गरबा की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ रही है।

# महिलाओं को सशक्त बनाना भविष्य के लिए निवेश है : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को सशक्त बनाना हमारी दुनिया के वर्तमान और भविष्य के लिए एक निवेश है। भारत मंडपम में एफएलओ के 40 साल पूरे होने पर फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) के सदस्यों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने संकेत दिया कि समान अवसरों को बढ़ावा देकर, बाधाओं को तोड़कर और महिलाओं की



आवाज और उपलब्धियों को बढ़ाकर हम एक ऐसा समाज बनाते हैं जो न केवल निष्पक्ष और न्यायसंगत बल्कि समृद्ध और टिकाऊ भी है। उपराष्ट्रपति ने लैंगिक समानता और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को एक न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज के मूलभूत सिद्धांतों के रूप में स्वीकार किया।

# जमुई लोस सीट पर एनडीए के प्रत्याशी बने अरुण भारती

**एजेंसी। पटना।**

बिहार की जमुई लोकसभा सीट से एनडीए ने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। बिहार में एनडीए का हिस्सा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान ने बुधवार को अरुण भारती को यहां से टिकट दिया है। अरुण रिश्ते में चिराग के जीजा हैं। चिराग ने मां और बहन की मौजूदगी में अरुण भारती को पार्टी का सिंबल दिया। लोक जनशक्ति पार्टी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। पार्टी ने लिखा है कि जमुई



लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-40 से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी घोषित होने पर अरुण भारती को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। जमुई में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है और गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है।

# कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार करने के शाह के बयान का महबूबा ने किया स्वागत

**एजेंसी। श्रीनगर।**

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) को हटाने पर विचार करने के गृह मंत्री अमित शाह के बयान का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में केंद्र सरकार जेल में बंद पत्रकारों और कश्मीरियों को बिना किसी आरोप के रिहा कर सकती है।



महबूबा ने कहा कि पीडीपी ने लगातार सैनिकों को धीरे-धीरे हटाने के साथ-साथ कठोर अफस्पा को रद्द करने की मांग की है। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में अफस्पा हटाने पर विचार करेगी। एक साक्षात्कार में गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है।

# कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमानों के बीच टक्कर टली

**एजेंसी। नई दिल्ली ।**

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर बुधवार को इंडिगो का एक विमान एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान से टकराने से बाल-बाल बच गया। हादसे के अंदेशे से विमान में सवार 169 यात्रियों की रूह कांप गई। खबरों के मुताबिक, सुबह करीब 10:30 बजे इंडिगो का विमान रनवे पर प्रवेश करने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा था, तभी उसने गलती से एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के विंगटिप को छू लिया। टक्कर की आशंका ने




लोगों में चिंता पैदा कर दी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को मामले की व्यापक जांच शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इंडिगो के एक प्रवक्ता ने कहा, कोलकाता हवाईअड्डे पर इंडिगो के एक विमान और एक अन्य वाहक के बीच मामूली टक्कर की सूचना मिली। विमान प्रोटोकॉल के अनुसार निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के लिए खाड़ी में लौट आया। नतीजतन, कोलकाता और दरभंगा के बीच इंडिगो विमान 6ई 6152 की उड़ान में देरी हुई। प्रवक्ता ने कहा, सभी यात्रियों को जलपान उपलब्ध कराया गया और यात्रियों को देरी और असुविधा होने पर वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई। इंडिगो सभी चीजों से ऊपर यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। प्रोटोकॉल के अनुसार घटना की रिपोर्ट उचित समय पर डीजीसीए को सौंपी जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृष :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**सिंह :** सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**धनु :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर :** 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं।



# लखनऊ की मेजबानी में खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग आज से

**एजेंसी। लखनऊ**

नई दिल्ली में दिसंबर 2023 में चरण 1 और जनवरी 2024 में चरण 2 के सफल समापन के बाद, दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण का आयोजन 28 मार्च से 6 अप्रैल तक लखनऊ, उत्तर प्रदेश के पद्म श्री मोहम्मद शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा।

नौ टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल ए में साई शक्ति टीम, ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर, खेलो इंडिया स्टेट एक्सेलेंसी सेंटर बिलासपुर, भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता और हर हॉकी अकादमी शामिल हैं, जबकि साई बाल टीम, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी, जय भारत हॉकी अकादमी और राजा करन हॉकी अकादमी पूल बी में शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 5 अप्रैल को निर्धारित है। इस बीच, अपने-अपने पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें टूनार्मेंट में अपनी अंतिम स्थिति निर्धारित करने के लिए 5वें/8वें वर्गीकरण मैचों में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सेमीफाइनल हारने वाली टीमें तीसरे/चौथे स्थान के प्ले-ऑफ में खेलेंगी, जबकि विजेता 6 अप्रैल को होने वाले फाइनल में जाएंगे।





## नौ टीमों को दो पूल में किया गया है विभाजित

आगामी टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ाने की दिशा में हॉकी इंडिया की प्रतिबद्धता में यह एक और कदम है। हमने दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले दो चरण पहले ही सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और अंतिम चरण भी पूरा करेंगे, मुझे कोई संदेह नहीं है, एक अद्भुत टूर्नामेंट होगा। यह लीग प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है, उन्हें शुरूआती दौर में बेहतरीन परिस्थितियों में खेलने के लिए आवश्यक अनुभव प्रदान करती है और बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए अपने कौशल को निखारती है जो एक दिन देश का नाम रोशन कर सकते हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, यह भारतीय हॉकी के भविष्य के सितारों को विकसित करने और जमीनी स्तर से प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण लाने की दिशा में हमारे लगातार प्रयासों का उदाहरण है। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि इस तरह के घरेलू टूर्नामेंट प्रतिभाओं की पहचान करने में उपयोगी साबित हुए हैं। दूसरी खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे दृष्टिकोण में मदद करेगी।"

## नेशनल योगासन में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम तमिलनाडु रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चतुर्थ फेडरेशन नेशनल योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड की टीम तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई है। प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक आयोजित होगी।

चतुर्थ फेडरेशन नेशनल योगासन प्रतियोगिता भाग लेने वाले खिलाड़ियों को योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, झारखंड के सेक्रेटरी बिपिन पांडे, प्रेसिडेंट संजय सिंह, झारखंड महिला योगासन प्रशिक्षक पूजा सिंह ने शुभकामनाएं दी हैं। 10 खिलाड़ियों की टीम के साथ कोच घनश्याम यादव एलेप्पी एक्सप्रेस में रांची रेलवे स्टेशन से तमिलनाडु के रवाना हुए।

टीम में शामिल खिलाड़ियों का चयन पिछले दिनों आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ था। टीम में करण कुमार, रेंजर सिंह सरदार, विक्रम, वैभव, पिंटू, जगदीश सिंह, जसपाल सिंह, झारखंड पुलिस से संदीप पांडे, रोशन थापा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी आगे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत योगासना के तरफ से भाग लेंगे। योगासन झारखंड के समस्त सदस्यों ने भी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## ला लीगा : सीजन के अंत में ओसासुना से अलग हो जाएंगे कोच जगोबा अरार्साटे

**मैड्रिड।** कोच जगोबा अरार्साटे ला लीगा के इस सीजन के अंत में ओसासुना से अलग हो जाएंगे। अरार्साटे ने मंगलवार को कहा कि वह अगले सीजन में ओसासुना के कोच के रूप में काम जारी नहीं रखेंगे, इसके साथ ही ओसासुना में पिछले छह सीजन से चला आ रहा उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। 45 वर्षीय अरार्साटे ने क्लब के अध्यक्ष लुइस सबाल्जा और स्पोर्टिंग डायरेक्टर ब्राउलियो वाजक्वेज के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त घोषणा की। अरार्साटे के कोचिंग में पिछले सीजन में ओसासुना ला लीगा में सातवें स्थान पर रही और यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन क्वालीफाइंग चरण में बेल्जियम की ओर से क्लब ब्रुग से हार गई। अरार्साटे ने कहा, मैं आगे बढ़ सकता हूं लेकिन मुझे ईमानदार रहना होगा, और अगर मैं आश्वस्त नहीं हूं, तो मुझे जाना होगा। प्रेस के सामने अपनी उपस्थिति में भावुक नजर आ रहे कोच ने आगे कहा, मुझे खुद के प्रति ईमानदार रहना होगा और अपने भविष्य को देखना होगा। मैं खुद के साथ शांति और सुकून महसूस करते हुए जा रहा हूं और मैं संभावित वापसी के लिए दरवाजा खुला छोड़ रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं कभी भी इस तरह से कहीं नहीं जा रहा हूं, यहां तक कि शहर, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए भी नहीं, लेकिन यह सभी के लिए बेहतर है कि चीजों को और न बढ़ाया जाए।

## सेमीफाइनल में पहुंची बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी

**फ्लोरिडा।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन मियामी ओपन के पुरुष युगल सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी, जो वर्तमान में विश्व में दूसरे स्थान पर है, उन्हें आगे बढ़ने के लिए मैच टाई-ब्रेक की आवश्यकता थी। इस जोड़ी ने डच-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी जॉन-पैट्रिक स्मिथ और सेम वर्बीक को 3-6, 7-6(7-4), 10-7 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अगला मुकाबला मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस या लॉयड ग्लासपूल और जीन-जूलियन रोजर से होगा। साल बोपन्ना और एबडेन का एक साथ यह तीसरा सेमीफाइनल था। वे इस साल जनवरी में एडिलेड ओपन के अंतिम-चार में भी पहुंचे थे और फाइनल में भी पहुंचे थे, लेकिन अंततः अंग्रेजी-अमेरिकी जोड़ी जो सैलिसबरी और राजीव राम से हार गए। विशेष रूप से, बोपन्ना पहली बार विश्व के सबसे उम्रदराज नंबर-1 खिलाड़ी बने। उन्होंने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में सफलता के बाद पुरुष युगल में शीर्ष रैंकिंग हासिल की।

# श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा महिला एशिया कप 2024, आठ टीमें लेंगी हिस्सा

- टी-20 प्रारूप में खेले जाने वाले टूर्नामेंट की शुरुआत 19 जुलाई से, फाइनल 28 जुलाई को

**एजेंसी। दुबई**

महिला एशिया कप 2024 टी20 प्रारूप में 19 से 28 जुलाई तक दांबुला में खेला जाएगा। इस बार में आठ टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें टूर्नामेंट पिछले संस्करण की तुलना में एक अतिरिक्त टीम शामिल होगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को उक्त जानकारी दी। टूर्नामेंट में मेजबान श्रीलंका, भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ, महिला प्रीमियर कप 2024 के सेमीफाइनलिस्ट संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, थाईलैंड और मलेशिया की टीमें भी शामिल हो गईं हैं। पिछली बार के विपरीत, जब सभी टीमें सेमीफाइनल से पहले एक बार एक-दूसरे से खेलती थीं, इस साल उन्हें दो समूहों में विभाजित किया जाएगा।

भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ शामिल हो गया है, जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं। भारत बनाम पाकिस्तान मैच 21 जुलाई को निर्धारित है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 28 जुलाई को होने वाले खिताबी मुकाबले से पहले 26 जुलाई को सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष, जय शाह ने एक आधिकारिक बयान में टूर्नामेंट के विस्तार के बारे में कहा, हम टीमों के बीच बढ़ती भागीदारी और प्रतिस्पर्धा को देखकर उत्साहित हैं, जो महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और महत्व को दशार्ता है।

यह विस्तार, 2018 में छह टीमों से 2022 में सात और अब आठ, महिलाओं के खेल और एशियाई क्रिकेट में बढ़ते प्रतिभा पूल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

एसीसी के एक बयान में यह भी पुष्टि की गई कि, सिलहट में आयोजित पिछले संस्करण की तरह, इस टूर्नामेंट में केवल महिला अंपायर ही शामिल होंगी।

एशिया कप सितंबर में बांग्लादेश में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में जाने वाली टीमों के लिए ड्राई रन के रूप में काम करेगा।





एशिया कप में, भारत सात खिताब जीत के साथ गत चैंपियन और सबसे सफल टीम है। 2012 के बाद से, टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाता है, हालांकि 2020 में कोरोना महामारी के दौरान टूर्नामेंट को पहले स्थगित किया गया और फिर रद्द कर दिया गया। इससे स्मृति मंधाना (साउदर्न ब्रेव), चमारी अटापट्टू (ओवल इनविंसिबल्स) और ऋचा घोष (बर्मिंघम फीनिक्स) की भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

### महिला एशिया कप 2024 शेड्यूल

- 19 जुलाई, पाक बनाम नेपाल, भारत बनाम यूएई
- 20 जुलाई, मलेशिया बनाम थाईलैंड, श्रीलंका बनाम बांग्लादेश
- 21 जुलाई, नेपाल बनाम यूएई, भारत बनाम पाक
- 22 जुलाई, श्रीलंका बनाम मलेशिया, बांग्लादेश बनाम थाईलैंड
- 23 जुलाई, पाक बनाम यूएई, भारत बनाम नेपाल
- 24 जुलाई, बांग्लादेश बनाम मलेशिया, श्रीलंका बनाम थाईलैंड
- 26 जुलाई, सेमीफाइनल
- 28 जुलाई, फाइनल।

## झारखंड अंडर-15 और अंडर-20 कुश्ती टीम दिल्ली रवाना

**रांची ।** अपने मुक्कबले के लिए बुधवार की रात को दिल्ली रवाना हुई झारखंड की कुश्ती टीम को पूर्व झारखंड राज्य कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने रांची रेलवे स्टेशन पर सभी खिलाड़ियों को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाओ के साथ रवाना किया। 2024 यू-15 एवं यू-20 पुरुष फ्रीस्टाइल/ग्रीको रोमन एवं महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 28 से 30 मार्च 2024 तक नोएडा,उ०प्र० में आयोजित हो रहा है, उक्त नेशनल में झारखंड कुश्ती टीम के 65 सदस्यीय जिसमें 40 पुरुष पहलवान, 15 महिला पहलवान एवं 10 टीम प्रशिक्षक शामिल है उक्त प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना होने से पहले झारखंड खेल विभाग के सहयोग द्वारा खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, खेल किट देकर झारखंड व-15 एवं व-20 कुश्ती टीम को रवाना किया गया।

## क्रिकेट नामीबिया ने महिलाओं के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का किया ऐलान

**विंडहोक।** क्रिकेट नामीबिया ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए महिला टीम के लिए सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की है, जिसमें 10 महिला क्रिकेटरों को प्रोफेशनल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। यह पहली बार है जब नामीबिया में महिला क्रिकेटरों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की पेशकश की गई है। यह घोषणा क्रिकेट नामीबिया को देश में एकमात्र खेल कोड बनाती है, जिसमें पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए फुलटाइम कॉन्ट्रैक्ट है। फरवरी 2024 में अनुबंधों पर बातचीत और हस्ताक्षर किए गए और हाल ही में नामीबिया क्रिकेट ग्राउंड के समारोह में इसकी घोषणा की गई।

**इन 10 खिलाड़ियों को मिला कॉन्ट्रैक्ट :**

कायलीन ग्रीन, सुने विटमैन, अर्रास्टा डायरगार्ड, एडेल वैन जाइल, बियांका मैनुअल, आइरीन वैन जाइल, विल्का म्वाटाइल, मेकेले मवाटाइल, नाओमी बेंजामिन और साइमा तुहादेलेनी

क्रिकेट नामीबिया के सीईओ जोहान मुलर ने इस महत्वपूर्ण विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा, पहली बार, हम महिलाओं के खेल को पेशेवर बनाने में सक्षम हुए हैं। यह देश में खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## 46वीं सब जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप आज से

**वाराणसी।** चार दिवसीय 46वीं सब जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप गुरुवार से बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान में आयोजित है। प्रतियोगिता में देश भर के सभी प्रान्तों के 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह और आयोजन समिति के अध्यक्ष, ऑल इंडिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अशोक सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि सब जूनियर वर्ग के इस प्रतिष्ठा परक नेशनल चैंपियनशिप में 25 राज्यों के लगभग 350 खिलाड़ी और खेल अधिकारी भाग लेंगे। इसमें बालक और बालिका वर्ग के हर राज्य से 6-6 खिलाड़ी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जीवनदीप शिक्षण संस्थान के नवनिर्मित हाल में 32 बोर्ड पर किया जाएगा। विद्यालय परिसर में ही खिलाड़ियों के ठहरने, खाने और खेलने की व्यवस्था की गई है। पदाधिकारियों ने बताया कि टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए अखिल भारतीय कैरम महासंघ की महासचिव भारती नारायण और अंतर्राष्ट्रीय कैरम फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल वी0डी0 नारायण भी मौजूद रहेंगे।



# धोनी के क्विक-रिफ्लेक्स डाइविंग कैच से हैरान रह गए स्टीव स्मिथ

**एजेंसी। चेन्नई**

हालांकि सीएसके की पारी मंगलवार को पूर्व सीएसके कप्तान एमएस धोनी के खेले बिना समाप्त हो गई, लेकिन महान विकेटकीपर-बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच के दौरान विजय शंकर के एक सनसनीखेज डाइविंग कैच के साथ प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया।

धोनी ने स्टंप के पीछे शानदार डाइविंग पकड़ के साथ अपनी त्वरित प्रतिक्रिया का प्रदर्शन किया, जिससे घरेलू दर्शक खुशी से झूम उठे। स्टंप के पीछे धोनी के शानदार प्रयास ने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आश्चर्यचकित कर दिया और ऑस्ट्रेलियाई ने 42 वर्षीय की विकेटकीपिंग क्षमता की सराहना की।

स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव शो में कहा, हाँ, घड़ी को पीछे घुमाया, है ना? बस वहां एक गोता लगाया, यह 2.27 मीटर था, यह कवरेज पर आया, यह एक शानदार कैच था। वह थोड़ा करीब खड़ा था क्योंकि डैरिल मिशेल सबसे तेज गेंदबाज नहीं है, इसलिए वह अच्छा और चुस्त था, उसके पास प्रतिक्रिया करने के लिए बहुत अधिक समय नहीं था, लेकिन उसकी प्रतिक्रियाएँ निश्चित रूप से अभी भी हैं, है ना? ग्राउंड को अच्छी तरह से कवर किया और कैच बस उस दाहिने हाथ में फंस गया।



इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड भी धोनी की सराहना करने में शामिल हो गए, उन्होंने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज के पास उस विशेष मैच में बल्लेबाजी किए बिना भी खेल को तुरंत प्रभावित करने या बदलने की उल्लेखनीय क्षमता है।

ब्रॉड ने कहा, वह अभी भी बहुत अच्छा है, है ना? वह खेल का एक दिग्गज है। मुझे एमएस के लिए लगता है, उसे एक मैच में बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं है और फिर भी वह एक ऐसा क्षण निकाल लेता है जो एक मिनट से भी कम समय में खेल को बदल देता है। दूसरा। उनकी टीम के साथी उनके लिए खुशी से झूम उठे और चेन्नई की भीड़ ने इसे पसंद किया, इसलिए यह रात का एक शानदार पल था।"

मंगलवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसके ने बोर्ड पर 206/6 का विशाल स्कोर बनाया, नवनियुक्त कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (36 में से 46) और रचिन रवींद्र (20 में से 46) ने टीम को शानदार शुरूआत दी और सिर्फ 5.2 ओवर में 62 रन जोड़े।

रचिन के आउट होने के बाद, यह शिवम दुबे का प्रदर्शन था, जब उन्होंने 23 गेंदों में 51 रनों की तूफानी पारी खेली। दुबे ने अपनी पारी में पांच छक्के लगाए, लेकिन राशिद खान ने 19वें ओवर में कवर में कैच दे बैठे। सीएसके के लिए दुबे के प्रभाव पर बोलते हुए, स्मिथ ने कहा, वह इस समय बहुत आश्वस्त हैं, विशेष रूप से स्पिनरों के खिलाफ। उनकी पहली दो गेंदें छह रन के लिए थीं, और फिर वहां से बस प्रवाह जारी रहा।

## धीमी ओवर गति के कारण शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के कारण गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल द्वारा बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह शुभमन गिल की टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए कप्तान पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

## खबरें व्यापार जगत की

### अहमदाबाद हवाईअड्डे पर सर्वाधिक यात्रियों की आवाजाही का बना रिकॉर्ड

**अहमदाबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल हवाईअड्डा (एसवीपीआईए) ने एक साल में सर्वाधिक यात्रियों की आवाजाही का रिकॉर्ड बनाया है। सोमवार को पूरा हुए एक वर्ष में अहमदाबाद हवाईअड्डे से यात्रियों की उड़ान और आगमन की यह सबसे अधिक संख्या है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में पिछले साल की तुलना में 14 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 1,15,87,899 लोगों ने हवाईअड्डे से उड़ान और आगमन किया। अहमदाबाद हवाईअड्डा पश्चिम भारत का महत्वपूर्ण हवाईअड्डा बनता जा रहा है। इससे पूर्व वर्ष 2019-20 के दौरान अहमदाबाद हवाईअड्डे से सर्वाधिक 87,634 एयरक्राफ्ट ट्रैफिक मूवमेंट (एटीएम) के साथ 1,15,63,887 यात्रियों के आगमन-प्रस्थान का रिकॉर्ड बना था। वर्ष 2022-23 के दौरान 1,01,78,749 यात्रियों ने अहमदाबाद हवाईअड्डे से आगमन-प्रस्थान किया। वहीं पिछले साल की तुलना में 7 फीसदी अधिक 88,305 फ्लाइट्स का आवागमन-प्रस्थान हुआ। हवाईअड्डा से रोजाना 245 उड़ान की सुविधा है। हवाईअड्डा के दो टर्मिनल 32,150 स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के परिवहन की सेवा प्रदान करते हैं। जनरल एविएशन टर्मिनल से वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, जी-20, यू-20 और वर्ल्ड कप मैच के दौरान भी यात्रियों की रिकॉर्ड आवाजाही हुई।

### अदाणी ग्रीन ने राजस्थान में शुरू किया 180 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने राजस्थान के जैसलमेर के देवीकोट में एक 180 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट चालू कर दिया है। इस प्लांट का सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के साथ 25 साल का विद्युत खरीद समझौता (पीपीए) है। 180 मेगावाट का सोलर प्लांट प्रतिवर्ष लगभग 540 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा, जो 1.1 लाख से अधिक घरों को बिजली देगा और लगभग 0.39 मिलियन टन सीओ2 उत्सर्जन कम करेगा। प्लांट में नेक्स्ट जनरेशन के बायफेसियल सोलर पीवी मॉड्यूल लगाए गए हैं, जो सूर्य की रोशनी को दोनों तरफ से ग्रहण कर सकते हैं। साथ ही, इन पैनलों को एक खास तरह की घूमने वाली संरचना (हॉरीजॉन्टल सिंगल-एक्सिस ट्रैकर) पर रखा गया है। यह संरचना पूरे दिन सूरज की ओर घूमती रहती है, जिससे ज्यादा से ज्यादा सूर्य की रोशनी मिलती है और बिजली का उत्पादन बढ़ जाता है। यह प्लांट बिना पानी के रोबोटिक मॉड्यूल क्लीनिंग सिस्टम से लैस है, जो जैसलमेर के बंजर क्षेत्र में जल संरक्षण को सक्षम बनाता है। सुरक्षित डिजिटल क्लाउड प्लेटफॉर्म पर आधारित एनर्जी नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर (ईएनओसी) एजीईएल की रिन्यूएबल एनर्जी संपत्तियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग को सक्षम बनाता है, जिससे बेहतर ऑपरेशनल प्रदर्शन देखने को मिलता है। इस प्लांट के सफलतापूर्वक चालू होने के साथ, एजीईएल का ऑपरेशनल सोलर पोर्टफोलियो बढ़कर 6,243 मेगावाट हो गया है और कुल ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन क्षमता 9,784 मेगावाट हो गई है, जो भारत में सबसे अधिक है। इसी के साथ एजीईएल भारत की रिन्यूएबल एनर्जी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना जारी रख रहा है, जो देश के ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त करने और भारत के लो-कार्बन इकॉनमी में परिवर्तन को सक्षम करने के लक्ष्य में योगदान दे रहा है।

### इस सप्ताह सभी प्रीमियम यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा एआई चैटबॉट ग्रोक : मस्क

**नई दिल्ली।** ओपनएआई के चैटजीपीटी को टक्कर देने के लिए एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट ग्रोक एआई जल्द ही एक्स के सभी प्रीमियम यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने घोषणा करते हुए कहा कि 'ग्रोक' सभी प्रीमियम ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। पिछले हफ्ते, मस्क द्वारा संचालित एक्सएआई ने अपने एआई चैटबॉट ग्रोक को डेवलपर्स और शोधकताओं के लिए ओपन-सोर्स मोड में उपलब्ध कराया था। कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, "हम अपने 314 बिलियन पैरामीटर मिक्सचर ऑफ एक्सपर्ट्स मॉडल ग्रोक-1 का वेट और आर्किटेक्चर जारी कर रहे हैं।" एआई चैटबॉट अब ओपन-सोर्स डेवलपर प्लेटफॉर्म जीथब पर उपलब्ध है। पिछले साल एक्सएआई ने ग्रोक को भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और सिंगापुर सहित 46 अन्य देशों तक विस्तारित किया। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने पहले ही अमेरिका में प्रीमियम ?लस ग्राहकों के लिए अपने ग्रोक एआई (बीटा) तक पहुंच शुरू कर दी है। सेंसर टॉवर के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में एक्स का उपयोग 18 प्रतिशत (साल-दर-साल) कम हो गया है, और अक्टूबर 2022 में मस्क के अधिग्रहण के बाद से 23 प्रतिशत कम हो गया है।

### भारत की डाटा सेंटर क्षमता 3 साल में हो जाएगी दोगुनी

**नई दिल्ली।** भारत की डेटा सेंटर क्षमता तीन साल में दोगुनी होने की संभावना है, जो 2023 में लगभग 0.9 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) से 2026 में 2 गीगावॉट हो जाएगी। बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस अतिरिक्त क्षमता निर्माण ने अगले तीन सालों में 50 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित पूंजीगत व्यय जरूरत के कारण पर्याप्त निवेश संभावनाएं पैदा की हैं। इस समय ग्लोबल डेटा का 20 प्रतिशत उत्पन्न करने के बावजूद भारत की डेटा सेंटर क्षमता में विश्व हिस्सेदारी मात्र 3 प्रतिशत है, जबकि हर महीने एक्साबाइट यूज की तुलना में भारत में मोबाइल डेटा का यूज विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा है। केयरएज रेटिंग्स की एसोसिएट डायरेक्टर पूजा जालान ने कहा, ₹नियोजित क्षमता का लाभ पाने के लिए भूमि और उपकरण की उपलब्धता तथा वेंडर इकोसिस्टम के प्रबंधन में परियोजना को लागू करने संबंधी चुनौतियां का समाधान जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि डेटा सेंटर स्थापित करने की प्रति मेगावाट लागत भी बढ़ रही है और प्रति मेगावाट की औसत लागत 40-45 करोड़ रुपये से बढ़कर 60-70 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट के स्तर तक पहुंच गई है। अगले तीन से चार सालों में, वित्त वर्ष 2024-26 के दौरान 32 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि के साथ राजस्व बढ़ोतरी जारी रहने का अनुमान है।

## एक नजर

### फांसी पर लटका मिला युवक का शव हत्या की आशंका



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के जपला देवरी रोड स्थित स्वामी गैस गोदाम के समीप उदय पासवान के 30 वर्षीय पुत्र सुजीत पासवान का शव बुधवार की सुबह फांसी पर लटका मिला। इस घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव का रहने वाला था। वह पिछले कई सालों से गैस गोदाम के समीप एक किराया के घर में पत्नी के साथ रहता था । उसने प्रेम प्रसंग में शादी करने के बाद ट्रैक्टर चालक का काम करता था, पुलिस ने इसकी सूचना उसके घर वालों को दी है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। उधर परिजनों ने हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाया है। उधर हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इसकी गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, एक घायल, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा स्कूल के समीप सड़क सोमवार की रात दुर्घटना में नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पतरिया निवासी नथुनी भुइयां के पुत्र लखन कुमार उम्र 19 वर्ष और रामखेलावन भुइयां के पुत्र जीतू कुमार उम्र 17 वर्ष की मौत हो गई। वही दुसरी बाइक पर सवार पाटन थाना क्षेत्र के पालहे गांव निवासी संजीव शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 7:00 बजे दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर एक दूसरे बाइक से हो गई। जिसमें दोनों व्यक्ति बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में दो युवक लखन कुमार और जीतू कुमार की मौत हो गई। वही सदर अस्पताल में इलाज के बाद चिकित्सको ने घायल व्यक्ति संजीव शुक्ला को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। मृतक दोनों युवक आपस में चचेरे भाई हैं।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### 50 वर्षीया महिला को सांप ने काटा स्थिति गंभीर



**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी स्वर्गीय शिव शंकर तुरी की पत्नी रुदवा कुंवर उम्र 50 वर्ष को मंगलवार की सुबह जहरीला सांप ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया की मंगलवार की सुबह रुदवा कुंवर अपने खेत पर गेहूं का फसल काटने गई थी। इसी बीच गेहूं काटने के क्रम में उन्हें जहरीला सांप ने काट लिया जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजन उन्हें झाड़ फूंक करने वाले के पास लेकर गए। जहां झाड़ फूंक के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे परिजन उसे मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हे बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# होली मिलन के दौरान चाकूबाजी में दो भाई जखमी, एक रांची रेफर

**एक ही परिवार के तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया**

**आरोपियों के पास से बुलेट मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किए गए**



**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** होली मिलन के दौरान सोमवार रात हुई चाकूबाजी की घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि सिंगरा खुर्द में देवी मंडप के पास होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस क्रम में अचानक गुंजन शुक्ला उसका भाई धीरज शुक्ला के साथ लव शुक्ला, दिलीप शुक्ला सहित अन्य का किसी बात को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इसी क्रम में लाठी डंडे एवं चाकू से लैश लव शुक्ला, बिट्टू शुक्ला, दिलीप शुक्ला, नवल, छोटू और दिलीप के दो पुत्र सुजीत और अजीत शुक्ला, गुं जन शुक्ला और धीरज शुक्ला पर वार किया। गुंजन शुक्ला के सीने में चाकू घोंप दिया, जबकि धीरज शुक्ला का सिर लाठी के वार से फट गया। सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मौके से सिंगरा खुर्द के 55 वर्षीय लव शुक्ला और उसका पुत्र वर्षीय कौशल किशोर शुक्ला उर्फ बिट्टू शुक्ला (33) एवं बैरिया के दीपक दुबे उर्फ पहलवान (19) को गिरफ्तार किया। बुधवार को सभी को जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन की जा रही है। सदर थाना प्रभारी उतम कुमार राय ने बुधवार को गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। लव शुक्ला और उसका पुत्र कौशल किशोर शुक्ला उर्फ बिट्टू शुक्ला के खिलाफ एक एक मामले सदर थाना में दर्ज है।

# पांकी पुलिस को मिली बड़ी सफलता 4 किलो अफीम के साथ एक धराया

### जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 20 लाख रुपये




पांकी। पांकी पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी कर पांकी प्रखंड के केकरगढ़ गांव से 4 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, इस संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि 26 मार्च को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत केकरगढ़ स्थित रामदेव यादव पिता स्वर्गीय राम केवल यादव एवं उनके पुत्र विकास यादव के द्वारा अवैध रूप से पोस्ते की खेती कर परिष्करण कर अफीम का संग्रहण अपने घर में किए हुए हैं और उसकी बिक्री करने वाले हैं। इस सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार झा के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया उक्त छापेमारी दल के द्वारा ग्राम केकरगगढ़ स्थित रामदेव यादव के घर पर विधिवत छापेमारी की गई जहां छापेमारी के क्रम में रामदेव यादव के घर से करीब 4 किलो अफीम बरामद की गई, रामदेव यादव एवं उनके पुत्र के द्वारा अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से ग्राम केकरगढ़ के वन भूमि में अवैध रूप से पोस्ते की खेती की गई थी जिसका परिष्करण कर अफीम बनाया गया था, उक्त बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय मूल्य करीब 20 लाख रुपए आंकी जा सकती है।

# धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार होली, खूब उड़े अबीर-गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** होली में पलामू जिला रंगों से सराबोर रहा। रंगों का त्योहार होली सोमवार और मंगलवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़ पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के साथ सराबोर होली खेली। रंग व अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली को लेकर दो दिनों तक जिले में मौज-मस्ती का आलम रहा। लोगों ने दिल भरकर एक दूसरे पर रंग डाले। सुबह से ही शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों में युवकों की टोलियां रंग-अबीर लेकर घुमती रहीं। महिलाएं व बच्चे होली मनाने में किसी से पीछे नहीं रहे। रंगों से सराबोर होकर महिलाएं एक दूसरे पर रंग डालती देखी गईं। होली को ले फाग व होली गीतों की चारों ओर गुंज सुनाई देती रही। होली आई रे कन्हाई व होली खेले रघुवीरा अवध में..आदि गीतों पर लोग होली के रंग व उत्साह में मदमस्त दिखें। इसके पूर्व रविवार की रात होलिका दहन किया गया। मेदिनीनगर शहर व ग्रामीण, हुसैनाबाद, चैनपुर, पांकी, हरिहरगंज, हैदरनगर, पांडू, पंडवा, मोहम्मदगंज, ऊंटारी रोड, नावाबाजार, नौडीहा बाजार, छतरपुर, तरहसी, मनातू, पाटन, विश्रामपुर, सतबरवा, लस्लीगंज, रामगढ़ प्रखंडों में होली पूरे उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इसके पूर्व बुधवार की रात शहरी क्षेत्र समेत सभी प्रखंडों में होलिका दहन किया गया।वही मेदिनीनगर शहर के साहित्य समाज, सदीक मंजिल चौक, स्टेशन रोड गांधी मैदान, रेड़मा, नवकेतन सिनेमा रोड, बीएन कॉलेज आदि जगहों पर होलिका दहन किया गया। इसमें हजारों लोग शामिल हुए। सभी ने अपने हाथों में चना की झंगरी लेकर आग की परिक्रमा की। गुरूवार की सुबह होते ही पूरा जिला रंगों से सराबोर हो गया। यह सिलसिला शाम तक चला। इसके बाद लोग स्नानकर, नए कपड़े पहन, अबीर-गुलाल का माथे पर तिलक लगाकर एक दूसरे के घर पहुंचकर दावत में शामिल हुए। मुस्लिम समुदाय के लोग भी अपने मित्रों के यहां जाकर उन्हें होली की बधाई दी।

### युवक ने अपने ही चचेरे भाई की गोली मारकर कर दी हत्या

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में बीती रात करीब 9:30 बजे अजय चौधरी नामक अपराधी ने अपने ही चचेरे भाई स्वर्गीय सुकुल चौधरी के पुत्र मनोज चौधरी उम्र 35 वर्ष की गोली मार कर हत्या कर दी।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि बीती रात मनोज चौधरी घर के नजदीक परिवार के यहाँ पार्टी में गया था।वहा मनोज का किसी बात को लेकर अजय चौधरी से झगड़ा हो गया।इसी बीच गोली की आवाज सुनाई दी सभी परिवार गोली की आवाज सुन कर घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा की अजय ने मनोज को गोली मार कर घायल कर दिया है। इसके बाद परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।

# अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सौरभ चौबे

### अवैध विदेशी शराब व बीयर का जखीरा बरामद, एक गिरफ्तार




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दुलसुलामा गांव में छापामारी कर एक घर से अवैध विदेशी शराब और बीयर का जखीरा बरामद किया है. पुलिस ने शराब के अवैध कारोबारी एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है. विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के दुसुलमा गांव में सुमारू साह के घर गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई. छापेमारी में दौरान घर से 49 पिस 650 एमएल किंगफिशर कंपनी की बियर बोतल और 51 पीस 180 एमएल इंपिरियल ब्लू विदेशी शराब की बोतल बरामद किया गया. अवैध कारोबार में शामिल सुमारू साह को गिरफ्तार भी कर लिया गया. उन्होंने बताया कि कांड संख्या 12/24 धारा -272/273 पीसी और 47( ) के जहर मामला दर्ज कर अग्रिम करवाई की जा रही है. थाना प्रभारी श्री चौबे ने कहा कि अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा. विश्रामपुर थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध कारोबार पनपने नहीं दिया जायेगा. छापेमारी अभियान में कई और पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# 26 लाख के नशीले टैबलेट, सिरप और गांजा के साथ दंपति गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गांजा, नशीले टैबलेट एवं प्रतिबंधित सिरप बेचे जाने की गुप्त सूचना पर पलामू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कोर्ट खास गांव से करीब 26 लाख रुपए के गांजा, नशीले टैबलेट एवं प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने विष्णु सिंह (68) एवं उसकी पत्नी फुलेश्वरी देवी (64) को गिरफ्तार किया गया है। छापामारी गिरफ्तार दंपति के घर कोर्ट खास गांव में की गई, जहां से भारी मात्रा में नशीले टैबलेट, एवं सिरप बरामद किया किया। चार किलो गांजा भी बरामद किया गया। इसके अलावा छोटा तराजू, बुटखारा और 15350 रुपए बरामद किए गए।एसपी रीशमा रमेशन ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि आरोपी विष्णु सिंह के खिलाफ लेस्लीगंज थाने में दो मामले दर्ज हैं। उसका पुत्र एनडीपीएस केस में फिलहाल जेल में है। इसका पुत्र उपरोक्त गोरख धंधे में शामिल रहा है और उसके जेल जाने पर उसके मां और पिता ने उसके काले कारोबार को बढ़ा रखा था।

# पांकी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धूमधाम से मनाई गई होली



### गिले-शिकवे भूलकर लोगों ने एक-दूसरे को लगाया रंग-गुलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के विभिन्न गांवो में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया होली पर्व। गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को रंग लगाकर और पकवान खिलाकर मनाया जाने वाला होली का त्योहार पांकी प्रखंड में शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। 26 मार्च को मनाए जाने वाली होली के त्योहार में होली के दिन सुबह होते ही बच्चे हाथ में पिचकारी और रंग लेकर आने-जाने वाले लोगों पर लगाते हुए देखे गए और खासियत यह थी कि अगला बुरा नहीं माने इसलिए उसे इशारे ही इशारे में रंग लगाने या उस पर रंग डालने से पहले जोर से चिल्ला कर कह दिया करते थे कि बुरा न मानो होली है,रंग लगाने के लिए दौड़ा-दौड़ा कर होली के रंग लगाते नजर आए। रंग दोपहर 2 बजे तक खेला गया, इसके के बाद 1 घंटे के दरमियान स्नान होने के बाद फिर से पकवान खा कर पुनः लोग अपने से बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने और अपने से छोटों को आशीर्वाद देने के लिए टोली बनाकर निकल पड़े, टोली थी अबीर वाली, इस टोली में क्या बुजुर्ग क्या युवा और क्या बच्चे क्या महिला या पुरुष सभी उत्साह में सारे गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को अबीर लगाकर आशीर्वाद मांगते, आशीर्वाद देते हुए देखे गए।

# हलवाई समाज ने किया भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल बेलवा टिका में श्री कन्य कुब्ज वैश्य मोदनवाल हलवाई का होली मिलन समारोह भव्य तरीके से मनाया गया जिसका अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया इसमें पूरे पलामू जिला से हलवाई परिवार के लोग उपस्थित रहे और सभी ने होली के रंग में खूब झूमा विशेष कर महिलाओं की संख्या अधिक थी छोटे-छोटे बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुति दिया गया, बच्चियों के द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई एवं संस्कृत गाने एवं भजन पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं श्री पूज्यपद महर्षि मोदनसेन जी महाराज जी के प्रतिमा के समक्ष सामूहिक आरती महिलाओं के द्वारा किया गया अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पूरे समाज को संबोधन किया एवं उनका स्वागत किया इस वर्ष होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से हमारे हलवाई समाज के ही मद्धेशिया हलवाई समाज से प्रतिनिधित्व करते हुए पांच सदस्य की कमेटी को आमंत्रित किया गया उसके प्रभात गुप्ता उर्फ पिंटू जी जिला अध्यक्ष, मनोहर कुमार लाली जिला महामंत्री, सूर्य नारायण सूरज सह जिला कोष्याध्यक्ष, महिंद्र सर प्रवक्ता,अनिल कुमार युवा महामंत्री, विकास कुमार युवा कोषाध्यक्ष सभी को स्वागत शॉल देकर एवं अबीर गुलाल लगाकर किया गया आज सभी ने मद्धेशिया और मोदनवाल हवाई मिलकर एकता का परिचय दिया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के युवाओं ने अहम भूमिका निभाई हलवाई समाज के प्रवक्ता शुभम प्रसाद ने बताया कि होली मिलन समारोह सभी परिवारों से एक साथ मिलने का बहुत ही अच्छा अवसर मिलता है जिसमें सब एक दूसरे से मिलते हैं और इस पर्व को बहुत ही

### यादव कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर ने थाने में दिया आवेदन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत अंतर्गत चंकार कस्तूरी गांव के मेजराइन बड़का आहर का जीर्णोद्धार कार्य एमएस यादव कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा था। 20 मार्च को दोपहर 3 बजे चंकार कस्तूरी गांव के बिमल कुमार सिंह, अमरेंद्र सिंह, नीतीश सिंह, राघवेंद्र सिंह व प्रवीण सिंह समेत अन्य अज्ञात लोग कार्यस्थल पर पहुंच कर जबरन कार्य को बंद करवा दिया। साथ ही पानी निकास के लिए बने पुलिया की दीवार को तोड़ भी दिया। यादव कंस्ट्रक्शन के पार्टनर हुसैनाबाद के पुरंदर बिगहा निवासी ओम प्रकाश सिंह घटना स्थल पर मौजूद थे। उनके साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। पिस्तौल लहराते हुए एक लाख रुपया देकर कार्य शुरू करने की धमकी दी गई।

## पेज एक के शेष

### गत चार दिनों में हुई दो...

पहुंचने के प्रयासों में जुटी है। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मालूम हो कि रविवार की सुबह चैनपुर थाना क्षेत्र के ही शाहपुर सेमरटांड कोयल नदी में दो युवकों राजेश कुमार एवं सुजीत भुइयां उर्फ बौधा पर हमला किया गया था। राजेश को घटनास्थल पर ही तेज धारदार हथियार से मार डाला गया था, जबकि सुजीत को मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली में हत्या कर दी गई थी।

**किस जिले में क्या घटना-दुर्घटना हुई**

- पलामू जिले में होली की खुशियां मातम में बदल गयी। 25 मार्च को होली के दौरान नदी में नहाने के क्रम में दो बच्चियों की डूब कर मौत हो गयी।
- लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र के रानीगंज साप्ताहिक बाजार में 25 मार्च की शाम आंधी बारिश से बाजार शेड के ऊपर विशालकाय पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी।
- जमशेदपुर जिले के गालूडीह थाना क्षेत्र स्थित गालूडीह-नरसिंहपुर सड़क के गुडरुबासा टर्निंग के पास 25 मार्च को सड़क हादसा हुआ, इसमें एक युवक की मौत हो गयी।
- साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में 25 मार्च को होली के रंग में भंग पड़ गया। मंगलहाट मलाहीटोला निवासी पांडव मंडल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी।
- पलामू जिले में 25 मार्च की रात एनएच-75 पर तेज रफ्तार से आ रही दो बाइक की आपस में टक्कर हो गयी। इस टक्कर में दोनों बाइक सवारों की मौत हो गयी।
- रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र स्थित वनांचल कोनकास्ट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में होली की देर रात (25 मार्च ) मजदूरों के दो गुटों के बीच लड़ाई हो गयी, जिसमें एक मजदूर की मौत हो गयी।
- पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर गांव में 26 मार्च की देर रात एक भाई ने अपने चचरे भाई की गोली मारने के बाद गला रेत कर हत्या कर दी।
- गुमला जिले में एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर 26 मार्च की रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी।
- गोड्डा जिले भगैया गांव में 26 मार्च को होली खेलने के बाद स्नान करने गए दो युवकों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।
- चाईबासा में होली (25 मार्च) के दिन डीजे बॉक्स के गिरने से छह साल के बच्चे की दबकर मौत हो गयी।
- सिमडेगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के पिथरा पंचायत के अलग-अलग टोलियों में 26 मार्च को लोग होली की तैयारी में जुटे थे। उसी समय एक जंगली सूअर ने हमला कर एक व्यक्ति की जान ले ली।
- गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र के परसा गांव में एक कुएं से 26 मार्च को एक युवती की लाश मिली। जिसकी पहचान खुशबू कुमारी के रूप में हुई है।

### गुजरात में है देश का...

मतदान के लिए पूरी व्यवस्था देखेंगे। खस्ताहाल रास्ते के बीच गिर के जंगल में स्थित बाणेज में जिला निर्वाचन आयोग ने मंदिर के समीप ही वन विभाग के क्वार्टर में मतदान केन्द्र बनाया है। इस मतदान केन्द्र की व्यवस्था संभालने के लिए 1 पीठासीन अधिकारी, 2 पोलिंग एजेंट, 1 चपरासी, 2 पुलिसकर्मी और 1 सीआरपीएफ जवान और एक अन्य सहायक स्टाफ मिलाकर 15 से अधिक व्यक्तियों को मतदान व्यवस्था के लिए नियुक्त किया है। देश में एक मतदाता वाला यह इकलौता मतदान केन्द्र हैं, जहां सिर्फ मंदिर का एक पुजारी ही वोट डालता है। महंत के वोट डालने के साथ ही यहां शत-प्रतिशत मतदान सम्पन्न हो जाता है।

### चिपुरभट्टी मुठभेड़ में डिप्टी ...

थाना क्षेत्र के चिपुरभट्टी इलाके में नक्सलियों का जमावड़ा है। इस सूचना के बाद कोबरा 210, 205 सीआरपीएफ 229 बटालियन व डीआरजी के जवानों की सयुंक्त टीम को रवाना किया गया था। जहां पर जवानों का सामना नक्सलियों के प्लाटून नंबर 10 के साथ हुआ। इस मुठभेड़ में दो महिला नक्सली व चार पुरुष नक्सली सहित कुल छह नक्सलियों के शव के साथ हथियार भी बरामद हुए हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट से ...

बाधित करने के लिए कुछ करते हैं, तो आप लोकतंत्र के दिल पर चोट करते हैं। सवाल गिरफ्तारी के समय का है। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अभी रिहा कर दें क्योंकि मेरी गिरफ्तारी की बुनियाद ही गलत है, यही मेरी अंतरिम प्रार्थना है। दिल्ली हाई कोर्ट की जज स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि वह मुख्यमंत्री की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी करेगी। कोर्ट ने कहा कि यदि केजरीवाल अंतरिम राहत मांग रहे हैं, तो उस पर विचार किया जा सकता है। ईडी की ओर से एसवी राजू ने इसका विरोध किया और कहा कि हम इस पर अपना जवाब देना चाहते हैं, इसके लिए हमें थोड़ा समय चाहिए। फैसले में न्यायालय ने ईडी से दो अप्रैल तक जवाब मांगा है। इधर दिल्ली हाईकोर्ट में बीते शुक्रवार (22 मार्च) को एक जनहित याचिका दायर कर अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गई थी। जिस पर गुरुवार 28 मार्च को सुनवाई होगी। यह याचिका सुरजीत सिंह यादव नामक व्यक्ति ने दायर की है। चर्चा है कि वह एक पार्टी विशेष के शह पर यह दायर किया है, लेकिन अपने को सामाजिक कार्यकर्ता होने का दावा कर रहा है। उसका तर्क है कि वित्तीय घोटाले के आरोपी मुख्यमंत्री को सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसी मुद्दे पर दिल्ली में एक टीवी चैनल के समिट में दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा- 'मैं लोगों को भरोसा देता हूं कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी।'

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### यूक्रेन के विदेश मंत्री गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा 28 मार्च को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। वह विदेश मंत्री के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री कुलेबा के कई कार्यक्रम होंगे। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए विदेश मंत्री और उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) के साथ आधिकारिक बैठकें शामिल होंगी। उनसे व्यापारिक समुदाय के साथ बातचीत करने की भी उम्मीद है।

### कर्नाटक लोकायुक्त की 58 जगहों पर रेड

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त टीम ने कर्नाटक में आय से अधिक संपत्ति मामले में बुधवार को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ राज्य भर में 58 जगहों पर एक साथ छापेमारी अभियान चलाया। सूत्रों के मुताबिक, 13 एसपी, 12 डिप्टी एसपी और 25 पुलिस इंस्पेक्टर समेत 130 से ज्यादा अधिकारियों की टीम छापेमारी में शामिल है। यह छापेमारी बेंगलुरु, बीदर, रामनगर, उत्तर कन्नड़ और कलबुर्गी जिलों में हो रही है। अधिकारियों ने बेंगलुरु में बीबीएमपी के मुख्य अभियंता के स्वामित्व वाली संपत्तियों पर भी पांच जगह छापेमारी की। कलबुर्गी में जल संसाधन विभाग से जुड़े एक कार्यकारी अभियंता के आवास और संपत्तियों के साथ-साथ बीदर में तीन स्थानों पर भी छापेमारी की जा रही है। रामनगर जिले में एक पंचायत विकास अधिकारी (पीडीओ) के आवास पर भी छापा मारा गया।

### रूस की जेल में एक साल बंद अमेरिकी पत्रकार की गिरफ्तारी की अवधि बढ़ाई

**मॉस्को।** मॉस्को की एक अदालत ने एक साल पहले गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार इवान गर्शकोविच को कम से कम 30 जून तक जेल में रखने का आदेश दिया। उन्हें जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अदालत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका के 32 वर्षीय नागरिक को रिपोर्टिंग के सिलसिले में की गई यात्रा के दौरान साल 2023 में मार्च के आखिर में गिरफ्तार किया गया था। वह लगभग एक साल से जेल में हैं और अब अदालत ने 30 जून तक उनकी गिरफ्तारी की अवधि बढ़ा दी है। गर्शकोविच और उनके नियोक्ता ने आरोपों को खारिज कर दिया।

### महाविकास आघाड़ी में सीटों के बंटवारे का विवाद खुलकर सामने आया

# वंचित बहुजन आघाड़ी हुआ अलग

#### वंचित बहुजन आघाड़ी ने लोकसभा चुनाव के लिए 9 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की



**एजेंसी। मुंबई**

लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर महाविकास आघाड़ी में मतभेद बढ़ गया है। शिवसेना के ठाकरे गुट और वंचित बहुजन आघाड़ी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अलग-अलग उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी, जिससे सीटों के बंटवारे का विवाद खुलकर सामने आ गया है। शिवसेना के ठाकरे समूह ने बुधवार को सुबह 17 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची की घोषणा की। इसके बाद वंचित बहुजन अघाड़ी ने राज्य में लोकसभा के लिए 9 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करके लोकसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने की घोषणा की है। वंचित के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर खुद अकोला से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वंचित बहुजन अघाड़ी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर बीती रात मराठा नेता मनोज जारांगे से मिले थे। साथ ही राज्य में ओबीसी बहुजन पार्टी के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

इस बीच शिवसेना की ओर से अलग सूची जारी करने का महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दल कांग्रेस और शरद पवार की राकांपा पर भी असर पड़ा है। कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने शिवसेना की सूची पर ऐतराज जताते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) ने दागी उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी नेतृत्व को इस पर ध्यान देना चाहिए। कांग्रेस विधायक दल के नेता बाला साहेब थोरात ने कहा कि आघाड़ी में सांगली और मुंबई के बारे में अभी चर्चा हो रही थी, इसी दौरान शिवसेना ने इन सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए। राकांपा उत्तर पूर्व संसदीय सीट पर अपना उम्मीदवार उतारना चाहती थी लेकिन शिवसेना (यूबीटी) ने इस सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इससे शरद पवार की राकांपा में तीव्र नाराजगी फैल गई है।



### पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को परिचय पत्र प्रस्तुत किये

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को फिलीपींस, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, केन्या और जॉर्जिया के राजदूतों व उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को इग्नासियो, उज्बेकिस्तान के राजदूत सरदार रुस्तम्बेव, बेलारूस के राजदूत मिखाइल कास्को, केन्या के उच्चायुक्त पीटर मैना मुनीरी और जॉर्जिया के राजदूत वख्तंग जोशविली शामिल थे।

### 'आप' के एकलौते लोस सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में हुए शामिल



**एजेसी। नई दिल्ली**

आप के एकलौते लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा नेता विनोद तावड़े ने रिंकू को भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई। सुशील के साथ ही जालंधर ईस्ट से आम आदमी पार्टी के विधायक शीतल अंगूराल भी बीजेपी में शामिल हुए। रिंकू ने कहा कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चुनाव में जो विकास के वादे उन्होंने किए थे, उन्हें पूरा करने में पंजाब सरकार ने सहयोग नहीं किया। इस दौरान पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी मौजूद रहे। सुशील कुमार रिंकू 'आप' के एकमात्र लोकसभा सांसद हैं, ऐसे में इसे आम आदमी पार्टी के लिए यह एक बड़ा झटका माना जा रहा है। सुशील कुमार रिंकू ने ऐसे समय में बीजेपी ज्वाइन की है जब 'आप' ने जालंधर से उन्हें टिकट देने की घोषणा कर दी थी। सांसद रिंकू व विधायक शीतल अंगूराल दोनों ही बुधवार को दिल्ली स्थिति बीजेपी मुख्यालय पर मौजूद रहे। सुशील कुमार रिंकू पहले कांग्रेस में भी रह चुके हैं। सांसद बनने से पहले वह जालंधर पश्चिम सीट से विधानसभा चुनाव भी जीत चुके हैं।

## केजरीवाल मामले पर अमेरिका की टिप्पणी को लेकर राजनयिक को किया तलब

**एजेसी। नई दिल्ली**

शराब घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर अमेरिका की टिप्पणी के मामले में भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। भारत ने इसे आंतरिक मामला बताते हुए इसका सम्मान करने की बात कही है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बबेर्ना को भी तलब किया। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा, "हम भारत में कुछ कानूनी कार्रवाईयों के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "कूटनीति में राज्यों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। साथ ही लोकतंत्र के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक हो जाती है। अन्यथा इससे एक गलत मिसाल कायम हो सकती है।" इसके अलावा इसमें कहा गया कि भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आरोप लगाना अनुचित है। बता दें कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा था कि हम भारत के मुख्य विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी और कार्रवाई पर निष्पक्ष जांच की उम्मीद करते हैं। इससे पहले जर्मनी ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर प्रतिक्रिया दी थी। इसके बाद भारत ने जर्मनी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और आम आदमी पार्टी नेता पर की गई बयानबाजी का कड़ा विरोध जताया था। जिसे उसने देश के आंतरिक मामले में घोर हस्तक्षेप बताया था।

### 'शराब घोटाले' के पैसे के लेनदेन का खुलासा आज कोर्ट में करेंगे : सुनीता



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनके पति कल अदालत में खुलासा करेंगे कि कथित शराब घोटाले का पैसा कहां है। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दावा किया कि ईडी द्वारा की गई कई छापेमारी में कोई पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने दिल्ली के कई मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी की है लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं मिला। पैसा कहां है? अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह 28 मार्च को अदालत में इसके बारे में खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कल जेल में अरविंद केजरीवाल से मिली थीं। उन्हें मधुमेह है। हालांकि उन्हें दृढ़ संकल्प के कारण चिंता की कोई बात नहीं है। जेल से सरकारी आदेश जारी करने पर केंद्र की आपत्ति का जिक्र करते हुए पत्नी सुनीता ने कहा कि दो दिन पहले, मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को पानी और सीवर से संबंधित मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने क्या गलत किया, जो केंद्र ने इसके लिए भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मामला दायर किया है। क्या वे दिल्ली को खत्म करना चाहते हैं।

### चौधरी लाल सिंह ने कठुआ-उधमपुर लोस सीट से भरा पर्चा

**जम्मू।** कांग्रेस पार्टी से चौधरी लाल सिंह ने बुधवार को कठुआ-उधमपुर लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल किया। पहले चरण के चुनाव के लिए बुधवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन है। चौधरी लाल सिंह बुधवार को अपने समर्थकों के साथ कठुआ स्थित निर्वाचन कार्यालय नामांकन दाखिल करने पहुंचे। बता दें कि चौधरी लाल सिंह ने हाल ही में कांग्रेस का दामन थामा है। वो मूल रूप से कठुआ जिले से ही हैं। वह बीजेपी के जितेंद्र सिंह के विरोध में चुनावी मैदान में हैं, जो कि तीसरी बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस लोकसभा सीट पर आठ उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं, जिसमें डॉ जीतेंद्र सिंह और चौधरी लाल सिंह भी शामिल हैं। इस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को चुनाव होना है।

## जयशंकर ने मलेशियाई समकक्ष के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से की चर्चा

**एजेंसी। कुआलालंपुर**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। दोनों ही नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ अंतरराष्ट्रीय विषयों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। सिंगापुर और फिलीपिंस की यात्रा को समाप्त करने के बाद मलेशिया पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलेशिया-भारत द्विपक्षीय मामलों के बहुआयामी आयाम पर अपने विचार साझा किए। मलेशियाई विदेश मंत्री ने कहा, दोनों नेताओं के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस बीच दोनों नेताओं ने घरेलू सहित अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। दिसंबर 2023 में हसन के पदभार संभालने के बाद अपनी पहली बैठक में दोनों नेताओं ने उच्च स्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक रूप से सहमत तिथि पर मलेशिया और भारत की सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक बुलाने पर भी चर्चा की। नवंबर 2023 में, तत्कालीन मलेशियाई विदेश मंत्री, जाम्ब्री अब्दुल कादिर ने नई दिल्ली में छठी भारत-मलेशिया संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए भारत की आधिकारिक यात्रा की थी। डॉ. जयशंकर का प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम से शिष्टाचार मुलाकात करने और डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है।

### देश के सैन्य कमांडरों का सम्मेलन आज हाइब्रिड मोड में शुरू होगा

**नई दिल्ली।** सैन्य कमांडरों का इस साल का पहला सम्मेलन आज हाइब्रिड मोड में शुरू होगा। उसके बाद 01 और 02 अप्रैल को नई दिल्ली में फिजिकल मोड में होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व को संबोधित करने के साथ ही कमांडरों से बातचीत भी करेंगे। इस सम्मेलन में सैन्य कमांडर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन करेंगे। सम्मेलन में देश की समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ चुनौतियों का आकलन किया जायेगा।

## उत्तराखंड में पीएम मोदी समेत 40 स्टार प्रचारक करेंगे चुनावी सभा

**एजेंसी। देहरादून**



उत्तराखंड में 19 अप्रैल को होने वाले 5 लोकसभा सीटों के चुनाव के लिए बीजेपी ने बुधवार को अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है। उत्तराखंड बीजेपी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए प्रांतीय कमेटी के प्रस्ताव पर हाई कमान ने राज्य में 40 स्टार प्रचारकों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मोदी और जेपी नड्डा सहित कई वरिष्ठ नेता चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्थान का भी नाम सूची में है। इसके अलावा यहां प्रचार करने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी भी आएंगे।

### बाल्टीमोर हादसे में लापता छह को मृत मान लिया गया, तलाशी अभियान समाप्त

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज (पुल) से एक मालवाहक जहाज टकरा गया। इसके बाद पलक झपकते ही यह ब्रिज ढह गया। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गईं। इस दौरान लापता छह लोगों की नदी में तलाश की गई। कोई पता न चलने पर आखिरकार उन्हें मृत मान लिया गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने लापता छह लोगों की तलाश को समाप्त करने की घोषणा की है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब इस बात की कम ही उम्मीदें हैं कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक ने हादसे से पहले मदद भी मांगी थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया होगा, जिस वजह से यह हादसा हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक भयानक दुर्घटना है। हमारी प्रार्थनाएं इस हादसे में शामिल सभी लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद बाल्टीमोर बंदरगाह में जहाज यातायात को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है।

## भारत-अमेरिकी सेनाओं के बीच 'टाइगर ट्राइंफ' अभ्यास का समुद्री चरण शुरू

#### विशाखापट्टनम में खत्म हुए हार्बर चरण में हुईं विशेषज्ञों के साथ पेशेवर चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत और अमेरिका के बीच तीनों सेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास 'टाइगर ट्राइंफ' का समुद्री चरण शुरू हो गया है। इसके तहत दोनों देशों की नौसेनाएं संयुक्त कमान, नियंत्रण केंद्र, संयुक्त राहत और चिकित्सा शिविर स्थापित करेंगी। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी को दशार्ता है। भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना के बीच 'टाइगर ट्राइंफ' का उद्घाटन 19 मार्च को आईएनएस जलाश्व पर हुआ था। अभ्यास का हार्बर चरण 18 से 25 मार्च तक विशाखापट्टनम में आयोजित किया गया। बंदरगाह चरण के दौरान विशेषज्ञों के साथ पेशेवर चर्चाओं में विभिन्न कार्यों की योजना और निष्पादन प्रक्रियाओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच सौहार्द्र बढ़ाने के लिए खेल कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान दोनों देशों की सेनाओं के बीच त्वरित और सुचारू समन्वय सक्षम बनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के बारे में भी चर्चा हुई। समुद्री चरण का अभ्यास 26 मार्च से शुरू हुआ है, जो 31 मार्च तक चलेगा। समुद्री अभ्यास में अमेरिकी नौसेना का यूएस नेवी लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक शामिल होगा, जिसमें इसके इंटेग्रल लैंडिंग क्राफ्ट एयर कुशन और हेलीकॉप्टर, एक विध्वंसक, समुद्री टोही और मीडियम लिफ्ट एयरक्राफ्ट और यूएस मरीन भी शामिल होंगे। अभ्यास में भारतीय नौसेना का एक लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक, लैंडिंग शिप टैंक (विशाल) भाग लेगा, जिनमें उनके इंटेग्रल लैंडिंग क्राफ्ट और हेलीकॉप्टर, गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट और लंबी दूरी के समुद्री टोही विमान हैं। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व मशीनीकृत बलों सहित इन्फेंट्री बटालियन ग्रुप करेगा। भारतीय वायु सेना मीडियम लिफ्ट एयरक्राफ्ट, ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर और एक रैपिड एक्शन मेडिकल टीम (आरएएमटी) तैनात करेगी। इसके अलावा तीनों सेनाओं के विशेष कार्रवाई बल भी अभ्यास में भाग लेंगे।

### फिल्म जगत

#### स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने देश भर में कमाए 9.28 करोड़ रुपये, 5वें दिन आई गिरावट




**फिल्म** स्वातंत्र्य वीर सावरकर को रिलीज हुए पांच दिन हो गए हैं। यह फिल्म 22 मार्च को दो भाषाओं हिंदी और मराठी में रिलीज हुई। वीकेंड और होली की छुट्टी पर रोजाना दो करोड़ से ज्यादा की कमाई करने वाली इस फिल्म का कलेक्शन मंगलवार को काफी कम रहा है। सैकनिलक की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने पहले दिन यानी शुक्रवार को 1.05 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 2.25 करोड़ रुपये और तीसरे दिन यानी रविवार को 2.7 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने सोमवार को चौथे दिन 2.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। 5वें दिन फिल्म की कमाई में भारी गिरावट आई। मंगलवार को फिल्म का कलेक्शन 1.10 करोड़ रुपये रहा। पांच दिनों में फिल्म ने देशभर में 9.28 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फिल्म स्वातंत्र्य वीर सावरकर का निर्देशन रणदीप हुडा ने किया है और उन्होंने मुख्य भूमिका भी निभाई है। इसके साथ ही फिल्म में अंकिता लोखंडे और अमित स्याल भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में वीर सावरकर के निजी जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भागीदारी और यात्रा को दिखाया गया है।